फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 327 प्रभात जयपुर, शनिवार 2 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



From passion to resigned acceptance

"Kaushalya, touch me, I cannot see you. My eyes which followed Rama have not yet returned to me." Kaushalya sat beside the grieving king and wept softly.

Tips for Travelling with Toddlers

Thar: a saga of crime & retribution



*टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मैडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने स्टॉकहोम में खेले गये डायमण्ड लीग में अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस गेम में 89.94 मीटर का जैवलिन थ्रो किया और मात्र 6 सैंटीमीटर के फासले से 90 मीटर का मार्क हासिल करने से चूक गये। तथापि, उन्होंने एक ही महीने में दूसरी बार नैशनल रिकॉर्ड तोड़ा है। डायमण्ड लीग गेम में ओलंपिक चैंम्पियन नीरज चोपड़ा वर्ल्ड चैंम्पियन एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे और उन्होंने सिल्वर मैडल हासिल किया है। उनके प्रतिद्वंदी एंडरसन पीटर्स ने जैवलिन थ्रो में 90 मीटर का मार्क हासिल किया और टूर्नामैंट के गोल्ड मैडलिस्ट बने। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने गत 14 जून 2022 को पावो नूरमी गेम्स (फिनलैण्ड) में 89.30 मीटर के साथ अपना ही नैशनल रिकॉर्ड तोड़ा था। नीरज चोपड़ा भले ही 90 मीटर थ्रो करने से चूक गए हों, लेकिन राष्ट्रीय रिकॉर्ड के अलावा वे स्टॉकहोम के नतीजे से प्रसन्न होंगे, क्योंकि यह पहली बार है, जब वे इस प्रतिष्ठित डायमण्ड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष-3 में रहने में सफल रहे। 90 मीटर का मार्क चूक जाने के बाद नीरज चोपड़ा ने कहा, ''अब मेरा अगला टारगैट 90 मीटर का मार्क हासिल करना है, मैं इसके बेहद करीब हूं और इसी साल मैं इस टारगैट को हासिल कर लूंगा।''*

# ''रियल'' शिव सेना कौन है: यह संघर्ष अब सैन्टर स्टेज पर रहेगा!

## शिन्दे ने एम.एन.एस. के अध्यक्ष राज ठाकरे को नयी सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में जॉइन करने का ऑफर दिया है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 1 जुलाई। वर्ष 1966 में शिवसेना की स्थापना करने वाले बाला साहेब ठाकरे की विरासत किसके पास जाएगी?

क्या बाला साहेब के पुत्र के विरूद्ध विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महाराष्ट्र के नए मुख्यमूंत्री एकनाथ शिंदे इसे संभालेंगे ? या फिर जिन्हें बाला साहेब ने अपना उत्तराधिकारी चुना था, यानी कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ? इन दोनों में से कौन-इस पार्टी की विरासत संभालेगा?

इन प्रश्नों के उत्तर आज सहज उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन-दोनों पक्षों के दावों और प्रतिदावों का अंतिम परिणाम महाराष्ट्र की राजनीति के भविष्य का मार्ग तय करेगा।

यद्यपि, विद्रोही शिंदे गुट और पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे के नेतृत्व वाली अधिकारिक शिवसेना के दावों और प्रतिदावों का की सच्चाई चुनाव आयोग और अदालत को तय करनी है, फिर भी दोनों प्रतिद्वंद्वी पक्षों ने स्थिति अपने-अपने पक्ष में करने के लिए गतिविधियां शुरू कर दी हैं।

- **जानकार सूत्रों का कहना है कि, प्र.मंत्री मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया है कि, वे हर संभव प्रयास करेंगे कि, शिन्दे को ही शिव सेना का सिंहासन मिले।**
- **हालांकि, शिन्दे को शिव सेना विधायकों का लगभग पूर्ण समर्थन मिला है, परन्तु फिर भी यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि उद्धव ठाकरे का केस भी काफी मजबूत है, क्योंकि उद्धव ठाकरे का शिव सेना के संगठन पर पूरा कब्जा है।**
- **चार महीने बाद बी.एम.सी. के चुनाव होंगे तथा भाजपा बी.एम.सी. को शिव सेना के कब्जे से मुक्त कराकर उस पर अपना अधिपत्य जमाना चाहती है। भाजपा का मानना है, जब तक बी.एम.सी. को उद्धव ठाकरे के कब्जे से मुक्त नहीं करा लेती, तब तक मुम्बई पर उसकी पकड़ कमजोर ही रहेगी।**

सूत्रों ने बताया कि, नए मुख्यमंत्री शिंदे ने आज उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई एवं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एम.एन.एस.) प्रमुख राज ठाकरे से सम्पर्क कर उनसे पूछा कि क्या वे अपनी पार्टी को सरकार में शामिल करना चाहेंगे। शिंदे ने उनके विधायक को कैबिनेट मंत्री का पद भी ऑफर किया। शिंदे जनमानस में यह बात डालना चाहते हैं कि एक ठाकरे उनके साथ हैं।

दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि, मुख्यमंत्री शिंदे शिवसेना मुख्यमंत्री नहीं हैं, क्योंकि शिवसेना नहीं है तो शिवसेना का सी.एम. नहीं हो सकता। शिवसेना प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे, सरकार के गठन के तरीके पर टिप्पणी कर रहे थे।

ठाकरे ने कहा, ''जिस तरीके से सरकार का गठन किया गया है और एक कथित शिवसेना कार्यकर्ता (एकनाथ शिंदे) को मुख्यमंत्री बनाया गया है, मैंने यही बात अमित शाह को कही थी। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनावों के बाद सम्मानजनक तरीके से ऐसा किया जा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# छोटी पार्टियों को उनकी विधायक संख्या के अनुपात से ज्यादा महत्व क्यों मिलता है?

## महाराष्ट्र में शिन्दे का मु.मंत्री बनना भी इस चलन का नवीनतम उदाहरण है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 1 जुलाई। महाराष्ट्र ने एक ऐसे राजनीतिक ट्रैण्ड को दर्शाया है जो यदा-कदा सामने आता रहा है। छोटी पार्टियों को एक गठबंधन सरकार में उनकी विधायक संख्या के अनुपात से ज्यादा सत्ता प्राप्त होना।

एकनाथ शिंदे जहां मुख्यमंत्री बन चुके हैं, वहीं गठबंधन सरकार के दीर्घकालीन स्थायित्व और शिवसेना के शिंदे धड़े के भविष्य को लेकर भी प्रश्न चिन्ह हैं। पुराने ट्रैण्ड्स दर्शाते हैं कि, भाजपा ने अपने गठबंधन सहयोगियों की कीमत पर ही अन्ततः बढ़त हासिल की है। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ दशकों से, ''कम महत्वपूर्ण'' द्वारा ''अति महत्वपूर्ण'' को नियंत्रित करने की प्रवृत्ति एक वास्तविक पुनरावृत्ति बनती आयी है, लेकिन इनमें से अधिकांश प्रयोग विफल रहे हैं।

वर्ष 1995 में मायावती भाजपा और जनता दल के बाहरी सहयोग से मुख्यमंत्री बनी थीं। तब भाजपा की 177 सीटें थीं और बसपा की 67 सीटें थीं। भाजपा के समर्थन वापस लेने के कारण यह सरकार चार माह बाद गिर गई थी। वर्ष 1997 में मायावती भाजपा के समर्थन से एक बार फिर मुख्यमंत्री बनीं। तब भाजपा की 174 और बसपा की 67 सीटें थी। हालांकि बसपा चाहती थी-भाजपा उसे बाहर से समर्थन दे, लेकिन भाजपा सरकार शामिल हो गई। इस बार सरकार थोड़ा लम्बा चली,

- **ऐसे कई उदाहरण हैं देश के प्रजातंत्रीय इतिहास में। जैसे 1995 में बसपा नेता मायावती मु.मंत्री बनीं, जबकि उनकी पार्टी के कुल 67 विधायक थे तथा भाजपा के 177 थे।**
- **यह सरकार भाजपा द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद चार महीने में गिर गयी।**
- **इसके बाद 1997 में भाजपा के 174 विधायक जीत कर आये व बसपा के 67, पर, इस बार भाजपा मायावती की सरकार में शामिल हुई, सरकार ज्यादा चली, पर अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पायी।**
- **इसी प्रकार 2015 में बिहार में नीतीश के 71 विधायक आये और आर.जे.डी. के 80, पर नीतीश मु.मंत्री बने। पर गठबंधन सरकार कार्यकाल पूरा नहीं कर पायी, पहले ही गिर गयी।**
- **कुछ ऐसा ही हुआ कर्नाटक में, 2004 के विधानसभा चुनाव के बाद।**
- **छोटी पार्टियां मु.मंत्री बनवा लेती हैं, पर सरकार समय से पूर्व गिर जाती है।**

किन्तु कार्यकाल पूर्ण करने में विफल रही। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में बतौर महागठबन्धन राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) की 80 सीटें थीं और जनता दल, युनाइटेड की 71 सीटें थीं। लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन गए। यह सरकार अपना आधा कार्यकाल ही पूरा कर सकी। वर्ष 2004 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 224 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 79, कांग्रेस को 65 और जे.डी. (एस.) को 58 सीटें मिली थीं। कांग्रेस और जे.डी. (एस.) में गठबन्धन हो गया और धरम सिंह मुख्यमंत्री बने। जब कुमार स्वामी ने सरकार बनाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया तब धरम सिंह सरकार गिर गई।

राष्ट्रीय पार्टियों के क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठबन्धन ने दोनों दिशाओं में काम किया है। कभी यह राष्ट्रीय पार्टियों के पक्ष में गया है तो कभी खिलाफ । उदाहरण के तौर पर असम, महाराष्ट्र और बिहार में यह शुरूआत भाजपा ने की थी, जो कि, एक छोटी पार्टी थी। असम की क्षेत्रीय पार्टी, असम गण परिषद (ए.जी.पी.) को जहां भाजपा ने एक तरह से निगल लिया है, वहीं महाराष्ट्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इसाईयों के खिलाफ हिंसा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जुलाई। यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम (यू.सी.एफ.) ने शुक्रवार को कहा कि, वर्ष 2022 के पाँच महीनों में ईसाईयों पर हिंसा के 207 केस दर्ज हुये हैं तथा यह आँकड़ा दर्शा रहा है कि, वर्ष में प्रतिदिन हिंसा की एक से अधिक घटना हुई है।

फैडरेशन ऑफ कैथलिक असोसिएशन ऑफ आर्चडायोसिस के अध्यक्ष ए.सी. माइकेल ने एक बयान में

- **युनाइटेड क्रिश्चियन फोरम ने कहा कि, गत पांच महीने से हर दिन इसाईयों के खिलाफ एक न एक हिंसा की वारदात होती है।**

कहा कि, 2021 के अंत तक साल-दर-साल के आँकड़े देखे गये तथा सामने आया कि पूरे देश में हिंसा के 505 केस दर्ज हुए हैं। हर पाँच में से एक केस उत्तर प्रदेश में दर्ज हुआ है।

उन्होंने कहा कि, इन घटनाओं में यौन हिंसा, डराना-धमकाना, सामाजिक बहिष्कार, बर्बरता एवं कला-विध्वंस तथा धार्मिक स्थलों का अपवित्रीकरण तथा प्रार्थना-सेवा में अवरोध पैदा करना आदि से जुड़ी घटनाएं शामिल हैं। अधिकांश घटनाओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नूपुर शर्मा उदयपुर के हत्याकाण्ड के लिये जिम्मेवार हैं'

## सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा के बारे में बहुत तीखी टिप्पणियां कीं, सुनवाई के दौरान

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भाजपा की निलम्बित प्रवक्ता नूपुर शर्मा से कहा कि, एक टी.वी. शो में मोहम्मद साहब पर की गई टिप्पणी के लिये वो राष्ट्र से क्षमा याचना करें। न्यायालय ने उन्हें इस सप्ताह के शुरु में हुई हत्या के लिये भी ज़िम्मेदार ठहराया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं जमशेद बी. पर्दीवाला की अवकाशकालीन बैंच ने उन्हें ''पूरे देश में भावनाओं को भड़काने के लिये अकेला ज़िम्मेदार ठहराया'' तथा उनके द्वारा मांगी गई यह राहत देने से इनकार कर दिया कि, उनके (नूपुर के) खिलाफ विभिन्न राज्यों में दायर की गई सभी एफ.आई.आर. एक साथ मिला ली जायें। बैंच की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नूपुर शर्मा की ओर से प्रस्तुत हुये वरिष्ठ वकील मनिन्दर सिंह से कहा, ''नहीं मिस्टर सिंह, अदालत का अन्तःकरण संतुष्ट नहीं है। हमें कानून को तदनुरुप ढाल लेना ही चाहिये।''

सिंह ने कहा कि, नूपुर ने लिखित माफीनामा दिया है, लेकिन न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि, ''उन्होंने अपने शब्द वापस लेने में काफी देर कर दी'' तथा यह भी कहा कि, नूपुर शर्मा ने यह कहकर कि, ''अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो,'' खेद भी सशर्त व्यक्त किया है।

जब वकील ने यह कहा कि, अगर उन्हें एक अदालत से दूसरी अदालत जाते रहना पड़ेगा तो उनके जीवन के लिये खतरा पैदा हो सकता है, तो न्यायमूर्ति कांत, जो अधिकांशतः बैंच की तरफ से ही बोले, ने पलटवार किया: ''खतरा उनके लिये है या सुरक्षा के लिये वो खतरा बन गई हैं? जिस तरह से उन्होंने पूरे देश की भावनाएं भड़काई हैं........।''

अदालत ने दिल्ली पुलिस की प्रतिक्रिया की कड़ी आलोचना की तथा पूछा, ''दिल्ली पुलिस ने क्या किया है? हमारा मुँह मत खुलवाइये।'' न्यायमूर्ति कांत ने नूपुर शर्मा के वरिष्ठ वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि, एक समाचार चैनल पर उनके द्वारा टिप्पणी किये जाने के बाद सबसे पहले दिल्ली पुलिस ने ही एफ.आई.आर. दर्ज की थी। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि, नूपुर शर्मा को न तो गिरफ्तार किया गया था और न उनसे पूछताछ की गई थी।

- **नूपुर शर्मा के वकील ने कहा, नूपुर शर्मा ने माफी मांगी है तथा खेद व्यक्त किया है, पर सुप्रीम कोर्ट इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं दिखा और कहा, ''माफी मांगने में बहुत देरी की तथा खेद भी सशर्त व्यक्त किया।''**

न्यायमूर्ति कांत ने कहा, ''टी.वी. बहस किस विषय से संबंधित थी? केवल एक एजेंडा को प्रचारित-प्रसारित करने के लिये? उन्होंने निर्णयाधीन विषय को चुना ही क्यों था? तो क्या हुआ कि, वो सत्तारूढ़ दल की प्रवक्ता हैं? क्या वे यह सोचती हैं कि उनके पीछे सत्ता खड़ी है तथा वे देश के कानून के सम्मान का ध्यान रखे बिना कोई भी बयान दे सकती हैं?''

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''हमने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शर्म

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 1 जुलाई । कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपूर शर्मा के लिए यह न्यायोचित ही कहा है कि, पूरे देश में भावनाएं भड़काने के लिए एकमात्र वही जिम्मेवार हैं।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक वक्तव्य में कहा कि, शीर्ष अदालत की टिप्पणी पूरे देश की भावनाओं को दर्शाती है और इससे

- **कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा, नूपुर शर्मा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों के कारण भाजपा को अपना सर शर्म से झुका लेना चाहिये।**

सत्तारूढ़ पार्टी को अपना सिर शर्म से झुका लेना चाहिए।

वक्तव्य में कहा गया, ''यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि, भाजपा साम्प्रदायिक भावनाएं भड़काकर लाभ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष की एकता की कल्पना खत्म हुई

## महाराष्ट्र में सत्ता पलटने के घटनाक्रम के बाद, द्रौपदी मुर्मू के वोट इतने अधिक हो गये कि, चुनाव महत्वहीन सा हो गया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जुलाई। अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि द्रौपदी मुर्मू बड़े आराम से राष्ट्रपति चुनाव जीत जायेंगी। आज यह बात स्वयं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार की।

महाराष्ट्र के राजनैतिक परिदृश्य में एकाएक आये इस मोड़ के बाद, भाजपा के पक्ष में आऐ महाराष्ट्र के विधायक और सांसद मुर्मू की जीत में एक अतिरिक्त संख्या बल के रूप में होंगे।

जो भी है, वाजपेयी सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे यशवन्त सिन्हा, जो बाद में भाजपा के कटु आलोचक हो गये थे, को अपनी इज्जत का खयाल करते हुये, राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाना चाहिये। इस समय, अगर वे बहुत बड़े अन्तर से चुनाव हारेंगे तो उनकी वरिष्ठता को देखते हुये, उनकी स्थिति बड़ी दयनीय दिखाई देगी।

अगर यह स्थिति किसी को बिल्कुल साफ दिखाई दी है, तो वो हैं ममता बनर्जी, जिन्होंने आज खुलकर कह दिया कि, मुर्मू के जीतने की बेहतर संभावनाएं हैं। ममता की इस घोषणा पर अधीर चौधरी, जो बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं, ने ऐतराज जताते हुए कहा कि , ''दीदी'' ने यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों की अनुपालना में की है।

- **इस तथ्य पर ऑफिशियल मोहर लगा दी, बंगाल की मु.मंत्री ममता बनर्जी ने, यह कह कर कि, दौपद्री मुर्मू की जीत में अब कुछ संशय नहीं, बल्कि बहुत आसान जीत होगी।**
- **ममता बनर्जी के वक्तव्य से काफी हड़कम्प मच गया है विपक्ष में, क्योंकि यशवन्त सिन्हा का चयन पूरे विपक्ष ने साथ बैठकर किया था तथा इस प्रयास में ममता बनर्जी सबसे आगे थीं, अतः उनका दौपद्री मुर्मू के पक्ष में दिया गया वक्तव्य एक तरह से पीठ में छुरा घुसाना माना जा रहा है।**
- **कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने तो यह तक कहा कि, ममता जी का वक्तव्य प्र.मंत्री मोदी के इशारे पर दिया गया है तथा राष्ट्रपति चुनाव के मुद्दे पर ममता बनर्जी, विपक्ष की एकता के खिलाफ काम कर रही हैं।**

ममता बनर्जी के इस बयान के साथ ही, राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की एकजुट लड़ाई निस्संदेह रूपसे समाप्त मानी जा सकती है। सर्वसम्मति निरर्थक हो गई है। ममता बनर्जी कुछ समय से बड़ा दिलचस्प खेल खेल रही हैं। विपक्ष के बहुत से नेताओं को यह पक्का संदेह था कि ममता बनर्जी, वस्तुतः भाजपा के हित में काम कर रही हैं तथा विपक्षी एकता को बिगाड़ रही हैं।

अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा, ''मुर्मू के पक्ष में यह बात शुरू से ही है। इस समय यह कोई नई खोज नहीं है। उन्होंने (ममता) यह बयान प्रधानमंत्री के इशारे पर दिया है।

बंगाल कांग्रेस के इस दिग्गज नेता ने कहा कि, सभी विपक्षी दलों ने अपने सर्वसम्मत उम्मीदवार का चयन किया है तथा ममता भी उस सर्वसम्मति का हिस्सा थीं। लेकिन, इस समय यह कहना कि वे राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले मतदान को लेकर दुखी थीं, एक प्रकार का विश्वासघात है।

अंदरूनी तौर पर विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को ध्वस्त करने, जैसा कि अधीर चौधरी ने आरोप लगाया है, के अलावा भी, ममता की मजबूरी सुस्पष्ट है। बंगाल में आदिवासी आबादी काफी है तथा जब से वे मैदान में आई हैं, ममता आदिवासी आबादी को अपनी ओर खींचने में लगी हुई हैं।

ममता को सार्वजनिक तौर पर, भाजपा की इस पसंद को गले उतारने में तकलीफ हो ही रही थी। भाजपा के इस चयन पर सभी चकित थे तथा इससे सभी एक प्रकार से निहत्थे हो गये थे। अब भाजपा दलितों और आदिवासियों की आवाज को अपनी आवाज बनाने का दावा कर सकती है।

ममता ने आरोप लगाया कि, भाजपा ने अपने उम्मीदवार के बारे में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हत्यारे हाई सिक्युरिटी जेल में

अजमेर, 1 जुलाई (कासं)। उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में लाया गया है। कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें उदयपुर से अजमेर पहुंचाया गया। अजमेर जेल के अधीक्षक पारस जांगिड़ के अनुसार कन्हैयालाल की हत्या के आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के बाद गुरुवार आधी रात बाद करीब 2.30 बजे

- **कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के आरोपी, रियाज़ व गौस मोहम्मद को कड़ी सुरक्षा के बीच उदयपुर से अजमेर पहुंचाया गया तथा हाई सिक्युरिटी जेल में तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सच्चा गुरु अनुभव है। –स्वामी विवेकानंद

# 'अग्निपथ' सर्वथा उपयोगी योजना है

जो भी योजना केन्द्र व राज्य सरकारें लागू करना चाहती हैं उनकी मंशा सामान्यतया अच्छी ही होती है, क्योंकि कोई भी सरकार जनता की कोपभाजन नहीं बनना चाहती। सत्ता में रहने के लिये वह लोकप्रिय भी रहना ही चाहेगी। कमियाँ रहती हैं तो उसकी क्रियान्विति में। कुछ योजनाएँ तो ऐसी होती हैं जो सतह पर बड़ी मीठी लगती हैं परंतु जिनका दूरगामी परिणाम सुखद नहीं होता। उदाहरण के लिए मुफ्त सेवाएँ और मुफ्त वस्तुएँ देने की योजनाएँ। देश में मुफ्त क्या कुछ पैदा हो सकता है? नहीं। और यदि सरकारें सब कुछ मुफ्त लुटाती रहें तो देश का बजट ही गड़बड़ा जायगा या फिर करदाताओं पर अधिक टेक्स लगेगा। कुल मिला कर व्यापार जगत तो पुनः सामान्य जनता से ही वसूली कर टेक्स का पुनर्भरण करेगा। हम में से प्रत्येक को अपनी-अपनी सेवा, अपने-अपने परिश्रम व उद्यम से ही कुछ पाने का प्रयास करना चाहिये।

हमारे परिश्रम, हमारे उद्यम, हमारी सेवाओं की गुणात्मकता में निरन्तर वृद्धि का भी प्रयास रहना चाहिये। हो यह रहा है कि सामान्य नागरिक की यह भावना बनती चली जा रही है कि कम से कम काम करो और अधिक से अधिक वसूल करो। हमारे सत्ताधारियों ने मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, कई सब्सिडी, मनरेगा कई ऋण और उनकी माफी, मुफ्त नकद राशि जैसी कई योजनाएँ चलाकर भी जनता में आलस्य, कामचोरी, अकर्मण्यता व बेईमानी सिखाये हैं।

विपक्ष ने तो हर योजना को नकारा ही है और यही नहीं घोर हिंसात्मक आंदोलन भी किये हैं और कराये हैं, भले ही उनकी सरकारों में भी ऐसी योजनाएँ बनी हों परंतु लागू न हो पाई हों। इस विरोध का आधार तो केवल स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति का प्रयास है। लेकिन जब कुछ बुद्धिजीवी इसका विरोध करते हैं तो क्या वे योजना का गहराई से अध्ययन करके विरोध करते हैं या मात्र सतही जानकारी और क्षणिक भावावेश के कारण करते हैं। कृषि विधेयक को काला कानून कहने वाले राजनेता व बुद्धिजीवियों की कमी नहीं है, भले ही उन्होंने उसका आद्योपांत अध्ययन न किया हो। यही हाल शिक्षा नीति व अन्य सुधारों का है। इसका प्रमाण यह है कि कोई यह नहीं बताता कि उनमें खराबी क्या है। बस उसे वापिस ले लो का नारा एक-दूसरे को देखकर लगाते रहते हैं।

पहले तो हमें यह समझना होगा कि प्रत्येक योजना पर राजनेता, आलाअधिकारी व संबंधित विभाग के उच्चतम अधिकारी विचार-विमर्श करते हैं। वहाँ कोई सामान्य मज़दूर, कारीगर और मिस्त्री नहीं बैठते। उनका हानि-लाभ, लोकहित या अहित देखा जाता है। सत्ता के वोट बैंक को और जनता की संभावित प्रतिक्रिया को भी ध्यान में रखा जाता है। अग्निपथ योजना में उच्चतम व शीर्ष राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी व सेना के जनरल आदि सहयोगी रहे हैं। विश्व के अन्य देशों की परम्पराओं और रीति-नीति का भी अध्ययन किया जाता है। वहाँ जनता से मज़ाक कहाने वाले शेखचिल्ली और जोकर नहीं बैठे हैं। परंतु जब विरोध ही उद्देश्य हो तो फिर कुछ भी कहा जा सकता है।

केवल एक बात को पकड़ कर बैठ गये कि चार साल बाद क्या होगा? ज़रा सोचिये एक विज्ञापन आता है सेना में भरती का जिसमें चार साल का कोर्स है और उसकी फीस चार लाख रु प्रति वर्ष है। क्या प्रवेश हेतु लोग घर और खेत नहीं बेचेंगे। हाँ, यह कोर्स भर्ती की परीक्षा हेतु है भर्ती की गारंटी हेतु नहीं। छोड़िये सेना को, सिविल सेवाओं की बात करें। वर्षों तक तैयारी, पढ़ाई, अंधाधुंध व्यय होता है। आइ.आइ.टी. व मेडिकल हेतु भी लाखों बच्चे लाखों रुपये खर्च करते हैं। क्या सबका आइ.आइ.टी., आइ.आइ.एम. तथा मेडिकल में प्रवेश हो जाता है? शिक्षक बनने के लिये वर्षों से छात्र तैयारी कर रहे हैं, करते हैं, और सफल नहीं हो पाते। पूर्व सत्ताओं के जमाने से कई वकील, इंजीनियर, डॉक्टर, कई अन्य सुशिक्षित व शिक्षक के पात्र ऑटो चला रहे हैं, मेहनत-मज़दूरी कर रहे हैं, अपने प्रशिक्षण एवं शिक्षण से इतर काम कर रहे हैं। इस योजना में तो शत प्रतिशत चयित अभ्यार्थियों को चार साल गहन प्रशिक्षण एवं अनुशासन में रह कर रोज़गार भी मिलेगा। इन सैन्य प्रशिक्षितों में से सभी सेनाओं एवं उनके अंगों यथा स्थल, जल व नभ सेना में स्थायी नियुक्ति मिलेगी और उसके बाद शेष अर्द्ध सैन्य बल व पुलिस में खपेंगे। चार वर्ष बाद एक प्रशिक्षित सैन्य शक्ति तैयार होगी जो सेना तथा अर्द्ध सैन्य बल के अलावा सिविल सेवाओं के लिये भी सुरक्षित भंडार का काम करेगा। यह योजना सांप्रदायिक हिंसा, पत्थरबाजी, आंतकवाद आदि को जन बल, जन शक्ति बना कर रोक सकेगी। धीरे-धीरे युवा शक्ति गहन सैन्य प्रशिक्षण से सुसज्जित होकर देश की रक्षा हेतु किसी आपात स्थिति हेतु तैयार रहेगी। अमेरिका में ड्राफ्ट योजना प्रचलित रही और हर युवा अपनी शिक्षा के बाद अनिवार्य रूप से सैन्य प्रशिक्षण में रह कर ही आगे अपने भविष्य का निर्माण करता था। इज़रायल में हर युवक व युवती सैन्य प्रशिक्षण से फौलाद हैं, टेक्सी व ट्रेक्टर भी चलाते हैं?

> **युवाओं का जीवन बन रहा है, बिगड़ नहीं रहा। मुक्त गगन उनके स्वागत में खड़ा है, उन्हें खुले मुक्त, स्वच्छंद होकर आकाश में उड़ान भरने दीजिये, अपनी सफलताओं का आलिंगन करने दीजिये। गर्व से कहिये, ''मैं 'अग्निपथ योजना' का समर्थन करता हूँ, अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो, प्रशस्त पुण्य पंथ है बढ़े चलो, बढ़े चलो।''**

हमारे यहाँ हर जगह दादागिरी व पट्टागिरी की परम्परा चल पड़ी है। राजनीति में पीढ़ी दर पीढ़ी पट्टा रहे। नौकरी में परिश्रम न करना पड़े। बस सरकारी नौकरी मिल जाये, उसका पट्टा मिल जाये, फिर काम तभी करें जब कुछ ऊपरी कमाई का जुगाड़ हो। क्या किसी भी निजी उद्योग में स्थायित्व अनिवार्य है? सरकारी पट्टा कितने लोगों को मिल पाता हे। क्या गैर सरकारी नौकरी, व्यवसाय, उद्योग वाले लोग जीते नहीं हैं? फिर ऐसा क्या हुआ कि सारे देश को जलाया गया? बसों, रेलों, थानों व सत्ता पक्ष के राजनेताओं पर आक्रमण किया गया उन्हें जलाया गया, नष्ट किया गया। क्या यही युवा शक्ति है जो सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करेगी? क्या ये कोचिंग सेंटरों और विपक्षी राजनेताओं के बहकावे में आये? क्या इनमें से अधिकांश विपक्ष के कार्यकर्ता नहीं हैं? अगर ये हैं और यदि नहीं भी हैं तो कतई सेना में भर्ती के योग्य नहीं हैं। इनसे शपथ पत्र भरवाया जाना उचित है कि ये हिंसा में लिप्त नहीं थे। और कोई झूठा शपथ पत्र पाया जाय तो इतनी कड़ी सज़ा दी जाय कि नज़ीर बन जाय।

लेखक स्वयं चार वर्ष तक एन.सी.सी. के सघन प्रशिक्षण में रहा है। बटालियन से 'सी' सर्टिफिकेट में प्रथम रहा। सीधे कमीशन के योग्य था परंतु विवाहित हो जाने से नहीं जा सका। क्या इससे जीवन रुक गया? वह डॉक्टर बनना चाहता था, वह भी नहीं हो सका। क्या इससे सारे रास्ते बंद हो गये?

21-23 वर्ष तक यूँ ही मान लीजिये कि शिक्षण-प्रशिक्षण चलता रहा और अंतिम चार वर्ष देश सेवा का गौरव मिला तथा रोज़गार का भी। उसके बाद भी सरकार के अनेक रास्ते खुले हैं और जीवन के अनेक गैर सरकारी दरवाज़ों में प्रवेश हेतु सरकार उन्हें तन, मन, धन से सशक्त बना कर ही मैदान में छोड़ेगी। युवाओं को भ्रमित मत करिये, भ्रमित होकर भ्रम न फैलाइये। युवाओं का जीवन बन रहा है, बिगड़ नहीं रहा। मुक्त गगन उनके स्वागत में खड़ा है, उन्हें खुले मुक्त, स्वच्छंद होकर आकाश में उड़ान भरने दीजिये, अपनी सफलताओं का आलिंगन करने दीजिये। गर्व से कहिये, ''मैं 'अग्निपथ योजना' का समर्थन करता हूँ, अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो, प्रशस्त पुण्य पंथ है बढ़े चलो, बढ़े चलो।''

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

## राशिफल शनिवार 2 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा नक्षत्र रविवार प्रातः 6:30 तक, हर्षण योग दिन 11:32 तक, गर करण दिन 3:18 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। भद्रा रात्रि 4:12 से रविवार सांय 5:07 तक है। बुध मिथुन राशि में प्रातः 9:42 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:23 से 9:06 तक। चर 12:31 से 2:13 तक, लाभ-अमृत 2:13 से 5:38 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:21

### मेष



घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृष




व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में अत्याधिक व्यस्तता अभी बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### मिथुन




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### सिंह




परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### कन्या




अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृश्चिक




धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

### धनु




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मकर




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### मीन



व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक कारणों से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# भरो होय सो रीतियो, रीतो होय भराय

नए भारत में इतिहासकारों को अपशब्द कहने की एक नई परंपरा स्थापित हुई है और वह भी ज्यादातर उन लोगों द्वारा जिन्होंने जीवन में कभी गंभीर साहित्य का कोई सार्थक अध्ययन नहीं किया है। पर ध्यान रहे कि इतिहासकार तथ्यों पर आधारित बात ही सामने रखेगा। इसीलिए इतिहास चुभता है और इतिहासकार आरोपित होता है पर फिर भी लिखने का साहस करता है।

बात 1723 से 1775 के बीच की है जब आज के नेपाल के एक भाग को गोरखा राज्य कहा जाता था और इस छोटी सी रियासत का राजा था पृथ्वी नारायण शाह । वह एक महत्वाकांक्षी राजा था जिसने पड़ोसी राज्य काठमांडू, पाटन और भडगांव पर अधिकार जमा कर एक बड़ा राज्य स्थापित किया था। आगे चलकर उसने हिमालय की तराई वाले भागों पर अधिकार किया, शिवालिक पर्वत श्रृंखला, कुमाऊं, गढ़वाल, शिमला, सिक्किम का कुछ भाग, तिब्बत की कई वादियां अपने आधिपत्य में करते हुए पंजाब की सीमा तक एक विशाल साम्राज्य स्थापित किया। पृथ्वी नारायण शाह की मृत्यु के कोई पांच साल बाद गुजरांवाला के सरदार महासिंह सुकरचकिया के यहां रणजीत सिंह का जन्म हुआ।

उन्नीसवीं सदी के प्रारंभिक काल में गोरखा और सिख दोनों ही अपनी शक्ति के शिखर पर थे। रणजीत सिंह के समय कांगड़ा में कटोच राजपूत संसार चंद का राज था। संसार चंद ने होशियारपुर पर अधिकार जमाने की कोशिश की तो रणजीत सिंह से बुरी तरह परास्त होकर सिख साम्राज्य के सामंत बन कर रहना पड़ा।

उधर पृथ्वी नारायण थापा की मृत्यु के बाद उसकी जगह अमर सिंह थापा नेपाल का राजा बना। उसने चंबा, नूरपुर, कोटला जसरोटा, मण्डी और कुल्लू आदि पर अधिकार जमाते हुए सतलुज नदी पर कब्जा जमाने की कोशिश की। संसार चंद जब घिर गया तो कांगड़ा किला रणजीत सिंह को उपहार में देकर



डॉ रामावतार शर्मा

थापा से अपनी रक्षा करवाई।

गणेश घाटी में चले लंबे युद्ध में रणजीत सिंह ने थापा की सेना का रसद मार्ग बाधित कर दिया। भूख और प्यास से प्रताड़ित गोरखा सेना को रणजीत सिंह ने एक सुरक्षित मार्ग से वापस नेपाल जाने दिया क्योंकि सिख इन बहादुर सैनिकों को मारना नहीं चाहते थे। इस बात का आगे चल कर सिख साम्राज्य को बड़ा फायदा हुआ जब गोरखा रणजीत सिंह की सेना के अभिन्न अंग बने, कई युद्धों में उनको विजय दिलवाई। चूंकि रणजीत सिंह की राजधानी लाहौर थी तो नेपाल में ये सिपाही 'लहुरिया' कहलाए।

आगे चल कर 1814-16 में अंग्रेजों और गोरखा लोगों का युद्ध हुआ और फिर 1846 और 1848-49 में अंग्रेजों एवम् सिखों के बीच युद्ध होने के फलस्वरूप भारत के इन हिस्सों में अंग्रेजों का राज स्थापित हो गया। अंग्रेजों ने भी सिख और गोरखा सैनिकों की बहादुरी का सम्मान करते हुए दोनों ही जगह बड़ी हिंसा नहीं की, दोनों को अपनी सेना में विशेष सम्मान के साथ शामिल किया। गोरखा आज भी ब्रिटेन की सेना का गर्व हैं । अब यह जानना रोचक हो सकता है कि आगे चलकर इन तीनों के वंशजों का क्या हुआ। कांगड़ा के राजा संसार चंद कोटोच के पुत्र महज एक संकेतात्मक राजा ही बने रहे जब तक भारत आजाद नहीं हुआ। थापा लोग समय की मिट्टी में कब कहां अपना महत्व खो बैठे इसमें अब किसी की कोई रुचि नहीं है। महाबली रणजीत सिंह के पुत्र दिलीप सिंह पेरिस के एक निम्न स्तरीय होटल में कंगाली से जूझते मृत पाए गए। ये उदाहरण बताते हैं कि आज जिनकी दुंदुभी बज रही होती है कल वो सन्नाटे में गुम भी हो सकते हैं।

सत्ता का नशा विचित्र होता है लेकिन सत्ता में हवा का रुख बदलने का दावा करने वाले खुद हवा हो जाते हैं। आज हम भारत में राजनीति के अग्रणी परिवारों को गुमनामी में जाते देख रहे हैं। सत्ता एवं धन के शिखर पर खड़े लोग आलोचकों को बर्दाश्त नहीं करते है और प्रताड़ित करते हैं। ऐसा होता रहा है और आगे भी होता ही रहेगा। अनुभव इसी तरफ तो इशारा करता रहता है। संत कबीर ने क्या खूब कहा है:–

**'भरो होय सो रीतियों, रीतो होय भराय।**
**रीतो भरो न जानियो, अनुभव सो ही कहाय'।।**

**डॉ रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

# भरतपुर में रथयात्रा को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा

**भरतपुर,** (निसं) । भरतपुर में कोविड के दो साल बाद शुक्रवार को उड़ीसा की जगन्नाथ रथयात्रा की तर्ज पर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए रथयात्रा निकाली गई । ठाकुरजी के लिए मोगरा के फूलों का रथ सजाया गया जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ जी विराजकर शहर भ्रमण को निकले। इस अवसर पर मंदिर में फूलबंगला झांकी सजाई गई । रथ यात्रा में शहनाई, बैंडबाजों, ढ ोल नगाड़े की धुन पर झांकियां निकाली गई । भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। तो वहीं समिति की ओर से श्रद्धालुओं को खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया ।

भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रथयात्रा को खीचने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रथयात्रा का संचालन किला बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन की ओर से किया गया । रथयात्रा बिहारीजी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के गोपालगढ़ , मथुरा गेट, चौबुर्जा, कोतवाली, वासन गेट होते हुए नई मंडी पर समाप्त हुई।

रथयात्रा का लोगो ने आरती उतारकर और प्रसाद लगाकर स्वागत किया। भगवान श्री जगन्नाथ जी की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बाजारों में जमा रही। जैसे ही भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा सामने पहुंची तो लोग श्री जगन्नाथ जी की आरती उतारने के लिए आतुर रहे और रथयात्रा को खींचने के लिए आगे पहुंचे। तो वहीं बाजारों में भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा में चलने वाले श्रद्धालुओं को मीठे जलपान, आइसक्रीम, मिठाई, शर्बत आम, शिकंजी, तरह तरह के



**भगवान श्री जगन्नाथ जी के शहर भ्रमण के दौरान भीड़ उमड़ी।**

सुल्पाहार दिए।

इस अवसर पर जगह –जगह भी भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति द्वारा अग्रवाल धर्मशाला खिरनी घाट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पंचामृत अभिषेक होगा तथा 56 भोग की झांकी सजाई गई तथा वृंदावन की मंडली द्वारा संकीतर्न किया गया। बाद में दाल, भात प्रसादी का वितरण किया गया।

# बीकानेर के युवक को फ्रांस का साहित्य आलोचक पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के एक छोटे से गांव ढाणी पांडूसर के रहने वाले लोकेश बिश्नोई को फ्रांस सरकार ने श्रेष्ठ साहित्यिक आलोचक का पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी फ्रांसिसी दूतावास के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर जारी की गयी। गौरतलब है कि उन्हें यह पुरस्कार फ्रांस के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित कृति 'ला पल्स सक्रेत मेमुआर देस होम' की आलोचना के लिए मिला है।

इस पुरस्कार की दौड़ में 37 देशों के लेखकों ने आलेख दिए थे लेकिन पुरस्कार की जूरी ने लोकेश बिश्नोई के आलेख का चयन किया। इस उपलब्धि के साथ एक और उपलब्धि यह भी जुड़ गई है कि लोकेश बिश्नोई इस साल नवंबर में पेरिस में होने वाले 'गोनकूर साहित्य पुरस्कार' वितरण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले वे इस साल हुए गोनकूर चॉइस ऑफ इंडिया पुरस्कार की जूरी के सदस्य भी रहे हैं। लोकेश इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता विजयकुमार, सूरत के डिप्टी कमिश्नर महेंद्र कुमार गोदारा और जेएनयू दिल्ली से शोध कर रहे अपने सीनियर देवीलाल गोदारा को देते हैं। लूणकरणसर तहसील के ढ ाणी पाण्डूसर गांव के लोकेश ने अपनी प्राइमरी एज्यूकेशन राजस्थान में ली और आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली के प्रसिद्ध जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के भाषा केंद्र में प्रवेश लेकर फ्रांसिसी भाषा और साहित्य का अध्ययन किया। उन्होंने ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई जेएनयू दिल्ली से ही की। हालांकि पीएचडी में भी उनका चयन जेएनयू और हैदराबाद के इफ में हुआ लेकिन आगे पीएचडी में नवाचार करने के लिए उन्होंने हैदराबाद के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयु) को चुना।

# अनदेखी के चलते धुंधला रहा है चिड़ावा की हवेलियों में समाया इतिहास

**चिड़ावा,** (निसं)। इतिहास को समाये चिड़ावा की प्राचीन हवेलियों के मालिक कमाने के लिए बाहर निकले और फिर प्रवासी ही बन गए। एक-दो हवेलियों को छोड़ कर ज्यादातर हवेलियां ऐसी है जिनकी सार-संभाल नहीं हो रही। ऐसे में वे जर्जर हो चुकी हैं और गिरने के कगार पर हैं।

इन हवेलियों में सैकड़ों साल का इतिहास समाया है। इनमें ज्यादातर हवेलियां 100 से 200 साल तक पुरानी है। इन हवेलियों को उस समय परिवार की स्थिति और शाही अंदाज दिखाने के लिए सेठ-साहूकारों द्वारा बनवाया गया था। एक दौर ऐसा था जब शानो-शौकत दिखाने का जरिया ये हवेलियां बन गई । जब सेठ-साहूकार इन हवेलियों से बाहर निकलते थे तो उनका अंदाज भी शाही रहता था।

हवेलियों की बनावट उस समय सामूहिक परिवार की अवधारणा को लेकर किया गया था। एक हवेली में कई कमरे होते थे। इन कमरों की ऊंचाई भी करीब 15 से 20 फुट रखी गई। हवेलियों में शाल के पेड़ की लकड़ियों को गाटर की जगह काम में लिया गया है। प्राचीन हवेलियों की खासियत उनके बाहर खास शैली में की गई चित्रकारी भी है। माटी से बनाए गए कलर से की गई फ्रेस्को पेंटिंग आज भी कई हवेलियों पर कायम है। इनमें भारत के पौराणिक इतिहास से लेकर राजा-महाराजाओं के समय को भी उकेरा गया है। ज्यादातर हवेलियों के मालिकों ने व्यापार के लिए बाहरी इलाकों का रुख किया। कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली सहित देशभर में विभिन्न इलाकों में उद्योग धंधे स्थापित कर यहां के उद्योगपतियों ने काफी नाम क्षेत्र का किया है।

प्राचीन इतिहास से रूबरू करवाने वाली हवेलियों के साथ ही कई मंदिर भी स्थापत्य कला के बेजोड़ नमूने हैं। लेकिन ये भी फिलहाल अनदेखी के चलते धीरे-धीरे इतिहास में समाते नजर आ रहे हैं। भूमाफिय द्वारा कुछ हवेलियों को तो तोड़ भी दिया गया है। सरकार प्रवासीजनों से बात कर इन हवेलियों की देखरेख का जिम्मा लेकर इन्हें पर्यटन स्पॉट के रूप में काम में ले सकती है।

# भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी- डॉ. भीमराव अम्बेडकर

भारत का संविधान विश्व के सभी संविधानों की प्रमुख विशेषताओं को समेटे हुए पूरी तरह भारतीयता के रंग में रंगा हुआ है। जिसमें नागरिकों को समानता और सह-अस्तित्व की गारण्टी देकर, भारत को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य घोषित करता है।


24 मार्च, 1946 को कैबिनेट मिशन भारत आया और मिशन की योजना के आधार पर संविधान सभा की स्थापना हुई। संविधान सभा के लिए डॉ. अम्बेडकर भी निर्वाचित हुए। 29 अगस्त, 1947 को संविधान प्रारूप समिति बनी। जिसके चेयरमैन डॉ. अम्बेडकर को बनाया गया। भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई, 1947 को पारित कर दिया तथा 3 जून 1946 से संविधान सभा ही भारत की प्रथम संसद बनी। 15 अगस्त 1947 को भारत एक स्वतंत्र एवं संप्रभुता-सम्पन्न राष्ट्र बन गया।

जुलाई 1947 में पं. नेहरू ने सरदार पटेल एवं एस.के. पाटिल से सलाह मशविरा करके डॉ. अम्बेडकर को अपनी कैबिनेट में विधि मन्त्री बनाने का प्रस्ताव रखा, जो कि उन्होंने स्वीकार कर लिया। हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया। हालांकि संघीय भारत के काफी बड़े हिस्से में साम्प्रदायिक दंगे हो रहे थे। 29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत के संविधान मसौदा निर्माण समिति के नामों की घोषणा कर दी थी। जिसमें कि डॉ. अम्बेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

सदस्यों में सर अल्लादी कृष्णास्वामी, सर बी.एन.राय, श्री सैय्यद एम. सादुल्लाह, सर एन. गोपालस्वामी आयंगर, डॉ. के.एम. मुंशी, सर बी.एल मित्रर तथा श्री डी.पी. खेतान चुने गये। इस प्रकार मसौदा समिति में कुल आठ सदस्य थे। इसके बाद डॉ. अम्बेडकर भारत के संविधान प्रारूप निर्माण कार्य में पूरी तरह व्यस्त हो गये। 29 अगस्त 1947 से लगातार संविधान निर्माण के महति कार्य को बड़ी लगन, उत्साह एवं बुद्धिमता से दिन-रात करते रहे, तथा 16 फरवरी 1948 तक 171 दिन में संविधान का प्रारूप तैयार कर दिया।

संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को अन्तिम रूप से स्वीकार कर पास कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया।संविधान की प्रस्तावना में घोषणा की गई है कि ''हम भारत के लोग, भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी , धर्म निरपेक्ष, लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतन्त्र प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए और उन सभी में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर आज दिनांक 26 नवम्बर 1949 को इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं। संविधान की प्रस्तावना वर्तमान समाज में अन्तर्निहित सामाजिक और आर्थिक सिद्धान्तों के विकास का सार प्रस्तुत करती है।

25 नवम्बर, 1949 को डॉ. अम्बेडकर जो कि इसके मुख्य निर्माता थे, तीसरे पठन के बाद संविधान सभा में इस पर बहस का जवाब देने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा मैं केवल दलित जातियों के हितों के लिया आया था। हैरत हुई, जब मुझे संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का चैयरमैन चुना गया। प्रसन्नता हुई कि मुझे देश की सेवा करने का एक अवसर मिल गया है । 26 जनवरी,



यादरामसिंह यादव

1950 को संविधान को लागू करके देश पूर्ण स्वतन्त्र होगा। क्या भारत की जनता, अपने मत, मजहब या स्वार्थ की अपेक्षा देश को अधिक महत्व देगी। अपने रक्त की अन्तिम बूंद देकर भी हमें अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने अपने चालीस मिनिट के सारगर्भित भाषण में भारत की समस्त जनता से स्पष्ट शब्दों में अपील की, कि सच्चे अर्थों में सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से जाति व्यवस्था को खत्म कर दो।

पूरी संविधान सभा जिसमें प्रधानमंत्री पं. नेहरू भी उपस्थित थे, ने शान्तिपूर्वक सुना और जब भाषण खत्म हुआ तो सभी सदस्यों ने तालियां बजाकर उनका आभार व्यक्त किया। डॉ. अम्बेडकर ने भारत की जनता को सावधान करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू करके देश पूर्ण स्वतन्त्र होगा लेकिन राजनीति में हम एक व्यक्ति एक वोट तथा इसकी एक वैल्यू को महत्व देंगे। परन्तु सामाजिक व आर्थिक जीवन में हम एक व्यक्ति एक वैल्यू को अस्वीकार करेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा के सदस्यों की शंकाओं का जवाब, हर विषय पर बडी विद्वतापूर्वक दिया।

संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्रप्रसाद प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर के कार्य से प्रभावित होकर संविधान सभा में बोले, डॉ. अम्बेडकर को कानून, समाजशास्त्र तथा आर्थिक क्षेत्रों में हमारे देश के इतिहास, मानव विज्ञान व संसार के संविधानों की उत्पत्ति व विकास के विशाल ज्ञान पर अधिकार है।

भारत ही नहीं विश्व के प्रमुख समाचार पत्रों ने एवं देश के बुद्धिजीवियों तथा संविधान सभा के सदस्यों ने डॉ. अम्बेडकर के संविधान प्रारूप निर्माण कार्य की भूरि-भूरि प्रसंशा की। उन्हें आधुनिक मनु की तथा बीसवीं सदी के स्मृतिकार एवं संविधान के शिल्पकार की उपमाओं से अंलकृत कर सम्मान दिया। संविधान प्रारूप सम्बन्धी कार्य के लिए सर्वप्रथम संविधान सभा के विशेषज्ञ सर अल्लादी कृष्णास्वामी आयंगर ने कहा कि मेरे मित्र डॉ. अम्बेडकर ने जिस योग्यता और कुशलता के साथ संविधान को प्रस्तुत किया और प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जो अथक परिश्रम किया उनके लिए मेरे मन में बहुत प्रशंसा भाव है।

संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही को इस कुर्सी पर बैठे-बैठे देखते हुए मैं यह महसूस करता हूँ कि इतनी लगन, श्रद्धा एवं उत्साह से खराब स्वास्थ्य के बावजूद भी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर ने जो कार्य किया है, उतना इस कमेटी के किसी भी सदस्य ने नहीं किया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने भारत के संविधान निर्माण कार्य में सबसे प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने इतना कठोर श्रम किया एवं सावधानी बरती है उतनी कोई नहीं कर सकता। नेहरू जी अकसर उन्हें कैबिनेट का हीरा कहकर पुकारते थे।

11 जनवरी 1950 को बम्बई दलित जाति फैडरेशन ने डॉ. अम्बेडकर का स्वर्णपात्र में संविधान की प्रति भेंट करते हुए भारी सन्मान किया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि पिछले 20 सालों से सवर्ण हिन्दुओं तथा कांग्रेसी नेताओं ने मुझे मुस्लिम समर्थक, ब्रिटिश समर्थक तथा हिन्दु धर्म का विनाशक एवं स्वतन्त्रता विरोधी-नेता, कहकर निंदित किया है। मुझे आशा है कि मेरे संविधान के निर्माण कार्य से मुझे वे सही रूप में समझने में समर्थ होंगे और उन आरोपो को तिलांजलि देंगे जिन्हें वे मुझ पर लगाते आये हैं।

5 जून 1952 को अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी द्वारा संसार के सवोत्तम संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर को डॉक्टर ऑफ लाज की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। अमेरिका वासियों ने इससे पूर्व डॉ. अम्बेडकर को भारत का बुकरिटी-वाशिंगटन का सम्मान प्रदान किया था।

बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि स्वरूप उनकी आदमकद प्रतिमा 'संसद-भवन' नई दिल्ली के प्रांगण मे स्थापित की गयी। वर्ष 1990 में बाबा साहब को राष्टं की सेवाओं के लिए 'भारत रत्न' के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से उनके मरणोपरान्त उनकी पत्नी को देकर सम्मानित किया। डॉ. अम्बेडकर द्वारा किये गये देशहित में उनके महान कार्यों को कभी भुलाया ना जा सकेगा। भारत की जनता उनकी हमेशा के लिए ऋणी रहेगी।

**यादरामसिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं वरिष्ठ साहित्यकार**

# प्रदेश में मानसून ने दी दस्तक, कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई

## उदयपुर पहुंचा मानसून, करीब एक घंटे जमकर बरसे बदरा



उदयपुर शहर में मूसलाधार बारिश के दौरान बाजार सुनसान नजर आए।

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों के शहर में शुक्रवार को मानसून ने अपनी दस्तक दी । आज शाम 4 बजे बाद बदली फिजाओं के साथ आसमान में बादल छा गए। देर शाम उदयपुर शहर में सीजन की पहली बारिश ही मूसलधार के रूप में बरसी। बारिश का इंतजार कर रहे शहरवासियों को शुक्रवार को राहत मिली। करीब एक सप्ताह की देरी के बाद शाम 5 बजकर 31 मिनट पर हल्के घने बादलो के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। यह बारिश करीब 15 से 17 मिनट चली और थम गई।

इसके बाद शाम 6 बजकर 46 मिनट पर बादल फिर घुमड़ कर आए और बारिश का दौर फिर शुरू हो गया। 7 बजकर 14 मिनट पर बारिश ने रफ्तार पकड़ी और मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। इधर, मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## बारिश के बाद पहाड़ों से बहने लगे झरने




टोंक क्षेत्र में मानसून की पहली बरसात के बाद झरने चले।

**टोंक, (निसं)।** जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र में मानसून की पहली बरसात ने उपखण्ड क्षेत्र के खेतों को तरबतर कर दिया, वहीं बारिश से पहाड़ों में झरने फूट पड़े, जिसका लुप्त उठाने के लिए कस्बे से सैकड़ों लोग का जमावडा सुबह से ही लगने लगा।

लगातार दो दिन से हो रही बरसात से खेतों में पानी भर गया। कस्बे में शुक्रवार सुबह से ही बरसात का दौर शुरू हुआ जो दिन भर चलता रहा। कस्बे के समीप पहाड़ों से जगह-जगह पर झरने निकलने लगे। भैरव झाम, हाथी खल्ला, जोगीड़ा सहित दर्जन भर झरने सुबह से ही फूटने लगे। आस-पास के गांवों में भी बरसात होने के समाचार हैं। बीते 24 घंटे में कस्बे में 49 एमएम बारिश दर्ज की गई। कृषि सहायक अधिकारी प्रहलाद ने किसानों को तिलहन व दलहन फसलों की बुआई करने की सलाह दी है। क्षेत्र के गांव पंवालिया, मांदोलाई, कूकड, भांवता, लक्ष्मीपुरा सहित आसपास के गांवों में अच्छी बारिश होने की खबर है।

## पुष्कर में बारिश से सरोवर का जल स्तर दो फीट बढ़ा

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में शुक्रवार सुबह से दोपहर तक हुई मूसलाधार बरसात हुई जिससे पवित्र सरोवर में पानी की आवक शुरू हो गई है। वही निचली बस्तियों में पानी भर जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । सुबह 9:30 बजे से रुक-रुककर बरसात हो रही है। एक घंटे तक जमकर मूसलाधार बरसात हो जाने से पवित्र सरोवर में नाग पहाड़ की पहाडियों से फीडरों के द्वारा पानी की आवक शुरू हो गई है तो वहीं वराह घाट चोक गुरुद्वारा माली, मोहल्ला, परिक्रमा मार्ग, सावित्री मार्ग और पुराने रंगजी के मंदिर के बाहर पानी भर जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



पुष्कर के पवित्र सरोवर में पानी की आवक शुरू हुई।

## श्रीमाधोपुर में 76 एम एम बारिश

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** क्षेत्र में मानसून की बारिश लगातार दो दिनों से जारी है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे तेज बारिश हुई और इसके बाद दोपहर पौने 2 बजे तक भी रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है। कस्बे में सुबह 8 बजे तक 43 व दोपहर 1.30 बजे तक हुई 33 एमएम बारिश को मिलाकर कुल 76 एमएम बारिश दर्ज की गई।

शुक्रवार को हुई तेज बारिश से सड़कों व गलियों में पानी भर गया। खंडेला बाजार में बहाव क्षेत्र में बारिश का पानी उफान के साथ आने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कन्हैयालाल हत्याकांड: मामले में दो आरोपी और गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर लिया

## नृशंस हत्या के आरोपी अजमेर जेल में शिफ्ट, एनआईए करेगी मामले की जांच

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में हुई टेलर कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के दोनों आरोपियों को अजमेर जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं शुक्रवार को एनआईए ने जांच के लिए न्यायालय में आवेदन किया इसके बाद जांच उन्हें सौंप दी गई। मामले में जांच कर रही जांच एजेंसी ने दो आरोपियों को और इस मामले में गिरफ्तार कर उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लिया है।

भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पक्ष में सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने पर 28 जून को रियाज अत्तारी व गौस मोहम्मद ने से. 14 निवासी कन्हैयालाल की दुकान में घुस कर नृशंस हत्या कर दी थी। इस मामले में दोनों आरोपियों को गुरूवार शाम न्यायालय में पेश करने पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। जांच एजेंसी दोनों आरोपियों को सुरक्षा के मद्देनजर अजमेर जेल में शिफ्ट किया। जांच एजेंसी ने आरोपियों से की गई पूछताछ के आधार पर मामले में शुक्रवार को लिप्त दो और आरोपी विजयसिंह पथिक नगर कच्ची बस्ती सवीना निवासी आसिफ पुत्र मो. हुसैन तथा रजा कॉलोनी खांजीपीर निवासी मोहसिन पुत्र मुजफ्फर खां को गिरफ्तार किया। जिन्हें दोपहर को सीजेएम न्यायालय में पेश किया। जहों से दोनों को एक दिन का ट्रांजिट रिमाण्ड दिया है। जिन्हें जांच एजेंसी पूछताछ के लिए साथ ले गई। न्यायालय में भारी पुलिस जाप्ता तैनात होने व अन्य आरोपियों को पेश करने की सूचना पर अधिवक्ताओं की भीड़ जमा हो गई और इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन भी किया।

इधर, मामले में शुक्रवार को एनआईए की टीम ने जिला एवं सेशन न्यायालय में आवेदन पत्र दाखिल कर जांच उनको सौंपने का निवेदन किया। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए जांच एनआईए को सौंपने के आदेश जारी किए। आदेश के बाद सभी दस्तावेज एनआईए टीम को सौंपे जाएंगे। इसके बाद एनआईए आरोपियों से पूछताछ करेगी। अब तक मामले की जांच एटीएस कर रही थी। माना जा रहा है कि नृशंस हत्या के दोनों आरोपी रियाज अत्तारी व गौस मो. को जयपुर स्थित एनआईए कोट्र में पेश किया जाएगा। जहां से उन्हें रिमांड पर लेकर एनआईटी पूछताछ करेगी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि जांच एनआईए करें तो एटीएस व एसओजी उनको सहयोग प्रदान करेगी।

# किसानों ने सड़क पर लहसुन फैलाया



समर्थन मूल्य पर लहसुन की खरीद शुरु कराने की मांग को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया।

**बारां, (निस)।** भारतीय किसान संघ राजस्थान प्रदेश चित्तौड प्रांत के जिला मंत्री भूपेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वहीं किसानों ने शुक्रवार को कलमंडा में सड़क पर लहसुन फैलाकर प्रदर्शन किया। साथ ही समर्थन मूल्य पर लहसुन खरीद शुरू करने व बीमा का लाभ, मुआवजा व सहकारी बीमा की बड़ी राशि वापस लेने के लिए सड़क पर किसानों ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान मौके पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों को लेकर कलेक्टर कार्यालय लेकर आए, जहां पर कलेक्टर नरेंद्र गुप्ता से वार्ता करवाई। कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में एमडी उर्मिला राजोरिया अधिकारी राजपेड से वार्ता हुई है ।आपकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। एठीकल्चर इश्योरेंस कंपनी से बीमा नहीं करने के बारे में चिट्ठी सरकार को लिखी है।

इस मौके पर दौरान जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल नागर, प्रचार प्रमुख बृजमोहन मेहता, तहसील अध्यक्ष भोजराज यादव, तहसील कार्यकारिणी सदस्य रामकुवार नागर व रासबिहारी, पूरणमल शर्मा बामला, योगेश शर्मा, लालचंद सुमन, गोविंद नागर, महावीर मीणा आदि मौजूद रहे।

# कांस्टेबल ईश्वर को दी पांच लाख रुपये की सहायता

**उदयपुर, (कासं)।** अपने उदयपुर दौरे के तहत मुख्यमंत्री गहलोत ने गुरुवार को दिवंगत कन्हैयालाल के घायल साथी ईश्वर गौड से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने घायल ईश्वर की सहायता के लिए 5 लाख रुपये मुख्यमंत्री सहायता कोष से देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की इसी घोषणा पर शुक्रवार को वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने महाराणा भूपाल चिकित्सालय पहुंच कर घायल ईश्वर गौड के परिजनों को पांच लाख रुपये का चैक सौंपा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी बुनकर व चिकित्साधिकारियों के साथ चिकित्सालय के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक



वल्लभनगर विधायक ने घायल कांस्टेबल को चैक सौंपा।

के न्यूरो सर्जरी वार्ड में पहुंची विधायक शक्तावत ने सबसे पहले उपचाररत घायल ईश्वर से बात की और उसके स्वास्थ्य तथा दी जा रही चिकित्सा

- वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत ने सौंपा चैक

सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ईश्वर के बेटे जतिन गौड व उसकी पत्नी से भी बात की तथा कहा कि भयभीत होने की तनिक भी जरूरत नहीं है, सरकार आपके साथ है। विधायक शक्तावत ने ईश्वर के पुत्र जतीन गौड से उसकी शिक्षा के बारे में पूछा तथा कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उसकी उच्च शिक्षा अथवा रोजगार उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया जाएगा।

ईश्वर को चैक प्रदान करने के दौरान वहां उदयपुर नगर निगम के सहवृत पार्षद रवींद्र पाल सिंह कप्पू भी मौजूद थे। पार्षद कप्पू को विधायक शक्तावत ने दायित्व सौंपा कि वे ईश्वर के डिस्चार्ज होने के बाद नियमित उसके व परिजनों के सम्पर्क में रहे और संभालते रहे। उन्होंने कहा कि ईश्वर की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने ईश्वर की सुरक्षा के मौजूद पुलिसकर्मियों से चर्चा करते हुए उन्हें मुस्तैद व तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने इस वार्ड पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही कडी सुरक्षा के बारे में चिकित्सालय प्रबंधन को भी निर्देश दिए। साथ ही ईश्वर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के जलपान, भोजन आदि सुविधाओं के लिए भी चिकित्सालय प्रबंधन को निर्देशित किया।

## उदयपुर-राजसमंद में नेटबंदी की अवधि 24 घंटे और बढ़ाई

**उदयपुर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने एक आदेश जारी कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए उदयपुर संभाग के उदयपुर व राजसमंद जिलों में नेटबंदी की अवधि शुक्रवार से अगले 24 घंटे के लिए बढा दी है।

इस आदेश के तहत संभागीय आयुक्त भट्ट ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से आगामी 24 घंटे तक उदयपुर संभाग के राजसमंद व उदयपुर के सम्पूर्ण क्षेत्र में इंटरनेट सेवा (लीज लाइन-ब्रॉडबैंड सेवाओं व लैंडलाइन फोन के साथ इंटरनेट सेवा को छोडते हुए) को निलंबित किया है।

## सेंट्रल जेल: गुप्तांग से तीन बंडल बीड़ी बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर केंद्रीय कारागार एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बाद बंदियों ने अपने गुप्तांग में बीडियों के बंडल डाले हैं। इससे पहले गुप्तांग से मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं । सोनोग्राफी जांच में बंदियों के पास से तीन बीड़ी बंडल बरामद हुए हैं। दो दंडित बंदियों को पुलिस ने नामजद किया है।

रातानाड़ा थानाधिकारी भारत रावत ने बताया कि जेल प्रशासन की तरफ से बंदियों की नियमित चेकिंग गई। तब दो बंदियों के पास से संदिग्ध सामग्री होने की आशंका में उनसे पूछताछ की गई।

- दो दंडित बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज

पूछताछ में इन बंदियों ने अपना जुर्म कबूला । बंदियों की जेल डिस्पेंसरी में जांच के साथ सोनोग्राफी करवाई तब उसमें उनकी गुदा में बीडिय़ों के बंडल होने की पुष्टि हुई। थानाधिकारी ने बताया कि दंडित बंदी पाली जिले के बाली थानान्तर्गता सेसली निवासी शिवनाथ पुत्र गुलाबनाथ और उत्तरप्रदेश के जोनपुर रामनगर निवासी रोहिताश उर्फ रोहित पुत्र श्याम गिरी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# सीएम ने बांसवाड़ा जिले के सिंचाई से जुड़े 2629 करोड़ के प्रस्तावों का अनुमोदन किया

**जयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा जिले में माही परियोजना से अपर हाई लेवल नहर के निर्माण के लिए 2500 करोड़ रूपए तथा हरिदेव जोशी नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली के सुढीकरण कार्य के लिए 129.19करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

गहलोत ने आदिवासी अंचल के विकास से संबंधित इस परियोजना में 121अतिरिक्त गांवों को भी कमाण्ड क्षेत्र में सम्मिलित किया है। इस परियोजना से अब बांसवाड़ा जिले के बांसवाड़ा, बागीदौरा, आनन्दपुरी, सज्जनगढ़, कुशलगढ़ व गांगडतलाई तहसीलों के कुल 338 गांवों के 41903 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23के बजट में अपर हाई लेवल नहर परियोजना की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री द्वारा हरिदेव जोशी नहर तंत्र के लिए स्वीकृत 129.19 करोड़ रूपए से लगभग 12,891 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई जल की दक्षता में वृद्धि होगी। प्रस्तावित कार्य से बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र की आनन्दपुरी तहसील व आसपास के सैकड़ों किसानों को लाभ मिलेगा।

- माही परियोजना से अपर हाई लेवल नहर के लिए 2500 करोड़ रूपए स्वीकृत
- परियोजना में 121 अतिरिक्त गांवों को कमाण्ड क्षेत्र में सम्मिलित किया
- बांसवाड़ा में 338 गांवों के 41903 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी
- हरिदेव जोशी नहर तंत्र के सुदृढीकरण के लिए 129.19करोड़ रूपए स्वीकृत

स्वीकृति से हरिदेव जोशी नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली के अंतर्गत रोहनिया माईनर,छाजा माईनर एवं आम्बादरा माईनर के साथ-साथ 52 माईनर एवं सब माईनरों की कुल 270 कि.मी. लम्बाई में मरम्मत के कार्य किए जाएंगे।

## बीदासर में बारिश, घरों में घुसा पानी

**बीदासर, (निसं)।** क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सात बजे बाद लगभग एक घण्टे तक जमकर बरसात हुई जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया और कस्बे की सड़कें पानी से लबालब हो गई। क्षेत्र में गुरुवार आधी रात के करीब बरसात का दौर शुरु हुआ और कभी हल्की कभी तेज बरसात शुक्रवार सुबह तक जारी रही। बरसात के बाद कस्बे के मुख्य बाजार, नगरपालिका मार्ग, चोरड़िया मार्ग, नाहटा मार्ग, नेक नगर बस्ती सहित अनेक स्थानों पर पानी भर गया और इन इलाकों के घरों में भी सडकों पर बहता बरसाती पानी घुस गया।

## बरसात से किसानों के चेहरे खिले

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ उपखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आखिरकार मानसून ने गुरुवार को प्रवेश किया। तेज हवा के साथ पूर्वाहन तीन बजे अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला और शेखावाटी अंचल के राजगढ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बदरा कहीं रिमझिम तो कहीं हल्की एवं कहीं तेज बारिश हुई । नेतराम मेहरा ने बताया इस दौरान सादुलपुर उपखण्ड के भाकरां, राधा बडी, राघा छोटी, थान मठुई, ढाणी खुडानी, बीराण, बालाण, कामाण, भोजाण, कालरी, हरपालु, खैरु बडी, खैरू छोटी, सिद्धमुख, चैनपुरा छोटा, बडा, ढाणा, थान मठुई, जीराम का बास सहित हरियाणा बॉर्डर से सटे गाँवों में भी अच्छी बारिश के समाचार हैं।

# मालपुरा व टोडारायसिंह स्वैच्छिक बंद रहा

## अलर्ट मोड पर रहा प्रशासन, कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच हुई जुम्मे की नमाज



उदयपुर की घटना के विरोध में मालपुरा के बाजार बंद रहे।

**मालपुरा, (निसं)।** उदयपुर में हुई घटना के विरोध में शुक्रवार को सर्व समाज व व्यापारी संगठनों के आव्हान पर मालपुरा व टोडारायसिंह में पूर्ण रूप से स्वैच्छिक बन्द रहा।


व्यापारी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ चाय की थड़ी व फल-सब्जी विक्रेताओं सहित बार एसोशियन ने बन्द के आव्हान को अपना समर्थन दिया। बन्द के चलते दिनभर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को बन्द के आव्हान के दौरान शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को गंभीरता से लेते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने दिनभर शहर में गश्त कर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जाब्ता तैनात किया। मालपुरा शहर में बन्द के आव्हान व जुम्मे की नमाज के चलते एसडीएम रामकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा, तहसीलदार जीआर बैरवा, थानाधिकारी कैलाश विश्नोई पुलिस जाब्ते के साथ नमाज के दौरान जामा मस्जिद के यहां मुस्तैद रहे। तो एसएचओं कक्ष में बने शहर में लगे 68 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पर पुलिस जवानों की पैनी नजर रही। तीन दर्जन से अधिक पुलिस जवान सादा वर्दी में शहर में सक्रिय रहे। तो साथ ही सीआईडी टीमें भी शहर की हर एक गतिविधि पर अपनी नजर बनाये हुए थी । शहर के निजी शिक्षण संस्थान संघ के आव्हान पर निजी विद्यालय संचालकों ने भी विद्यालय बन्द रख मालपुरा बन्द को अपना समर्थन दिया। वहीं टोडारायसिंह में नागरिकों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम रूबी अंसार को ज्ञापन सौंप आतंकी संगठनों से जुडे कट्टरपंथी लोगों को चिन्हित कर उनपर कार्यवाही करने के साथ साथ प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बर्खास्त किये जाने की भी मांग की।

## हिन्दू समाज का टोंक बंद सफल रहा

**टोंक, (निसं)।** उदयपुर में कन्हैयालाल की गई निर्मम हत्या के विरोध में सर्व हिन्दू समाज की ओर से जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक संपूर्ण टोंक बंद शांतिपूर्वक सफल रहा और मुख्य बाजार में व्यापारियों व ठेले वालों ने

- हिन्दू समाज के साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने भी दुकानें बंद रखी

स्वैच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद कर बंद का समर्थन किया। बंद के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी गश्त करते हुए नजर आए। टोंक शहर में हिन्दू समाज के साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने भी अपनी दुकानें बंद रखकर हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूती प्रदान की । वहीं जैन नसियां किदवाई पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कन्हैयालाल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपराधियों को फांसी की सजा देने की मांग की।



टोंक में सर्व हिन्दू समाज की ओर से आयोजित बंद पूर्णतया सफल रहा।

शुक्रवार को सुबह से ही रोजमर्रा के चाय, पान, बीडी, सिगरेट की दुकानों के साथ ठेले लगाने वालों ने अपना कार्य बंद रखा। बंद को देखते हुए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान दिनभर गश्त करते हुए नजर आए। सर्व समाज ने अपराधी रियाज एवं गोस मोहम्मद को विशेष न्यायालय से शीघ्र फांसी दिलवाने की मांग की।

# शहरों में सरकारी जमीन पर बसी कॉलोनियों का नियमन कर पट्टे देने की तैयारी में जुटी सरकार?

## नगरीय निकायों की सिवायचक जमीन और हाऊसिंग बोर्ड द्वारा मुआवजा देकर अधिग्रहित की गई जमीनों पर बसी कॉलोनियों को पट्टे देने के आदेश दिये यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने

- **मंत्री धारीवाल का कहना है कि 13 दिसंबर 2013 तक सृजित हो चुकी ऐसी कॉलोनियां, जिनके भूखंड़धारियों का रिकॉर्ड व ले-आउट प्लान संबंधित नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद है, सिर्फ उन्हें पट्टा मिलेगा**
- **300 वर्गमीटर तक के भूखंड एवं कॉलोनी में सरकारी जमीन, आरक्षित दर अथवा आवासीय में जो कम होगा, उसकी 10 प्रतिशत राशि पर दी जायेगी**
- **यूडीएच मंत्री ने कहा जो प्रकरण एम्पावर्ड कमेटी में न रखने हो, उन्हें महापौर-सभापति के बजाय मुख्य नगरपालिका अधिकारी निपटाएंगे, हर सप्ताह में 2 दिन होगी एम्पावर्ड कमेटी की बैठक**

**जयपुर** (कासं)। राज्य में 10 लाख पट्टे देने का लक्ष्य छूने के लिए गहलोत सरकार अब सरकारी जमीनों पर बसी कॉलोनियों के पट्टे भी देने की तैयारी में है। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का कहना है कि 13 दिसंबर 2013 तक सृजित हो चुकी ऐसी कॉलोनियां, जिनके भूखंड़धारियों का रिकॉर्ड व ले-आउट प्लान संबंधित नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद है, सिर्फ उन्हें पट्टा मिलेगा। जल्द ही इसकी विस्तृत गाइडलाइन आएगी।

बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन की आवंटन दर 300 वर्गमीटर तक के भूखण्ड और कॉलोनी में राजकीय भूमि होने पर आरक्षित दर आवासीय में से जो भी कम हो, उसकी 10 प्रतिशत रकम लेकर की जाएगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि निकायों को हस्तांतरित सिवाय चक जमीन के साथ-साथ हाऊसिंग बोर्ड द्वारा अधिग्रहित की गई जमीनों पर कब्जा करके बसाई गई कॉलोनियों को भी पट्टे मिलेंगे।

दरअसल गुरूवार देर शाम यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने करीब 7 घंटे तक प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर मैराथन बैठक ली थी। इसमें यूडीएच सलाहकार जी.एस.संधू से लेकर प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा, जेडीए कमिश्नर रवि जैन, सचिव उज्जवल राठौड़, स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक हृदयेश शर्मा, मुख्य नगर नियोजक आर.के.विजयवर्गीय और सलाहकार एचएस संचेती मौजूद रहे।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का मुख्य फोकस सरकारी जमीनों पर बसी कॉलोनियों के नियमन को लेकर रहा। उन्होंने अफसरों को साफ कहा कि पिछले साल सरकारी जमीनों पर पट्टे देने पर रोक लगा दी थी, लेकिन नये निर्देशों के मुताबिक इन जमीनों के पट्टे दो। ऐसी सिवाय चक जमीन, जो राजस्व रिकॉर्ड में निकाय के नाम दर्ज है या नहीं है, लेकिन वहां आबादी बस चुकी है। जिन जमीनों का अधिग्रहण निकाय और हाऊसिंग बोर्ड ने करके मुआवजा कोर्ट में जमा करवा दिया है या भू-मालिक को दिया है। ऐसी सभी कॉलोनियों के पट्टे दिये जाएंगे। हालांकि शर्त होगी कि ऐसी कॉलोनियां जो 13 दिसम्बर, 2013 तक सृजित हो चुकी है या भूखण्डधारियों-आवासधारकों का रिकॉर्ड व ले-आउट प्लान संबंधित निकाय के पास पूर्व से ही उपलब्ध हो। धारीवाल ने एम्पावर्ड कमेटी में न रखे जाने वाले प्रकरणों को सुलझाने का अधिकार भी महापौर-सभापति को न देकर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दो दिन एम्पावर्ड कमेटी की बैठक हो। कृषि भूमि पर बसी ऐसी कॉलोनियां, जहां 60 प्रतिशत भूखण्डों पर निर्माण हो चुका है और लोग बस चुके है और वहां 20 फीट की रोड है। ऐसी कॉलोनियों में केवल सर्वे के आधार पर पट्टे दिये जाएंगे।

धारीवाल का कहना है कि मन्दिर माफी, देवस्थान विभाग, सार्वजनिक ट्रस्ट या किसी धार्मिक एवं चैरिटेबल संस्थान अथवा वक्फ बोर्डए रेल्वे बाउण्ड्री सीमा के अन्तर्गत भूमि, नदी नाले बहाव क्षेत्र, डूब क्षेत्र, जलिय निकाय में आने वाली भूमि राष्ट्रीय, राज्य उच्च मार्ग की निर्धारित सीमा के अन्तर्गत भूमि, केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के किसी कानून के अन्तर्गत आवासीय-व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्रतिबन्धित भूमि का आवंटन-नियमन नहीं किया जा सकेगा।

# चिकित्सकों और मरीजों ने साथ सेल्फ़ी लेकर मनाया डॉक्टर्स-डे



**जयपुर** (कासं)। अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में अनूठे तरीके से डॉक्टर्स डे मनाया गया।

इस अवसर पर सभी चिकिसकों से एक साथ पेशेंट्स व उनके परिजनों का इंटरैक्टिव सेशन हुआ, जिसमें उन्होंने चिकिसकों का आभार जताते हुए उनका सम्मान किया। चिकिसकों ने भी सभी का अभिवादन करते हुए संवाद में बैग लिया। खास बात यह रही कि डॉक्टर्स व मरीज तथा उनके परिजनों ने साथ में सेल्फ़ीज़ भी ली। इस अवसर पर उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर पी मीणा ने सभी को संबोधित करते हुए हॉस्पिटल में डॉक्टर्स और मरीजों के बीच मधुर संबंध को एक सफल उपचार का मंत्र बताते हुए, सभी से इस दिशा में और अधिक ध्यान देने पर जोर दिया। नोडल ऑफिसर डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि मॉडल हॉस्पिटल डॉक्टर्स और स्टाफ को सॉफ्ट स्किल्स की समय समय पर ट्रेनिंग देता रहा है। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच में हमेशा एक सकारात्मक तथा सहयोग पूर्ण संबंध रहे हैं। इस अवसर पर सभी को फ्रूट्स भी वितरित किये गये।

# थाने में हंगामा करने पर रिटायर्ड कर्नल गिरफ्तार


**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर इलाके में रहने वाले रिटायर्ड कर्नल ने गुरूवार को अपनी कॉलोनी और थाने में जमकर हंगामा किया और खुद के कपड़े तक उतार डाले। जिस पर पुलिस ने उसे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि रिटायर्ड कर्नल अभिषेक शर्मा पहले हॉस्पिटल में काम करता था। डीओ विद्याधर ने थाने की पीसीआर को सूचना देकर सेक्टर 1 स्थित एडब्ल्यूएचओ कॉलोनी में जाने को कहा। मौके पर पहुंची पीसीआर ने कर्नल को काबू करने का बहुत प्रयास किया। लेकिन, कर्नल ने पुलिसकर्मियों के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद कॉलोनी के लोगों और पुलिस ने मिलकर उसे पीसीआर में बैठाया। इस दौरान अभिषेक ने पुलिसकर्मयों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और पीसीआर में भी तोडफोड़ की। पुलिस ने बताया कि कर्नल शराब पीकर गुस्से में आ जाता है। उसे हॉस्पिटल में नौकरी से निकालने का भी यही कारण था। शिकायत के बाद पुलिस बड़ी मुश्किल से रिटायर्ड कर्नल को थाने लेकर पहुंची। यहां उसने अपनी पैंट खोल दी। पुलिसकर्मियों ने वीडियो बनाया तो उलझने लगा। इस दौरान कर्नल का भाई भी थाने पहुंचा, लेकिन उसके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने फिलहाल शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

# प्रशिक्षणार्थियों ने सिपेट के प्रशिक्षण के दौरान हुए अनुभव साझा किये

**जयपुर** । केन्द्र सरकार की संस्था सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट), जयपुर एवं गेल इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत राजस्थान के बेरोजगार युवाओ के लिए 6 माह की अवधि का निःशुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्लास्टिक्स प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेटर का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर गेल इंडिया लिमिटेड जयपुर के उप-महाप्रबन्धक राहुल चौधरी उपस्थित थे।

राहुल चौधरी ने बताया की गेल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत राजस्थान के बेरोजगार युवाओ के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में बेरोजगारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है इससे एक चुनौती के रूप में लेते हुए सिपेट द्वारा पूर्ण ईमानदारी से अकुशल युवाओ को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है साथ ही रोजगार प्राप्त प्रशिक्षनार्थियो को मन लगाकर काम करने का सुझाव दिया जिससे वे ओर अधिक तकनीकी ज्ञान में निपुण हो सके तथा अपनी आजीविका में उतरोतर वृद्धि कर सके। सिपेट-जयपुर के निदेशक एवं प्रमुख संजय चौधरी ने बताया की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओ को प्लास्टिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है तथा उन्हें रोजगार प्रदान करना है ताकि वे रोजगार प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को ऊँचा उठा सके तथा समाज से कंधे से कन्धा मिला कर चल सके । कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियो द्वारा सिपेट में प्रशिक्षण दौरान हुए अनुभव साझा किये गये एवं अन्त में सफल प्रशिक्षनार्थियो को प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र वितरित किये गये । कार्यक्रम के अन्त में श्री अनुपम ने धन्यवाद् ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक कुमार शर्मा द्वारा किया गया इस दौरान कार्यक्रम में सिपेट के प्रशिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



**'तकनीकी ज्ञान से रोजगार की ओर उन्मुख' कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

# बिजली केबल काटते समय युवक झुलसा, मौत

**जयपुर** (कासं)। शहर के भांकरोटा इलाके में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। खम्बे पर लगी बिजली केबल को काटते समय यह हादसा हुआ। करंट से झुलस कर युवक नीचे जमीन पर गिरा, इससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। भांकरोटा थाना पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में अजयराजपुरा सेज बगरू निवासी लल्लूराम (40) की मौत हो गई। वह महापुरा मोड स्थित यूडीबी हरमनी वेयफेयर सोसायटी में सेनेट्री का काम करता था। बुधवार को कंपनी के मैनेजर अभय सिंह ने कॉल कर उसे बुलाया। हेल्पर बाबूलाल के साथ वह ऑफिस पहुंचा। सेनेट्री का काम करने वाले लल्लूराम को बिजली की एक केबल काटने को कहा। बिजली चालू होने की पूछने पर मैनेजर अभय ने पिछले 6 महीने से लाइट बंद होने की कहा। इस पर लल्लूराम ने सीढ़ी लगाकर खम्बे पर चढ़कर जैसे ही बिजली की केबल काटी, तभी लाइन चालू होने के कारण उसे करंट लगा।

# एसएमएस अस्पताल में बच्चियों से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश गिरफ्तार

- **15 दिन में 2 बार बच्चियों से छेड़छाड़ की, तीसरी बार अस्पताल पहुंचा तो पुलिस ने दबोचा**

**जयपुर** । महिलाओं और बच्चियों से छेड़छाड़ और गलत हरकतें करने वाले बदमाश को एसएमएस थाना पुलिस ने दबोचा है। एसएमएस अस्पताल परिसर में पिछले 15 दिन में दो बार ऐसी ही घटना हुई। गनीमत रही कि दोनों ही बार आरोपी अपने गलत मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका। इधर, पुलिस को जैसे ही मामले की जानकारी मिली अलर्ट मोड में आ गई। एसएमएस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक संदिग्ध नजर आया और उसकी धर-पकड़ तेज कर दी गई। आखिरकार गुरुवार को फिर से बदनियती के साथ अस्पताल परिसर में आए आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया।

एसएमएस अस्पताल थानाधिकारी नवरत्न धोलिया ने बताया कि मूलतः अरौदा, भरतपुर निवासी गोपाललाल शर्मा (40) को गिरफ्तार किया गया है। वह यहां करतारपुरा में एक पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। आरोपी गत 16 मई को बजाज नगर इलाके के एक मैरिज गार्डन में कार्यक्रम के दौरान 6 वर्ष की बालिका को बहला-फुसलाकर ले गया। कुछ दूरी पर दो-तीन युवकों ने उसे रोका तो वह बच्ची को छोड़कर भाग गया था। इसके बाद16 जून को एसएमएस अस्पताल के वेटिंग हॉल के बाथरूम में 7 वर्षीय बच्ची को दबोचकर छेड़छाड़ की। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग छूटा था। 29 जून को पुनः एसएमएस अस्पताल पहुंचा और बैंच पर अकेली बैठी 8 वर्षीय बच्ची को मास्क लगाने का बहाना करके ले गया। इतनी ही देर में बच्ची की मां डॉक्टर को दिखाकर आई। तभी बच्ची की नजर मां पर पड़ गई, शोर मचाया तो आरोपी भाग गया।

## सार-समाचार

### जनाना हॉस्पिटल की अधीक्षक का स्वागत



**जयपुर** । चाँदपोल स्थित जनाना हॉस्पिटल में डॉक्टर्स-डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। साथ ही नवनियुक्त अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा का चिकिसक, नर्सिंग ऑफिसर्स व पैरामेडिकल्स ने फूल-गुलदस्ते देकर स्वागत व अभिनंदन किया। ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी ने बताया कि अधीक्षक डॉ. मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा की नर ही नारायण सेवा है। गर्भवती महिलाओं और सामान्य मरीजों को और बेहतर सेवाओं के लिये हर सकारात्मक प्रयास किये जायेंगे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. के.पी.बनर्जी, डॉ. नीलम भारद्वाज, डॉ. ओपी नायक, डॉ. नीलम मीणा, डॉ. सुनीता हेमानी, डॉ. सुरेश बैरवा, नर्सिंग अधीक्षक शैलेशा सोलोमन, अशोक मेहता, सारिका शर्मा, ब्लड-बैंक सुपरवाइजर महेश सैनी, लेखाधिकारी शम्भु-दयाल मीणा, भवानी सिंह व प्रशानिक अधिकारी त्रिलोक शर्मा सहित कई चिकिसक, नर्सिंग ऑफिसर्स व पैरामेडिकल्स उपस्थित रहे। सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### जयपुर संभाग में इंटरनेट आज भी बंद

**जयपुर** । संभागीय आयुक्त विकास सीतारामजी भाले ने आदेश जारी कर उदयपुर जिले में घटित हुई हत्याकांड की घटना को मध्यनजर रखते हुए जयपुर संभाग के जयपुर, अलवर एवं दौसा के समस्त राजस्व सीमा में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था एवं लोक सुरक्षा अथवा लोक आपात को दृष्टिगत रखते हुये 1 जुलाई को शाम 5.30 बजे से आगामी 24 घंटे के लिये दिनांक 2 जुलाई को सांय 5.30 बजे तक इंटरनेट (लीज लाइन-ब्रॉडबैंड सेवाओं व लैंडलाइन फोन के साथ इंटरनेट सेवा को छोड़ते हुए) पर अस्थाई प्रतिबंध लागू रहेगा। शुक्रवार को जारी आदेशानुसार संभाग के जयपुर, अलवर एवं दौसा के सम्पूर्ण राजस्व सीमा में आगामी 24 घंटे तक प्रभावी रूप से इंटरनेट सेवा पर लागू रहेगा।

### बिजनेसमैन से मारपीट कर नकदी छीनी

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में कार सवार दो बदमाशों ने मारपीट कर एक बिजनेसमैन से लूट की वारदात की। बदमाशों ने कार चढ़ाकर बिजनेसमैन को मारने का प्रयास भी किया। करधनी थाना पुलिस ने नाकाबंदी लगाई, लेकिन कार सवार बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि रमनेशपुरी निवारू रोड निवासी मनोज कुमार सैनी के साथ लूट की वारदात हुई। 27 जून को सुबह करीब 8 बजे वह घर से कार लेकर झोटवाड़ा स्थित फैक्ट्री जा रहा था। वैद्यजी का चौराहा पर कार सवार बदमाशों ने उसकी कार के आगे अपनी कार लगाकर रोक लिया। मारपीट कर बिजनेसमैन से उसकी जेब में रखे 25 हजार रुपए लूट लिए। भागते समय कार चढ़ाकर मारने की कोशिश की, लेकिन साइड में गिरने से उसकी जान बच गई। लोगों के इकट्ठा होने पर बदमाश कार लेकर वहां से भाग निकले। मारपीट से पीड़ित के दोनों हाथ-पैरों में चोट आई है। पुलिस कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

### यूपी की महिला से जयपुर में दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। महिला को नौकरी दिलाने के बहाने परिचित युवक ने उसे होटल में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपी उसे झांसा देकर उत्तर प्रदेश से जयपुर लेकर आया था। आदर्श नगर थाने में पीड़िता ने आरोपित परिचित के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि आगरा उत्तर प्रदेश निवासी 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति की कुछ समय पहले मौत हो गई। वह जॉब की तलाश कर रही थी। नई मण्डी आगरा निवासी अंकुर शर्मा उसका पुराना परिचित है। जॉब ढूंढ़ने का पता चलने पर आरोपी अंकुर ने उससे संपर्क किया और जयपुर में जॉब लगाने का झांसा दिया। बातों में आने पर अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी दिलाने की कहकर जयपुर चलने को कहा। 1 जून की दोपहर करीब 4:30 बजे वह परिचित अंकुर के साथ जयपुर आ गई। आरोपी अंकुर उसे राजापार्क गोविंद मार्ग स्थित होटल रमाड़ा में ले गया। जहां होटल के रूम में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। विरोध करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर चुप करवा दिया।

# कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड के विरोध में बड़ा प्रदर्शन कल

## सर्व हिंदू समाज के आव्हान पर जयपुर में करीब एक लाख लोग जुटने की संभावना

- **बड़ी चौपड़ से लेकर सांगानेरी गेट तक मौन जुलूस निकाला जायेगा, हनुमान चालीसा के पाठ होंगे**
- **विरोध-प्रदर्शन को लेकर पुलिस बल तैयारियों में जुटा**


**जयपुर** (कासं)। उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल साहू की हत्या का हिन्दू समाज में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों के आक्रोश के चलते गुरुवार को जयपुर बंद रहा। अब सर्व हिन्दू समाज की ओर से रविवार को जयपुर शहर में बड़ा विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में एक लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। जिसके चलते पुलिस-प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर आ गई है।

प्रदर्शन के दौरान शान्ति और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुट गया है। पुलिस ने इसके लिए अतिरिक्त जाप्ता भी मंगवाया है। जगह-जगह पर भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। प्रदर्शन वाले स्थानों का ड्रोन से सर्वे करवाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के लिए अम्बाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में शुक्रवार को हिन्दू समाज, संगठनों की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के अलावा कई समाज व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भाजपा के पदाधिकारी भी यहां पहुंचे। बैठक में लोगों से सुबह 10 बजे बड़ी चौपड़ पर एकत्र होने का आह्वान किया गया है। बड़ी चौपड़ पर पहले सभा होगी और उसके बाद सांगानेरी गेट तक मौन जुलूस निकाला जाएगा। फिर सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों से अनुशासित रहने और किसी तरह की नारेबाजी नहीं करने की अपील की गई है। जुलूस में पूरी तरह मौन रहने का आह्वान किया है।

# बारिश की रिमझिम फुहारों से दिनभर भीगा जयपुर



**मानसून की रिमझिम बारिश ने लगातार दूसरे दिन जयपुर शहर को भिगोया। कभी तेज को भी मध्यम बरसात से शहर का मौसम खुशनुमा बना, गर्मी से परेशान लोगों ने भी इन रिमझिम फुंहारों में भीगकर आनंद उठाया।** फोटो-राष्ट्रदूत

# टेलीकॉम कंपनियों ने कर दी शहर की सड़कें खोखली?

## मानसरोवर में वी.टी.रोड पर शुक्रवार को 2 जगह सड़क धंसी, बड़ा हादसा टला

- **पिछले दिनों शिप्रापथ पर 900 एमएम की सीवरेज लाइन में लिकेज का कारण भी एयरटेल-जीओ कंपनी की भूमिगत केबल्स का बताया गया था, यहां धंसी 40 फीट रोड पर अभी तक यातायात सुचारू नहीं हो पाया है**

**जयपुर** (कासं)। मानसून की हल्की सी बारिश ने राजधानी जयपुर की सड़कों की पोल खोलकर रख दी है। शुक्रवार को मानसरोवर के वीटी रोड पर अचानक दो जगह सड़क धंस गई। गनीमत रही इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। प्रत्यदर्शियों के अनुसार करीब 5-6 फीट चौड़ा और 8 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हो गया हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस और मानसरोवर नगर निगम जोन से टीम मौके पर पहुंची और बैरिकेट लगाकर रूट डायवर्ट किया। इससे पहले भी पिछले दिनों मानसरोवर में ही शिप्रापथ पर द्वारकाधीश गार्डन के पास 40 फीट लंबी सड़क धंस गई थी। यहां सीवरेज लाइन टूटने के कारण धंस सड़क पर अब तक यातायात सुचारू नहीं हो सका। इस लाइन में लिकेज का कारण भी सीवरेज लाइन के नजदीक एयरटेल-जीओ कंपनी की भूमिगत केबल्स डालने को बतया गया था।

अब शुक्रवार को वीटी रोड पर दो जगह सडक़ धंसने से गहरे गड्ढे हो गए हैं। बताया जा रहा है कि शहर में जगह-जगह एयरटेल-जीओ, एसीटी समेत कई टेलीकॉल कंपनियां फाइबर केबल डालने का काम रही है, इन लाइनों को भूमिगत बिछाने के चक्कर में सड़कों को कमजोर कर दिया गया हैं। इसके बावजूद नगर निगम और जेडीए प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि दोनों विभागों को केबल बिछाने के बाद सडक़ की जांच करनी होती है, ताकि किसी तरह की कमी रहने पर उसे तुरंत ठीक किया जा सके। नगर निगम और जेडीए प्रशासन टेलीकॉम कंपनियों को केबल बिछाने की परमिशन देता हैं।

# एशिया की सबसे बड़ी मुहाना मंडी अगर पॉलीथिन मुक्त बनती है तो यूडी टैक्स में राहत देने की सोचेंगे : सौम्या




**ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के मुद्दे पर मुहाना मंडी में किसान-व्यापारियों से संवाद किया।**

**जयपुर** । मुहाना मंडी के ओम तंवर सब्जी ब्लॉक में शुक्रवार को जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ की ओर से महापौर अधिकारी-कारोबारी संवाद कार्यक्रम हुआ। यहां मुख्य अतिथि ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर रही, जबकि मानसरोवर सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर यादव, मुहाना मंडी सचिव मनोहर लाल गुप्ता, मुहाना थानाधिकारी लखन सिंह खटाना विशिष्ट अतिथि रहे।

मुहाना सब्जी मंडी के अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि 1 जुलाई से जयपुर सहित देशभर में सिंगल यूज प्लॉस्टिक बैन हुआ है। मुहाना मंडी में किसान और बाहरी राज्यों के फल-सब्जी विक्रेता पॉलीथीन में ही उत्पाद पैक करके भेजते है, ऐसे में समयावधि में राहत और विकल्पों को लेकर आमसभा आयोजित हुई। इस दौरान राहुल तंवर ने मुहाना मंडी की समस्याओं से महापौर को रूबरू कराया। कारोबारियों ने यूडी टैक्स नोटिसों से निजात देने की मांग उठाई। मेयर सौम्या गुर्जर ने सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर बैन से जुड़े मुद्दे पर कहा कि अगर मुहाना मंडी प्रदेश और देश की पहली पॉलीथीन मुक्त मंडी बनती है तो यूडी टैक्स में राहत पर विचार करेंगी। मानसरोवर एसीपी हरिशंकर यादव ने व्यापारियों से प्रत्येक दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा।

# तीन माह से धरने पर बैठे हैल्थ वर्कर्स को पुलिस ने खदेड़ा

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार के खिलाफ शहीद स्मारक पर पिछले 3 माह से धरने पर बैठे हेल्थ वर्कर्स को पुलिस ने गुरूवार देर शाम जबरदस्ती खत्म करवाया। गुरुवार रात शहीद स्मारक पर पहुंची पुलिस की टीम ने हेल्थकर्मियों को वहां से खदेड़ा। जब प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर जयपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में छोड़ दिया। शुक्रवार को जब प्रदर्शनकारियों ने फिर से धरनास्थल पर इकट्ठा होने की कोशिश की। तो पुलिस ने उन्हें एक बार फिर खदेड़ दिया और शदीद स्मारक को छावनी में तब्दील कर दिया। दरअसल, संविदा कैडर में भर्ती की मांग को लेकर पिछले 91 दिनों से हेल्थ वर्कर्स जयपुर में धरना दे रहे थे। वहीं शनिवार को भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर उर्फ़ रावण भी के समर्थन में जयपुर में सभा करने वाले थे। लेकिन पुलिस ने एक दिन पहले ही के धरने को ख़त्म कर दिया। जिसके बाद अब प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ऐसे में रावण की एंट्री से पहले ही पुलिस पूरी तरह से एक्टिव हो गई है। संघर्ष समिति के रवि चावला ने आरोप लगाया है कि सरकार के प्रतिनिधियों ने उनके साथ धोखा किया है। गुरुवार को दोपहर 5 बजे उन्हें सचिवालय में बातचीत के लिए बुलाया था। लेकिन जब बातचीत विफल हो गई तो हमें वापस भेज दिया गया।



## World UFO Day

If you're a fan of little green men, you're going to be stoked for World UFO Day. One of these days we just know that we're going to finally meet our neighbours in the universe and that day will be phenomenal beyond imagination. Whether they're flying around in saucer shaped vessels or something more akin to the massive ships we've seen in Independence Day (1996 fim), their arrival is going to change the way everyone views the universe. Let's just hope they're friendlier than those tentacled beasties from Independence Day!



#PARENTING

# Tips for Travelling with Toddlers

There are plenty of ways you can make travelling with toddlers and young kids much easier.



Holidays with babies and toddlers are very different to the trips you took while child-free. At 10am, when you previously might have been stirring from sleep or quietly reading newspapers over the breakfast buffet, you'll now be at the local playground, having already been up for four hours. At 7pm, where you previously might have been considering an aperitif before heading for a sumptuous dinner, you'll now be wielding your phone torch trying to navigate round a hotel room and find the balcony without waking your kid up.

However, that's not to say holidays with little kids can't be fun! Not relaxing of course but enjoyable as you get to explore new places through their eyes and spend time with your child without everyday responsibilities to worry about. Plus there are plenty of ways you can make travelling with toddlers and young kids much



easier as we've discovered. Read on for our top tips for holidaying with little ones.

### Consider Timings Carefully

Let's talk travel times. In the olden days, getting a super early or late flight to save a few quid was probably worth it, but once you add in the extra stress of grumpy kids, it might not be. Also, it's a good idea to choose a flight that incorporates some of their nap or sleep time – we can but dream of 20 minutes peace to read a magazine, right? Whether it's a hired car or specific train, make sure you have a plan for when you arrive at your destination because flapping around wondering how to get to your hotel with a boisterous toddler in tow will not be fun.

### Plan, Plan, Plan

Forget the old days where you could just fling loose t-shrits and some sun cream in your suitcase ten minutes before leaving for the airport - travelling with babies or toddlers requires some military-style planning. Make a list of everything you'll need with plenty of time to spare and physically tick things off as you put them in the suitcase. You will probably find that after spending days packing for your children you suddenly remember yourself and end up with one pair of shorts and an old T-shirt for the entire holiday - que sera, sera.

### Get a Lightweight Buggy

A huge recommendation for this one, particularly if you are flying. There are some absolutely brilliant buggies these days that are super lightweight and fold down into neat little packages that you can slot into the overhead lockers on a plane (which means you don't have to leave your buggy outside the doors to be shoved in with all the other luggage).

### Think Through the Entertainment

Did you know a toddler's attention span is so small it's actually invisible to the human eye? Okay, we are joking, but you know what we mean. Always pack more entertainment options than you think you might need (the same goes for plane snacks – think about what seems a reasonable amount, then double it). Good options for a plane include story books, colouring, some magic water books and pop it sensory toys. Unless you are completely anti-screens this is also a good time to crack out the cartoons.

### Invest in the Right Gear


Right from babyhood, there's a seemingly endless supply of 'must-have' gear that comes with kids and a high percentage of it you can actually do without. However, a few products have actually turned out to be very useful for us when travelling with toddlers. These include a portable black-out blind so you can block out blazing sunshine at bedtime and for kids still sliding off a normal seat, this pack-away high chair.

### Forget Perfection

We're constantly bombarded these days with images of perfect parenthood - Instagram snaps of grinning families cavorting around the beach or perfectly-dressed mothers clutching a toddler as they look out into the sunset. Remember, that's only a snapshot of most people's holidays – they've probably got just as many tantrums, arguments and nap-refusing monsters to deal with as you have. Holidaying with little ones is not going to be perfect, but if you can embrace the joyful moments and let yourself move on quickly from any tension, you'll have a fabulous time and plenty of brilliant memories to look back on.



We have heard of love stories of Laila-Majnu, Romeo-Juliet and many more where lovers are forever young and perpetually in love, and even die young. But, what happens if you grow old with your love? Does the love stay young or does the passion transform to an equally ardent abhorrence or does old age take away all that desire and leave you with a resigned acceptance of your fate and partner?



King Dasharatha grieves inconsolably at his obligation to banish Rama to the forest.

#TRANSIT

# From passion to resigned acceptance



**Shania Kapur**
*The writer is a translator and a lover of classics*

Given the position that elders hold in our society, be it as parents or teachers or political leaders, you would imagine that, traditionally, we do not participate in the cult of the young and lovely. In the stories that we valorise and tell over and over again, age takes precedence over beauty, wisdom is more important than energy. But despite the apparent respect we have for older people, we don't have many stories about how people age in love and in togetherness or how they adjust to a world that changes around them. Our love stories Nala and Damayanti, Savitri and Satyavan, Rama and Sita, are all about young people, their love in its first rosy flush, their romance in its first delicate bloom. Heer-Ranjha, Laila-Majnu are interrupted by death before they can be reunited and grow old together. They remain forever young -- forever in love.

### The young and the beautiful

In Sanskrit stories, lovers are almost always described in formulaic phrases that translate as 'endowed with youth and beauty'. We rarely hear about them as older people who have learnt that a rose has thorns; that there is a pain not only in separation but in love itself. Of course, we do not expect the gods to age but we know nothing of how mortal lovers in these stories age together. We don't even know if they age like us, with grey hair and wrinkles and creaky bones. The universe of 'story literatures' tends to be more realistic in terms of older people falling in love. But the older woman who falls in love with a younger man, even if she is a courtesan becomes a laughing stock while the older man besotted with his young wife (who is usually cuckolding him) is mocked gently.



Envious Manthara sways Kaikeyi.

### The destiny of passion

In our myths, though it is possible for a younger woman to be paired with an older man: Ahalya and Gautama come immediately to mind. One might think also of the apsara Menaka, eternally 'endowed with youth and beauty', who is sent to seduce the possibly much older Vishwamitra. Neither of these couples grew old together: Gautama turned his young and lovely wife into a stone because she had sought a more attractive lover and Vishwamitra abandoned both Menaka and their daughter in his quest for ascetic superiority.

### The heartbreaks

Where we do encounter husbands and wives growing old together is in the Ramayan and the Mahabharata, the epics remain silent on how old couples actually are -- we calculate through other indications that Rama is about 16 when he marries Sita and that he is about 24 when he goes into exile. The hyperbolic Bala Kanda of Valmiki's Ramayan tells us that Dasharatha is 60,000 years old when his children are born, but in the more reasonable and realistic Ayodhya Kand, when Dasharatha is ready to crown young Rama he tells the assembled kings that he wants to give up his duties because he 'has grown old in the shadow of the royal umbrella'. Although Dasharatha has three wives, it is clear that in these later years of his life, it is Kaikeyi who has the king's heart.

Kaikeyi summons Dasharatha after his proclamation of Rama's coronation. Innocent of the cataclysm that awaits him, he enters the room and sees her lying on the floor. "He caressed her gently, with deep humility, as a tusker might stroke his mate who has been injured by a hunter's arrow. The lovelorn king spoke anxiously... "Could I have displeased you in any way?...Is there anything I can do to make you happy? Would you like an innocent man punished? Or a guilty man set free? I will do anything you ask, even give up my life!" ...Dasharatha, who was held completely in thrall by his younger wife, smiled and said: "...You know how much I love you. Ask me for anything and lift my heart from the depths of despair. I swear by all the merit I have earned for my good deeds that I shall do whatever you ask!" Dasharatha, the noble, wise and just king, is willing to stake his reputation in this world and his merit in the next world just to keep his young wife happy. Perhaps because it is with her that he feels young and loved, a man rather than a king.

### In the throes of passion

The king's infatuation appears to be a well-known fact in the palace, judging from Lakshmana's reaction to the news of Rama's exile. He says to Kaushalya, "I do not like the fact that Rama has to give up the kingdom and go into the forest because of a woman's whim. The king is old and senile, and succumbs to his lust. Who knows what he might say in the throes of passion!"

### A mother's agony

Kaushalya, Dasharatha's senior wife and royal consort, is painfully aware of her own place in the king's life and heart. When Rama tells her that he is going into exile, Kaushalya is devastated. She says, "Earlier too, I had neither the good fortune nor the happiness of being my husband's favourite. But I waited for the joy that would arise from the birth of a son. Though I am superior to all the king's other wives, I have had to tolerate many remarks from them that have wounded me deeply. Whose sorrow could be greater than mine? I have been insulted while you are still here. Imagine what will happen when you are gone!"



The Death of King Dasharatha, the Father of Rama. A folio from Ramayana.

### Love begets hate

Sumitra, the mother of the twins, Lakshmana and Shatrughna, is practically non-existent in the story and it is to Kaushalya that Dasharatha turns when Rama leaves the city. As the three queens lead him back into the palace, he lashes out at Kaikeyi, "Do not touch me, you wicked creature. I never wish to set my eyes on you again! Henceforth, you are neither my wife nor even a member of my family!" Later, he asks to be taken to Kaushalya's chambers, where he says to her, "Kaushalya, touch me, I cannot see you. My eyes which followed Rama have not yet returned to me." Kaushalya sat beside the grieving king and wept softly.

### Resigned tenderness

Dasharatha's last days are filled with a tenderness for a wife he never loved but who stood by him despite that. Kaushalya's bitterness is eased somewhat by the fact that her husband eventually died in her arms, rejecting the other woman to whom he had previously surrendered in every way. As with Gandhari and Dhritarashtra in the Mahabharat, the ageing king and queen in the Ramayan come together with resignation rather than love, with an acceptance that one's old age should be spent with familiars if not beloveds, with a weary gratitude rather than with a remembered passion. They mourn the loss of their children together, a bond that far exceeds any other infatuation or distraction. After the bloody war is over in the Mahabharat, Kunti walks with Gandhari and Dhritarashtra towards a blazing forest and we assume that all three are consumed in those flames. Dasharatha dies soon after Rama's departure but Kaushalya is reinstated as the Queen Mother after his death.

### The last years

This picture of how people spend their later years is not the most exciting. But set this against the prescription of vanaprastha, the forest life suggested for those who have fulfilled their worldly responsibilities -- married off their children, paid their debts, settled their dues, both karmic and temporal- and perhaps the lack of continued romance has a larger context. Older people retire from domesticity and while they might continue to live together, their focus shifts away from each other.

### A celibate togetherness

Layer this further with the ideal of asceticism and celibacy, and you can imagine that older people are certainly expected to turn away from each other's physicality and sublimate whatever sexual desire they might have had for each other. Rama and Sita meet many sages and their wives during their time in the forest. These virtuous couples live simple lives in peaceful communities with other people like themselves; their days and nights punctuated by the rituals of fasting and praying. The sages are wise and mellow (unlike Durvasa, Narada and Vishwamitra, who are not married), their wives are gentle, providing succour as well as companionship. While the setting for their lives might be idyllic, it might even be an appropriate preparation for the great journey ahead, it is anything but romantic.

### Spectrums of love

It's probably worthwhile to remember that what we find in the Hindu epics and Sanskrit literature are descriptions of upper-caste lives and loves, pertaining to Brahmins and Kshatriyas primarily, and perhaps a merchant or two. Our robust folk tales, which come from across the spectrum of caste, class and creed, possibly speak of a more lively future for those of us who continue to love and lust into our old age.

writetoarbit@rashtradoot.com

#MOVIE REVIEW

# Thar: a saga of crime & retribution

Filmed in locations across Pali and Udaipur districts of Rajasthan, the movie showcases an alternative geography to the sandy dunes or the Rajpootana splendour usually associated with the state of Rajasthan.

## Thar

**Director:** Raj Singh Chaudhari
**Production:** Anil Kapoor Films and Communication Network
**Starring:** Anil Kapoor, Harshvardhan Kapoor, Fatima Sana Sheikh, Satish Kaushik
**Cinematography:** Shreya Dev Dube
**Genre:** Thriller, Western
**Streaming:** Netflix





**Dr. Nilanjana Mukherjee**
*Associate Professor*
*Bhagat Singh College*
*University of Delhi*

The Western is a movie genre which particularly came up in Hollywood in the late nineteen and early twentieth centuries dealing with the 'Wild West' or the 'Old West'. The Westerns came up as a major defining genre of the American movie industry depicting themes about the conquest of wild western frontiers of America.

Recognised by their racy, pulsating plots of crime, thrills, intrigue and action, cinema of this kind were picturised on rugged landscapes, invigorated by cigar chewing tough men on dust-stirring, galloping horses donning cowboy hats, rolled up sleeves and roughshod boots. In a way, this kind of cinema glamorised a colonial-patriarchal control of an unclaimed, uncharted landscape, which was essentially perceived as a wasteland, until it could be owned, occupied and tamed by a disciplining territorial gaze. This genre was adapted in a variety of ways all over the world including in India. One of India's most iconic movies, Sholay (and the one, present movie under discussion, refers to on several occasions) can be squarely placed in the category of the Dacoit Western. It is a bit uncanny, however when the Westside is packaged and comes home as a Neo Western Noir adapted to include the rugged West of India: the arid terrain of the Western part of Rajasthan, the Thar Desert. Yet, the landscape showcased here is very different from the usual sand desert which exists in popular mainstream touristy imagination.

Filmed in locations across Pali and Udaipur districts of Rajasthan, the movie showcases an alternative geography to the sandy dunes or the Rajpootana splendour, usually associated with the state of Rajasthan. The biggest merit of this movie is its cinematography, a combination of slick camera work and captivating drone shots which glide over horizons, capturing kilometres of empty land, devoid of vegetation, untrammelled by people's presences.

### Historical Context

The very first scene of the movie and its introductory voice over gives a historical context to this location. The people of this settlement are likened to the ever-shifting grains of sand, who with the Partition of India, have crossed over from the other side to settle on the Indian side of the border. The hamlet is jerked out of its inertia when a couple of murders take place.

The narrative unfurls through the perspective of Police Inspector Surekha Singh played by Anil Kapoor, whose many conversations with his aide, Bhure, played by Satish Kaushik, propels the investigation forward. As the plot unfolds one finds this settlement at the centre stage of a network of crime. At one level, it is caught in the racket of cross border narco smuggling. But that too is only on the surface. At a deeper level, there is an undertone of a more rooted malaise connecting it to the dark urban underbellies, marked with crime and murk of the most heinous nature.

The barren region's nemesis is the presence of rapacious migrant men who go off to the cities on questionable callings of undisclosed work and of the women they leave behind languishing in neglect and loneliness, looking after home and hearth, waiting only for their men to return or simply waiting for remittances to run the household. Their quivering bodies are the very emblems of longing and desire. This emotion is rooted in the community and one can recall numerous Marwari folk songs routinely sung in ritual social gatherings by Rajasthani women which talk of plights of women left behind, their pangs of separation and transgressive desires.

In this movie, Chetna's (played by Fatima Sana Shaikh) body becomes the very embodiment of the barren desert, where she must wait endlessly and silently in a neglected corner for a capable man to come from somewhere to own and impregnate her. The theme of forbidden desire is foregrounded soon enough in one of the opening scenes, reiterated later in the future developments in the story. Therefore, border crossings and transgressions happen on multiple spatial, moral and physical levels.



Anil Kapoor & Harshvardhan Kapoor in Thar.

### Revenge Tragedy

This movie is also a revenge tragedy. In a regimen which begets and justifies crime against crime, the violence perpetrated by an outsider is ostensibly legitimised as a reaction to an earlier one. What is interesting here is a recognisable pattern of an age-old presumption about equating migrancy with indiscipline, lawlessness and moral degradation. Just as the British colonial law implicated mobile people from this region with penal categories of criminal status on paper by notifying them so, such free moving people who become part of a fluctuating urban labour class are no less seen with suspicion even to this day. Unfortunately, cinematic representations often reinforce such social stereotypes. Panna (played by Jitendra Joshi) and his friends are migrants who can go to any length for money or fall to any degree for lust.

Director Raj Singh Chaudhari's personal acquaintance with the place adds another dimension to this scenery. Captured over a time lapse the poignantly haunting scenes of a slowly dying, static and lifeless bison, reducing into a carcass, eyes open and fixated, punctuate the narrative. The gliding eagle over miles of empty nothingness below are equally breath-taking. The cruelty of the landscape is matched with the depictions of heartless violence. Thar becomes the eponymous protagonist of the movie. As referred to earlier, the barrenness, destitution and infertility of the landscape resonates with the barrenness of the female body here until a retributive action remedies the wrong. The genre of the Western with its reverberating theme of control of wild geographies, becomes all the more appropriate in this way.

### Friendship and Camaraderie

It feels strange also to see rural Rajasthani women in full public gaze, without veils and men without their usual caste marker pagris. In fact, there is little reference to caste in the dialogues too. In a society which is ridden with caste practices till today, the idea of a historical setting goes for a toss because one would expect visibility of such practices in a much more obvious way. There are a few references to caste; in the forbidden inter-caste love affair, in one of the early scenes, and later in Bhure's love for his uniform which allows him to elite caste identity.




Fatima Sana Sheikh in Thar.

Bhure and Inspector Singh's friendship and camaraderie provide the most endearing moments in the film jogging our memories of Mr. India. Both Anil Kapoor and Satish Kaushik play their parts convincingly. Harshvardhan Kapoor's Siddharth, is however, the most difficult to come to terms with. He is meant to be this enigmatic swashbuckling stranger with dark secrets but only appears to be an expressionless urban gentleman with deep innocent eyes. His menacing and repugnant actions in the story are a mismatch with his meek and subdued performance. It is for Anil Kapoor's Inspector Singh, then to assume the role of the freebooting hero of the Westerns, albeit a desi version, riding along the desert in his bullet, sun glasses and leather jacket, noting things down in his tiny red hardbound notebook at the fag end of his long stint as Inspector of this region. He shoulders much of the responsibility of his production's success on his own but with elan.

writetoarbit@rashtradoot.com

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मानसून की पहली बारिश से अजमेर की सड़कें लबालब

## निचली बस्तियों में भरा पानी, लोगों ने जमकर बारिश का लिया लुत्फ़



अजमेर शहर के वार्ड नंबर 54 में गली नंबर दो व उसके आस-पास के इलाके में पानी मकानों के बाहर तक भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**अजमेर,** (कासं)। पूरे जून माह झुलसाने वाली गर्मी और तपिश के बाद आखिर 1 जुलाई को मानसून ने अजमेर में दस्तक दे दी और शुक्रवार सुबह से ही आसमान में छाई काली घटाएं जमकर बरसी। कई दिनों के इंतजार के बाद आखिर 8 दिन की देरी से ही सही मानसून ने प्रदेश में प्रवेश कर लिया। इस बार मानसून ने रास्ता बदलकर भरतपुर संभाग के रास्ते राजस्थान में प्रवेश किया।

गुरुवार को प्रदेश में पहुंचे मानसून की पहली बारिश शुक्रवार को अजमेर में इस कदर हुई की, गली मोहल्ले की सड़कें पानी से लबालब भर गई। वहीं नाले उफनने लगे, लोगों ने जमकर पहली बारिश का लुत्फ़ लिया। निचले इलाकों में तो घुटने से ऊपर भरे पानी में लोग अपने जरूरी काम करने को मजबूर दिखे, तो वही बच्चों ने पानी में उछल कूदकर जमकर अठखेलियां करते हुए बरसात का आनंद लिया। लोगों ने बताया कि जल है तो कल है पानी की बहुत जरूरत है। ऐसे में पहली बारिश ने बता दिया है कि मानसून झूमकर बरसेगा और बीसलपुर सहित नदी नाले जलमग्न होंगे।

अच्छी बरसात से किसानों के चेहरे खिलेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिन उदयपुर, जयपुर, अजमेर संभाग में मानसून पूरी तरह से छा जाएगा और अधिकतर हिस्सों में जमकर बरसात होगी। स्मार्ट सिटी के तहत अजमेर में चल रहे एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों की वजह से जगह जगह खड्डे होने और पानी भरने की समस्या से शहर वासियों को दो-चार होना पड़ा तो वही बारिश के दौरान भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए यातायात पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात दिखे।

वही शहर की स्मार्ट सडके व कॉलोनियों सहित शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा तो वही शहर के वार्ड नम्बर 54 में गली नम्बर दो व उसके आसपास के इलाके में पानी मकानों के बाहर तक पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना कर पड रहा है।

## किडनैप किए युवक का शव नहर के पास मिला

**सूरतगढ़,** (कासं)। राजियासर में बुधवार को जसवंत गोदारा (25) को उसकी दुकान से किडनैप कर लिया गया। दुकान में खून के धब्बे देख परिजनों को आशंका हुई तो पुलिस को रिपोर्ट लिखाई। 48 घंटे बाद भी पुलिस को किडनैपर्स का पता नहीं लगा। गुरूवार देर रात 10 बजे इंदिरा गांधी नहर में 330 आरडी के पास जसवंत की कुचली हुई लाश मिली। इसके बाद से युवक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। बुधवार को युवक के अपहरण के बाद राजियासर पुलिस ने दो युवकों को राउंडअप किया था। पूछताछ के दौरान वारदात से जुड़ी अहम जानकारी मिली। पुलिस ने आईजीएनपी से युवक जसवंत गोदारा के शव को बरामद किया। शव को सूरतगढ़ के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जसवंत गोदारा बुधवार को राजियासर स्थित दुकान गया था। वहीं से किडनैप हुआ। युवक के भाई लीलाधर ने तीन युवकों गोपी राम, रामकुमार बेनीवाल और पंकज शर्मा के खिलाफ किडनैप करने का मामला दर्ज कराया। ग्रामीण बोले- शव की हालत इस कदर खराब थी कि चेहरे से शिनाख्त नहीं हो सकी। कपड़े व टैटू से शिनाख्त हुई।

युवक का शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सूरतगढ़ में डीएसपी कार्यालय के आगे धरना दिया। बीकानेर आईजी ने मामले में खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीएसपी शिवरतन गोदारा ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर पैसों के लेनदेन की बात सामने आ रही है। यह हत्या की वजह हो सकती है। सात लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा करेंगे। हालांकि पुलिस इस दावे से इनकार कर रही है।

# नौ माह से फरार नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

## घटनास्थल की फोटोग्राफी कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले



कोतवाली थाना पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

**करौली,** (नि.सं.)। गत वर्ष सितंबर माह में एक मकान से लगभग 1200000 रुपए के सोने चांदी के आभूषण व अस्सी हजार रूपये की नकदी चुरा कर ले जाने के आरोप में 9 माह से फरार चल रहे इनामी शातिर को कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार गत वर्ष 21 सितंबर को सोहनलाल पुत्र हरगोविंद जाति माली निवासी परशुराम खिड़कियां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मकान से कोई चोर लगभग 1200000 के सोने चांदी के आभूषण एवं 8000000 रुपए की नगदी चुरा कर ले गया। मामले में घटनास्थल की फोटोग्राफी करवाई गई तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए जिसमें संदिग्ध आरोपियों की सीडीआर व बीटीएस प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। मामले में आरोपी मुफीद पुत्र बशीर जाति मुसलमान निवासी मदीना मस्जिद के पास चूली गेट गंगापुर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। शेष बांछित मदन लाल उर्फ मदन पुत्र जगमाल जाति नायक निवासी भानसर थाना छतर गढ़ जिला बीकानेर की तलाश जारी जारी थी। पुलिस ने वांछित आरोपी मदन का अपराधिक रिकॉर्ड थाना छतरपुर जिला बीकानेर से प्राप्त किया।

पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी पर 2000 का इनाम भी घोषित किया गया था। गठित टीम ने आरोपी को सूरतगढ़ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाना करौली, मानसरोवर जयपुर, भानीपुरा चूरू, कालवाड जयपुर, जोबनेर जयपुर, लूणकरणसर बीकानेर व सूरसागर जोधपुर में 8 मुकदमे दर्ज हैं।

# ओम बिरला की पहल पर कोटा की 30 महिलाओं ने संसद भवन पहुंच कार्यप्रणाली को समझा

- महिला दल ने राष्ट्रपति भवन,पार्लियामेंट म्यूजियम एवं मुगल गार्डन भी देखा

**कोटा,** (निसं)। जैन सोशल ग्रुप संगिनी फोरम कोटा की 30 महिला सदस्यों ने दिल्ली फैलोशिप टूर के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर नई दिल्ली में संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, पार्लियामेंट म्यूजियम एवं मुगल गार्डन का दौरा किया।

संगिनी फोरम की अध्यक्ष सीए निकिता जैन, उपाध्यक्ष वदंना जैन एवं सचिव सरिता जैन ने बताया कि महिलाओं में यह जिज्ञासा रहती है कि भारतीय संसदीय प्रणाली संसद में किस तरह कार्य करती है। फोरम ने लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी सांसद ओम बिरला से प्रवेश की अनुमति हेतु आग्रह किया था।

लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर 30 महिलाओं को संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन देखने की अनुमति दी गई। प्रोजेक्ट एडवाइजर बीना बिलाला ने बताया कि लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों ने महिला प्रतिनिधिमंडल को संसद का प्रोटोकॉल, सदन की कार्यप्रणाली, लोकसभा अध्यक्ष का प्रोटोकॉल, संसद भवन की सुरक्षा, स्वच्छता, संसद के सत्रों में संसद सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने की व्यवस्था, किसी विधेयक पर वोटिंग देने की प्रणाली, संसद में बैठने का क्राइटेरिया, प्रधानमंत्री की बैठक, सचिवालय की कार्यप्रणाली, सुरक्षा जांच, स्केनिंग एवं प्रवेश पत्र जैसी कई जानकारियां दी।

महिला दल ने राष्ट्रपति भवन भी देखा प्रोजेक्ट चेयरमेन सुनीता मडिया ने बताया कि महिला सदस्यों ने संसद के सेंट्रल हॉल का अवलोकन भी किया, जहां संसद का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह हुआ था। इस हॉल में विदेशी राष्ट्राध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की जाती हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर मोनिका जैन, प्रीति जैन, गीतिका जैन, आयूषी जैन ने बताया कि महिलाओं ने राष्ट्रपति भवन का अवलोकन किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल एवं उनके आवास की जानकारी दी गई। इसके पश्चात जैन संगिनी फोरम के महिला दल ने लाल किला, अक्षरधाम मंदिर एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया।

## नाले में युवक का शव मिला

**छबड़ा,** (निसं.)। कस्बे के मुक्तिधाम मार्ग पर शुक्रवार को एक व्यक्ति मृत पड़ा मिला। पुलिस ने भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू प्रारंभ कर दी हैं। सब इंस्पेक्टर चतुर्भज ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मुक्तिधाम के निकट नाले मे युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली। इस पर मृतक की शिनाख्त पवन (33) पुत्र गोपाल प्रजापत निवासी बमोरा के रूप मे की गई। मृतक के भाई गोविंद ने बताया कि संभवतया: वह गुरूवार शाम को शराब के नशे में पुलिया पर बैठा था और नाले मे सिर के बल गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। छबड़ा कस्बे के मुक्तिधाम मार्ग पर शव मिलने के बाद जांच शुरू कर दी हैं।

## मंदिर पर चढ़कर ध्वजा फाड़ी, युवक गिरफ्तार

**रेवदर,** (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर कस्बे के समीप वासन गांव में गुरुवार देर शाम को हनुमान मंदिर के ऊपर चढ़कर ध्वजा फाडकर समुदाय विशेष के खिलाफ नारेबाजी कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल करवा कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

इस घटना की सूचना मिलने पर रेवदर डीएसपी घनश्याम वर्मा, सीआई कपूराराम चौधरी सहित दल सहित गांव पहुंचे। रेवदर सीआई कपूरा राम चौधरी ने बताया कि शाम को उन्हें सूचना मिली कि नटवर पुत्र रामाजी नामक युवक वासन गांव स्थित हनुमान मंदिर के ऊपर चढ़ गया तथा मंदिर पर लगी ध्वजा को फाड़कर समुदाय विशेष को लेकर नारेबाजी कर रहा है।

उक्त सूचना पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा तथा आरोपी युवक को नीचे उतारकर थाने ले आए। प्रारंभिक पूछताछ के पश्चात उसकी मेडिकल जांच करवाई गई। मेडिकल जांच में युवक नशे में बताया गया। इस पर पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर उसे शुक्रवार सुबह कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

# पैट्रोल पम्प पर अनाधिकृत नोजल मशीन सीज, 150 लीटर डीजल जब्त

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में चलाये जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भादरा तहसील के डूंगराना व उतराधाबास स्थित पैट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया।

जिला रसद अधिकारी राकेश न्यौल ने बताया कि उतरादा बास स्थित मां काली फीलिंग स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से नोजल मशीन लगाकर डीजल पैट्रोल का विक्रय पाये जाने पर 150 लीटर डीजल जब्त कर नोजल मशीन को सीज किया गया। वहीं टिब्बी में मुख्य बाजार में डीजल भंडारण पर दुकान सीज किया गया व एक अन्य दुकान में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत 100 लीटर डीजल व 40 लीटर पैट्रोल जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान जिला रसद अधिकारी के अलावा प्रवर्तन अधिकारी विनोद ढ ाल, एपी संदीप बिश्नोई शामिल थे।

न्यौल ने बताया कि शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के अन्तर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के पेट्रोल पम्पों पर मिलावटी पैट्रोल व डीजल, कम माप तोल इत्यादि की जांच की जा रही है। 10 जून से शुरू हुए शुद्ध के लिये युद्ध अभियान में शुक्रवार तक जिले के कुल 40 पैट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें से 2 पेट्रोल पम्पों पर हरियाणा व पंजाब से पेट्रोल-डीजल क्रय कर विक्रय किया जा रहा थस जिसको सीज कर अवैध पैट्रोल -डीजल जब्त किया गया। 10 पम्पों पर अनियमितता पाये जाने पर उनके निराकरण के लिए जिला विधिक एवं माप विज्ञान अधिकारी को निर्देश दिए। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 7 स्थानों पर अवैध पैट्रोल -डीजल की बिक्री पाई गई।

# डॉ. किरोड़ीलाल मीणा मृतक कन्हैयालाल के परिवार से मिले

- किरोड़ी ने परिवार को एक माह का मूल वेतन देने की घोषणा की, परिवार को ढांढस बंधाया
- मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहियेः मीणा

**उदयपुर,** (कासं)। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। उदयपुर पहुंचने के बाद वे सेक्टर 14 स्थित कन्हैयालाल के निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढ ांढ स बंधाया और वीभत्स हत्या की निंदा की। किरोड़ी ने इसके बाद मृतक कन्हैयालाल के परिवार को अपना एक महीने का मूल वेतन देने की घोषणा की।

इस दौरान मीडिया से संक्षिप्त वार्ता में किरोड़ी ने कहा कि यह सरकार और पुलिस का फेलियर है। जब पीड़ित आपसे सुरक्षा मांग रहा है तो आप उसे सुरक्षा नहीं देते हो और जबरन समझौता करवाया जाता हैं। मुख्यमंत्री हर बात में बोलते है कि केंद्र शांति की अपील करे, इस पर किरोड़ी ने कहा कि घटना राजस्थान में हुई और शांति की अपील केंद्र से करने के लिए बोल रहे हैं। मेरा यह मानना है कि मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये।

इसके बाद राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा भाजपा कार्यकर्ता नीरज अग्निहोत्री के पिताजी के देहांत होने से उनके घर बैठने गए। यहां वे से दोपहर 3 बजे जगदीश चौक पहुंचे और भगवान जगन्नाथ यात्रा में शामिल होते हुए आशीर्वाद लिया और प्रदेश व देश में अमन चैन की कामना की। किरोड़ी इसके बाद एमबी चिकित्सालय में घायल ईश्वर गौड से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान ललित तलेसरा, नानालाल वया, नीरज अग्निहोत्री, देवेन्द्र साहू, दिनेश गुप्ता, मयूरध्वज सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्ता उनके साथ रहे।



उदयपुर पहुंच राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने दिवंगत कन्हैयालाल के परिवार को ढांढस बंधाया।

# राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष कृष्णा पूनियां ने राजीव गांधी पुरस्कारों के मापदंड तय किए

## महाराणा प्रताप व गुरू वशिष्ठ अवार्ड के लिए भी मांगे सुझाव

- 15 सदस्य कमेटी की बैठक में की गई चर्चा



राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड के लिए मापदण्ड तय करने पर चर्चा कर महाराणा प्रताप व गुरू वशिष्ठ अवार्ड के लिए 15 सदस्यीय कमेटी से सुझाव लेती राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष डॉ कृष्णा पूनियां।

**सादुलपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा घोषित राजीव गाँधी खेल रत्न अवार्ड सहित महाराणा प्रताप और गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के लिए शुक्रवार को 15 सदस्यीय कमेटी की बैठक राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष, पदमश्री एवं ओलम्पियन डॉ. कृष्णा पूनिया की अध्यक्षता में जयपुर में आहूत की गई। बैठक में पुरस्कारों के नियम कायदों के बारे में चर्चा की गई। कई पूर्व खिलाडियों ने सुझाव दिये और अपने विचार रखे। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजू लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 29 मई को खिलाडियों के सम्मान समारोह के दौरान राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की थी।

इस अवार्ड के साथ महाराणा प्रताप और गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के नियम कायदे बनाने के लिए अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाडियों के साथ विभिन्न समाचार पत्रों के खेल पत्रकारों के साथ चर्चा की गई और उन्होंने अपने सुझाव दिये। उन्होंने बताया कि सुझावों में ओलंपिक, एशियाड और कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेताओं को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार में वरीयता दी जानी चाहिए। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष, पदमश्री व ओलम्पियन डॉ. कृष्णा पूनिया नें सभी पुरस्कार विजेता खिलाडियों से चर्चा के बाद कहा कि इसे फाइनल टच देने से पहले अर्जुन पुरस्कार व द्रोणाचार्य पुरस्कार के अनुरूप और बेहतर नियम बनाने के प्रयास किये जाएंगे। इस अवसर पर कुश्ती के अर्जुन अवार्डी महासिंह राव, द्रोणाचार्य अवार्डी आर.डी.सिंह, खेल पत्रकार श्री नरेश शर्मा, संजीव गर्ग और ललित शर्मा ने भी अपने सुझाव दिये।

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता व मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया ने बैठक में अपने सुझाव देते हुए कहा कि हाईएस्ट अचीवमेंट प्राप्त खिलाडी को ही राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिया जाये और महाराणा प्रताप व गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के लिए भी मापदण्ड निर्धारित किये जाये। बैठक में सुरेश मिश्रा, वॉलीबाम्ल, अर्जुन पुरस्कार, आर.डी सिंह, एथलेटिक्स, द्रोणाचार्य पुरस्कार, महासिंह राव, कुश्ती, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता, हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुषू संघ, तेजराज सिंह, महासचिव भारतीय हैण्डबॉल महासंघ, राजू लाल, सचिव, राजस्थान राज्य ऋीडा परिषद्, जयपुर, वीरेन्द्र पूनिया, मुख्य खेल अधिकारी, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, संजीव गर्ग, खेल पत्रकार, ललित शर्मा, खेल पत्रकार, नरेश शर्मा, खेल पत्रकार, रामनिवास चौधरी, एथलेटिक्स, महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता, राजनारायण शर्मा, कबड्डी, गुरू वशिष्ठ पुरस्कार विजेता जगसीर सिंह, एथलेटिक्स, पेरालम्पियन खिलाडी श्याम सुन्दर, तीरंदाजी, पैरालम्पियन खिलाडी आदि कमेटी के सदस्यों नें भाग लिया।

## उदयपुर की घटना के विरोध में भरतपुर बंद आज

**भरतपुर,** (निसं)। उदयपुर में हुई वीभत्स हत्याकांड की घटना को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से तीसरे दिन भी शुक्रवार को सतर्कता बरती और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शनिवार को हिंदू समाज के लोगों की ओर से भरतपुर बंद का आव्हान किया गया है जिसका व्यापार संगठन व हिंदूवादी संगठनों द्वारा समर्थन किए जाने से शनिवार को भरतपुर बंद रहेगा।

- इंटरनेट बंद रखने की अवधि शनिवार 2 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक बढ़ाई

मिली जानकारी के अनुसार हिंदू समाज के लोग लक्ष्मण मंदिर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर पहुचेंगे जहां जिला कलक्टर को ज्ञापन भी दिया जाएगा। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने आदेश जारी कर भरतपुर संभाग में इंटरनेट सेवा बंद रखने की अवधि को शनिवार 2 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक बढा दी है। लोगों को इंटरनेट के लिए और भी परेशान रहना पड सकता है। भरतपुर शहर में पुलिस की ओर से शहर के मुख्य बाजारों से होकर पैदल मार्च निकाला । शहर में जगह जगह पर पुलिस सुरक्षा बढा दी गई है।

# गार्डों को चारपाई से बांधा, गोदाम से 430 थैले चना लूटे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के सदर थाना क्षेत्र में बदमाश गोदामों का ताला तोड़कर 430 थैले चने के चोरी कर ले गए। 10 से ज्यादा बदमाश ट्रक में बैठकर आये और चने के थैले भरकर ले गए।

चने के थैले लूटने आये बदमाशों ने गोदामों के दोनों सिक्योरिटी गार्डों को चारपाई पर बांध दिया और उनके साथ मारपीट कर नकदी व मोबाइल ले गए। चोरी की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोदामों का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सदर पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं, जिसके आधार पर पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है।

थाना प्रभारी चन्द्रभान धुंआ ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोदामों का मुआयना किया। नेशनल बल्क हैंडलिंग कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के कलस्टर इंचार्ज ऑपरेशन मोहम्मद जावेद काजी पुत्र लियाकत अली काजी निवासी वार्ड 7 पुरानी आबादी श्रीगगांनगर ने मामला दर्ज करवाया कि हमारी कंपनी गोदामों में एग्री कोमोडिटिज का भंडारण करने का काम करती है। हमने स्टोरेज के लिए एक गोदाम चक 4 पीबीएम डबली वास चुगता में किराये पर ले रखा। रात 1 बजे के बाद 10-12 लोग गोदाम की दीवार से अंदर घुसे और सिक्योरिटी गार्ड रामकिशन पुत्र धर्माराम, सुरेन्द्र कुमार पुत्र वरयाम चंद को चारपाई से बांधकर मारपीट की और गोदाम की चाबी छीन ली।

गोदाम इंचार्ज ने बताया कि बदमाशों ने चाबी से ताला खोलकर ट्रक गोदाम कैम्पस के अंदर ले गए। इसके बाद 3 गोदामों के बाहर की तरफ लगे शटर के ताले तोड़कर 430 थैले चने ट्रक में लोड कर ले गए। उन्होंने बताया कि आरोपी गार्ड रामकिशन से उसकी बाइक की आरसी, करीब 7 हजार रुपये और गार्ड सुरेन्द्र कुमार से उसका मोबाइल और 500 रुपये छीनकर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि गोदाम इंचार्ज की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। चन्द्रभान धुंआ ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौका-मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

धुंआ ने बताया कि पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं, जिसके आधार पर पुलिस लुटेरों को जल्द गिरफ्तार कर लेगी। सदर पुलिस ने ट्रक व लुटेरो के निकलने के कई रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं, जिससे भी पुलिस को मदद मिलने की बात सामने आई है।

# उदयपुर हत्याकांड के विरोध में बाजार बंद कर आक्रोश जताया


**रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी/ लालसोट,** (निसं)। उदयपुर में टेलर हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को लालसोट उपखंड मुख्यालय सहित मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र एवं रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय के बाजार घटना के विरोध में बंद रहे।

इस हत्याकांड को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित व्यापारिक संगठनों द्वारा दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई। लोगों ने बताया कि इस तरह कानून हाथ में लेते हुए

- **रामगढ़ पचवारा, मंडावरी, लालसोट के बाजार रहे बंद**

दिनदहाड़े हत्या कांड की वारदात को अंजाम देना प्रदेश में जंगलराज होने का प्रमाण देता है। वहीं धारा 144 लागू होने के कारण विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि द्वारा इस हत्याकांड का विरोध कर रहे आक्रोशित लोगों की भीड़ को भी जमा नहीं होने दिया गया।

वही चार से पांच लोगों की टोलियां द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी या उत्पाद नहीं बचाया जा सके इसके लिए भी सतत निगरानी बरती गई। वही इस हत्याकांड को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार भाजपा के निशाने पर रही। भाजपाईयों द्वारा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साढे तीन साल में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिला ह। प्रदेश सरकार महिला व सामाजिक अपराध सहित विभिन्न श्रेणी के गंभीर अपराधों की रोकथाम में नाकाम साबित हुई है। वहीं शुक्रवार को उदयपुर हत्याकांड के विरोध में किए गए बंद के दौरान पुलिस बल द्वारा भी कडी निगरानी बरती गई एवं लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था कायम करने का प्रयास किया गया।



उदयपुर हत्याकांड के विरोध में मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में व्यापारिक संगठनों ने बाजार बंद रखे।

## एसडीएम ने शांति समिति की बैठक ली

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ एसडीम ओम प्रकाश मीणा ने पंचायत समिति परिसर में उदयपुर प्रकरण एवं जगन्नाथ रथयात्रा एवं मेला महोत्सव में शांति एवं सद्भाव को लेकर बैठक आयोजित की।

मीना ने उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापारियों समाज सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं को उद्बोधन करते कहा कि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों की सूचना प्रशासन एवं पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को अपने अपने तरीके से किसी भी प्रकार के दोषपूर्ण वीडियो को वायरल करने की हरकतों से बचने का आव्हान किया। बैठक में उप अधीक्षक अंजलि अजीत जोरवाल ने सभी से असामाजिक तत्व एवं अपराधिक किस्म के लोगों पर नजर रखने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भीड का कोई चरित्र नहीं होता एवं भीड में कोई भी असामाजिक तत्व गलत हरकत कर सकता है। पुलिस एवं प्रशासन अपने तरीके से पूरी तरह से मुस्तैद है। इस स्थिति में सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ सक्रिय लोग उचित भूमिका का निर्वहन करें। इधर एसडीएम ओम प्रकाश मीणा, उप अधीक्षक अंजलि अजीत जोरवाल, तहसीलदार जुगिता मीणा, नगर पालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया एवं अन्य अधिकारियों ने रथ यात्रा मार्ग एवं मेला स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# तहसीलदार व विकास अधिकारी को विदाई दी

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति पावटा के सभागार में स्थानांतरित पावटा तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व विकास अधिकारी नीरू मीणा को विदाई देते हुए प्रधान व जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों की आंखें नम हो गई।

तहसील पावटा व पंचायत समिति पावटा से स्थानान्तरित तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व विकास अधिकारी नीरू मीणा का पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी सहित सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों व ब्लॉक कर्मचारियों ने ब्लॉक सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व विकास अधिकारी नीरू मीणा को एक कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहार कुशल प्रशासनिक अधिकारी बताते हुए माल्यार्पण कर उनकी विदाई की गई।

इस दौरान कर्मचारियों की आंखें भी नम हो गई। इस दौरान तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व विकास अधिकारी नीरू मीणा ने कहा कि स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है। कभी भी अपने क्षेत्र के लोगों की समस्या से घबराना नहीं चाहिए। जहां तक हो सके उनका कार्य करने का काम करना चाहिए। कहा की पदाधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपना कार्य की बदौलत छाप छोड जाते हैं। जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी रहूं यहां के नागरिकों को कभी नहीं भूलूंगा। आपके द्वारा किये गये सहयोग को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। और ना ही मैं कभी भूलूंगा। वही जन प्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह शेखावत, लाडाकाबास सरपंच प्रतिनिधि मदन यादव, टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ, उदयवीर कैरली सरपंच, जोधपुरा सरपंच प्रह्लाद माठ, मंढा सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह, पंडितपुरा सरपंच मनोज कुमार वर्मा, केरोडी सरपंच उदयवीर सिंह, फतेहपुरा सरपंच प्रकाश सिंह,प्रागपुरा सरपंच अशोक सैनी, पाछुडाला सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, पावटा सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पंसारी,भूरी भडाज सरपंच कैलाश स्वामी, खेलना सरपंच राजकुमार धानका, राजनौता सरपंच प्रतिनिधि दीपक धानका,बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश,

वीर तेजाजी नगर सरपंच प्रतिनिधि अमित गजराज सहित सभी सरपंचो सहित अनेक ग्राम विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधि, कर्मचारी मौजूद रहे।



पावटा से स्थानांतरित तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व विकास अधिकारी नीरू मीणा को प्रधान पूजा चौधरी सहित सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विदाई दी।

## श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

- **इंद्र विमान पर आरूढ़ होकर निकले दूल्हा बने भगवान जगन्नाथ**
- **जानकी मैया को ब्याहने बारातियों के संग किया गंगाबाग को प्रस्थान**

**राजगढ़,** (निसं)। जन-जन की आस्था के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ इंद्र विमान पर आरूढ़ होकर चौपड़ बाजार मंदिर से शुक्रवार रात्रि को प्रस्थान किया। हजारों बारातियों के संग जानकी मैया को ब्याहने निकले दूल्हा बने भगवान जगन्नाथ की अलौकिक छवि को देखने भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

इससे पूर्व पुलिस की सशस्त्र टुकड़ी ने भगवान जगन्नाथ महाराज को सलामी दी। इससे पूर्व महा आरती का आयोजन कर महंत पूर्णदास महाराज एवं मदन मोहन शास्त्री सहित श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक रथ में विराजित कराया। इस आयोजन की उपखंड प्रशासन नगर पालिका एवं मेला कमेटी की ओर से रथ यात्रा के दौरान पुख्ता प्रबंध किए गए। इधर रथ यात्रा एवं मेला महोत्सव के चलते अलौकिक छवि के दूल्हा बने जगन्नाथ भगवान के दर्शन करने के लिए रथ यात्रा के मार्ग में महिला पुरुषों का भारी हुजूम जमा रहा।

रथ यात्रा के मार्ग में का कबाड़ी बाजार, गोल मार्केट सहित अनेक स्थानों पर सेवाभावी धर्मावलंबियों ने हलवा एवं छोले का प्रसाद वितरित किया। रथ यात्रा के मार्ग में दर्जनों स्थानों पर सेवाभावी लोगों सामाजिक संगठनों एवं धर्म प्रेमियों ने प्याऊ सहित ठंडाई अन्य पे पदार्थों का वितरण कर धर्म लाभ कमाया। जानकी मैया जय जगदीश एवं जय जगदीश हरे जो दुख दूर करें के भाव पूर्ण उद्घोष के साथ रथयात्रा के आगे भजन मंडली में भावपूर्ण भजनों से रथ यात्रा को परवान चढ़ाया। दूरदराज के हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुषों सहित शहर के लोगों ने भगवान जगन्नाथ की अनुपम छवि के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया। कोरोना के चलते 2: वर्ष बाद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा एवं मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर क्षेत्र में खुशी का आलम है । किधर गंगा भाग में सात दिवसीय मेले में इस बार भारी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। देर रात्रि शुक्रवार को रथ यात्रा गंगा भाग पहुंची।

भगवान जगन्नाथ महाराज की रथयात्रा के पीछे पेट पलंगिया परिक्रमा देने वाले बच्चे, बड़े एवं बुजुर्गों में अगाध समर्पण देखा गया। हाथों में डिज्नी लेकर परिक्रमा देने वाले लोगों की सेवाभावी लोग हवा करते रहे। विशाल सैनी, रमेश, मनोज सहित अनेक बच्चों में परिक्रमा के प्रति भारी जोश रहा।

# विद्यालय की एक पारी में हिन्दी माध्यम कक्षाएं शुरू करने की मांग

- **हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगाः मुकेश गोयल**

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के साथ साथ एक पारी में हिन्दी माध्यम की कक्षाएं भी प्रारम्भ करने की मांग को लेकर कोटपूतली के प्रबुद्ध नागरिकों के एक शिष्ट मण्डल ने शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर अतिशीघ्र सरदार विद्यालय को दो पारियों में चलवाने की मांग की।

जिसमें एक पारी अंग्रेजी माध्यम तथा दूसरी पारी हिन्दी माध्यम की हो। शुक्रवार को बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारी को बताया कि लगभग 60 हजार आबादी के बीच एकमात्र राजकीय विद्यालय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय को राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी विधालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित किया गया है। जिसके बाद से विद्यालय में कक्षा 1 से 10 के हिन्दी माध्यम को बंद कर दिया गया है। अगले वर्ष से कक्षा 11 व 12 में भी हिन्दी माध्यम बन्द करने की योजना है।

शहर में अन्य कोई दूसरा राजकीय सीनियर विद्यालय भी नहीं है जिससे हिन्दी माध्यम में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के सामने संकट उत्पन्न हो गया है। पहले इस विद्यालय में 3000 से अधिक छात्रसंख्या रहती थी तथा यह विद्यालय सर्वश्रेष्ठ परिणाम भी देता था। यह विद्यालय पहले भी दो पारियों में चलता था। क्षेत्र के दीर्घकालिक भविष्य को देखते हुए यहां हिन्दी माध्यम सीनियर विद्यालय का होना भी अतिआवश्यक है, क्योंकि गरीब विद्यार्थी मोटी फीस देकर निजी विद्यालयों में पढने में असमर्थ है। गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित करना उनके शिक्षा के अधिकार का हनन है तथा यह एक अन्याय भी है। इसे लेकर अभिभावकों में भारी आक्रोश हैं।

गोयल ने कहा कि हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने राजकीय सरदार सीनियर माध्यमिक विद्यालय को दो पारियों में चलाने की मांग करते हुए राजस्थान शिक्षा विभाग के शासन उपसचिव का एक पत्र भी सीबीईओ को सौंपा जिसमें एक ही भवन में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित करने के स्पष्ट आदेश है। मुकेश गोयल ने कहा कि कोटपूतली की जनता की भावना को समझते हुए अविलम्ब राजकीय सरदार सीनियर विद्यालय में एक पारी हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए शुरू की जाये अन्यथा आक्रोशित जनता मजबूर होकर आन्दोलन करने पर विवश होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय अधिकारियों की होगी।

इस अवसर पर उप प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजयुमो जिला कार्यालय प्रभारी विकास जांगल, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुबेसिंह आर्य, किसान मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष अमित सैनी, भाजयुमो नगर मण्डल महामंत्री दयाराम कुमावत, भाजपा एससी मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार आर्य, रविन्द्र बागोतिया, विनोद कुमार, अभिषेक सैनी, जतिन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



लोगों ने सीबीईओ को ज्ञापन सौंप कर स्कूल में हिन्दी माध्यम की कक्षाएं सुचारू करवाने की मांग की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भापुरा, पंचायत समिति सांगानेर (जयपुर)**

क्रमांक-ग्रा.प./01 दिनांक-27/6/22

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

ग्राम पंचायत भापुरा में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट निर्माण का दर अनुबंध पंचायतवार करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 11.7.22 समय सायं 5.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड /अपलोड की जा सकती है।

सामग्री आपूर्ति NIB No. PEZ2223A0058 UBN No. PEZ2223GLRC00061
हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट NIB No. PEZ2223A0059 UBN No. PEZ2223GLRC00062

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भापुरा, पं.स.सांगानेर, जयपुर
सरपंच, ग्राम पंचायत भापुरा, पं.स.सांगानेर, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा, पंचायत समिति सांगानेर (जयपुर)**

क्रमांक-ग्रा.प./01 दिनांक-27/6/22

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट निर्माण का दर अनुबंध पंचायतवार करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 11.7.22 समय सायं 5.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड /अपलोड की जा सकती है।

सामग्री आपूर्ति NIB No. PEZ2223A0060 UBN No. PEZ2223GLRC00063
हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट NIB No. PEZ2223A0061 UBN No. PEZ2223GLRC00064

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा, पं.स.सांगानेर, जयपुर
सरपंच, ग्राम पंचायत खेडीगोकुलपुरा, पं.स.सांगानेर, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डावरी (दौसा)**

क्रमांक-न.पा.म./2022/995 दिनांक-30/6/22

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में 69-ए पट्टे/नवीनीकरण/पट्टा स्थान्तरण/पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिये पत्रावलियों प्राप्त हुई है उक्त पत्रावलियों में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित सबूत पालिका में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद कोई उज्रदारी मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक... को जारी की है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मोहल्ला/वार्ड | क्षेत्रफल वर्गगज में |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोहन लाल जौलिया पुत्र श्री चेतराम रैगर | रैगर मौहल्ला | 233.52 |
| 2 | श्रीमती केसरी देवी पत्नी श्री ताराचन्द रैगर | रैगर मौहल्ला | 90.83 |
| 3 | श्रीमती सन्तोष सोनी पत्नी मुकेश कुमार सोनी | सोनी मोहल्ला | 59.58 |
| 4 | श्री कालू राम मीना पुत्र श्री प्रेमराज मीना | मंत्री जी की ढाणी | 110 |
| 5 | श्री मेवाराम खटीक पुत्र श्री मंगला खटीक | खटीक मोहल्ला | 72.76 |
| 6 | श्री हनुमान सहाय पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल | सोनी मोहल्ला | 230.30 |
| 7 | श्रीमती हिरा देवी पत्नी श्री कमलेश गवेन्द्रा | खटीक मोहल्ला | 67.22 |
| 8 | हरिराम खटीक पुत्र छोटू राम खटीक | खटीक मोहल्ला | 54.88 |
| 9 | श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री बाबूलाल गोयल | मैन बस स्टेण्ड बाजार | 22.22 |
| 10 | श्री देवकी नन्दन अग्रवाल पुत्र श्री रामप्रसाद अग्रवाल | मैन बस स्टेण्ड बाजार | 22.22 |
| 11 | श्रीमती सन्तोष देवी पत्नी सत्यनारायण जांगिड | मूर्ति मोहल्ला | 11.08 |
| 12 | श्रीमती इन्द्रा देवी शर्मा पत्नी राधेश्याम शर्मा | तामडायत मोहल्ला | 56.54 |
| 13 | श्री रामकरण मीना पुत्र श्री मिश्री लाल मीना | मंत्री जी के सामने | 393.11 |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डावरी


## अधिवक्ता धरने पर

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। अभिभाषक संघ उनियारा के अधिवक्ता थाने का घेराव करते हुए एक अधिवक्ता की लापता भतीजी की बरामदगी नहीं होने के मामले को लेकर टैंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। अधिवक्ता एम.ई.लईक ने बताया कि कल पुलिस उच्चाधिकारियों से मिलकर बालिका के बरामदगी की मांग की गई थी। जिस पर कल तक बालिका बरामदगी का आश्वासन दिया था। लेकिन बालिका के बरामदगी नहीं होने के चलते हुए सभी अधिवक्ता धरने पर बैठ गए है तथा वहीं बरामदी नहीं होने तक न्यायिक कार्य का भी अधिवक्ताओं द्वारा स्थगन जारी रहेगा। ज्ञातव्य रहे कि पांच दिन में भी बालिका के बरामदगी नहीं होने से भारी रोष व्याप्त है।

# बिना अनुमति एंबुलेंस घुमाने ले गया ड्राइवर

**चौंमू/कालाडेरा,** (निसं)। कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विधायक कोष से करीब 20 लाख रुपए की लागत से मरीजों के बेहतर इलाज के लिए एक एंबुलेंस दी गई थी। लेकिन अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते एंबुलेंस चलाने वाले ड्राइवर ने पलीता लगाने का काम किया है।

शुक्रवार रात्रि को ड्यूटी चिकित्सक की बिना अनुमति व बिना जानकारी के व स्थानीय स्टाफ की बिना जानकारी के एंबुलेंस को अस्पताल परिसर से अन्य जगह ड्राइवर के द्वारा ले जाया गया। जब मामले की जानकारी मिली तो इसके बारे में जयपुर प्रथम मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरोत्तम शर्मा व ब्लॉक बी सीएमएचओ डॉ एसके चोपड़ा को मामले से अवगत करवाया गया। साथ ही अस्पताल प्रभारी डॉ सरदार सिंह यादव को भी मामले की जानकारी दी गई। जब मामले की पूरी जानकारी की गई तो महिला जनाना वार्ड में जाकर वहां पर उपस्थित एएनएम से किसी पेशेंट को गाड़ी से ले जाने की बात पता की तो उन्होंने बताया कि मेरे सामने तो गाड़ी से किसी भी पेशेंट को लेकर नहीं गये। जबकि रजिस्टर में किसी दूसरे व्यक्ति ने गाड़ी से एक महिला को छोड़कर आने का इंद्राज कर रखा है। जब एएनएम को महिला के नाम के बारे में पूछा तो उन्होंने मना कर दिया कि मैंने यह रजिस्टर में एंट्री नहीं की है और ना ही ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर ने इस नाम से रजिस्टर में इंद्राज पेशेंट को देखा ही नहीं। इस प्रकार अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है और एंबुलेंस का कहीं न कहीं चिकित्सा सेवाओं में उपयोग ना कर अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है जो गलत है।


**Kanoria P.G. Mahila Mahavidyalaya**
Gandhi Circle, JLN Marg, Jaipur-302015.
Ph.: 0141-2706672, 2707539 Website: kanoriacollege.in

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited from authorised suppliers/ dealers to supply **Antivirus EPS Console, Printer and External HDD.**
**Estimated Cost:5.00 Lakhs**
Tender Forms will be available in the college office on payment, between 10 am to 1:30 pm from 4th to 9th July, 2022.

Secretary

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक-जविप्रा/जोन-9/2022/डी-3582 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक-17/6/2022

निम्नांकित आवेदकों द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत कर जयपुर विकास प्राधिकरण में भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण/लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी की कोई आपत्ति हो तो, विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष जोन कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण/लीजडीड की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | भू. सं. | क्षेत्रफल | योजना का नाम | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी-39 | 266.66 व.ग. | शिवपुरी | श्रीमती साधना माथुर पत्नी स्व.श्री विष्णु कुमार माथुर, श्री पीयूष पाणि माथुर पुत्र श्री विष्णु कुमार माथुर एवं श्रीमती अम्बिका पत्नी श्री पीयूष पाणि माथुर | श्रीमती रेणु अग्रवाल पत्नी श्री दिनेश अग्रवाल | मृत्यु प्रमाण पत्र |

उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण जारी जारी करने में किसी भी व्यक्ति/हितधारी/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे जोन-9 कार्यालय में दर्ज करवाये, अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** पार्किंग स्टैंड एवं वाणिज्यिक प्रचार के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

उक्त के सन्दर्भ में पार्सल लीजिंग (Parcel Leasing) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके है।

| Catalogue No. | Type of Contract | Lot No. | Date & Time of e-Auction |
|---|---|---|---|
| Parcel-JU-02 | PARCEL LEASING | 14703-SLR-R1-JSM-LGH-22-1 | e-Auction for all Lots will start at 12.00 hours on 19.07.2022. Initial Cooling Off Period is 30 minutes. Successive Lot Closing Interval is 10 minutes. Lot-wise Closing Time can be viewed in e-Auction module of IREPS. |
| | | 20814-SLR-F1-JU-PURI-22-2 | |
| | | 20814-SLR-F2-JU-PURI-22-1 | |
| | | 20814-SLR-R1-JU-PURI-22-1 | |
| | | 14854-SLR-F1-JU-BSB-22-1 | |
| | | 14854-SLR-F2-JU-BSB-22-1 | |
| | | 14854-SLR-R1-JU-BSB-22-2 | |
| | | 14645-SLR-R1-JSM-JAT-22-1 | |
| | | 14645-SLR-F1-JSM-JAT-22-1 | |
| | | 14645-SLR-F2-JSM-JAT-22-1 | |
| | | 22664-SLR-F2-JU-MS-22-1 | |
| | | 22664-SLR-F1-JU-MS-22-1 | |
| Parcel-JU-03 | PARCEL LEASING | 14821-SLR-R1-JU-SBIB-22-1 | e-Auction for all Lots will start at 12.00 hours on 20.07.2022. Initial Cooling Off Period is 30 minutes. Successive Lot Closing Interval is 10 minutes. Lot-wise Closing Time can be viewed in e-Auction module of IREPS. |
| | | 14821-SLR-F2-JU-SBIB-22-1 | |
| | | 14821-SLR-F1-JU-SBIB-22-1 | |
| | | 14721-SLR-R1-JU-BTI-22-1 | |
| | | 14721-SLR-F2-JU-BTI-22-1 | |
| | | 14721-SLR-F1-JU-BTI-22-1 | |
| | | 20481-SLR-F1-BKGT-TPJ-22-1 | |
| | | 14866-SLR-R1-JU-BSB-22-1 | |
| | | 14866-SLR-F2-JU-BSB-22-1 | |
| | | 14866-SLR-F2-JU-BSB-22-1 | |

**ठेका अवधि :** (02) वर्ष, **बयाना राशी :** बोली के मूल्य का 5%, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उसमें उपर्युक्त कैटलॉग नंबर के तहत उपलब्ध है। 474-SN/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# सेवानिवृति पर महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया

**लालसोट,** (निसं)। नगर पालिका की दो महिला सफाई कर्मियों के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के सादा समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि दोनों सेवानिवृत्त हो रही महिला सफाई कर्मियों का पूरा सेवाकाल महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं का मनोबल बढ़ाने वाला रहा है।

गुरुवार को नगर पालिका में कार्यरत महिला सफाई कर्मी कंचन देवी व विमला देवी का एक सादा समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्त हुई महिला सफाई कर्मी कंचन देवी व विमला देवी द्वारा कुल 33 वर्ष 8 माह के समय विभिन्न जगहों पर लालसोट नगर पालिका में कुशल सेवाएं देकर सफाई कार्य में लगी महिलाओं का मनोबल बढ़ाया है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा एवं चेयरमैन रक्षा मिश्र द्वारा सेवानिवृत्त हो रही सफाई कर्मी कंचन देवी व विमला देवी का माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा कहा गया कि सेवानिवृत्त हो रही दोनों महिला सफाई कर्मियों के कार्यकाल से अन्य सफाई कर्मी भी प्रेरणा लें एवं इनकी तरह निस्वार्थ भावना से कार्य कर सेवा भाव समर्पणता का संदेश दे। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्र द्वारा सेवानिवृत्त हो रही महिला सफाई कर्मियों द्वारा कार्यकाल में किए गए बेहतर कार्य की सराहना की गई.. इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक संतोष मीणा, कनिष्ठ अभियंता बस राम मीणा, राकेश शर्मा, एसआई रामचरण मीणा, ओम शर्मा, गोपाल सैनी सहित नगर पालिका कर्मी एवं कई सफाई कर्मी मौजूद रहे।



लालसोट नगर पालिका में 2 महिला सफाई कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर अधिशाषी अधिकारी व चेयरमैन ने प्रमाण पत्र दिये।


(नियम 13 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगर पालिका मण्डल किशनगढ़-रेनवाल (जयपुर)**

क्रमांक-नपाकिरे/2022-23/1226 दिनांक-01/7/22

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में यह लाया गया है कि खसरा नं. 873, 874, 877, 878, 879, 880, 881, 882, 884, 886 क्षेत्र नगर पालिका कि.रेनवाल ग्राम कि.रेनवाल तहसील कि.रेनवाल जिला जयपुर में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून, 1999 से पूर्व की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सके।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2022 (वर्ष) के जुलाई (मास) के 01 (एक) दिन को जारी की जाती है।

दिनांक-01/07/2022
स्थान-कि.रेनवाल

(राकेश कुमार शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका कि.रेनवाल

## संक्षिप्त

### 20 वाहनों के चालान काटे, 2 जीप जब्त

**नारायणपुर, (निसं)।** पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को सड़कों पर बेरोक टोक दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम में दोनों विभागों द्वारा सयुंक्त रूप से कार्रवाई की है। संयुक्त कार्रवाई में दुपहिया वाहन चालकों के द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने पर जिसमें बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाना, वाहन पर क्षमता से अधिक सवारी इन सभी पर कार्रवाई करते हुए 20 वाहनों के चालान काटे और उनसे करीब 20 हजार रूपये का जुर्माना वसूला और पर्सनल नंबर वाहन सवारी भरकर चलाने और उनके कागजात नहीं होने पर 2 जीप और 1 बाइक रिक्शा को जब्त कर कार्रवाई की है और साथ ही पुलिस एएसआई रामकुंवार द्वारा वाहनों के कागजात गाड़ी के साथ रखने की हिदायत दी गई।

### डाक्टरों का सम्मान किया

**टोंक, (निसं)।** डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष में रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब की ओर से महिला मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल एवं सआदत हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स को माला एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब के जिला चेयरमैन ब्रज मोहन गुप्ता, सदस्य राजेश कुमार मंगल, कलीम अहमद, हाजी सआदत भाई, एवं इनर वहील क्लब के अध्यक्षा कमलेश अग्रवाल, पूर्व चैयरमेन लक्ष्मी देवी जैन, सुशीला गुप्ता, रिचा सिंघल, डॉ. गीता माहेश्वरी, रिजवाना मेडम, डॉ. श्रवेता सिंघल, मोना जैन, सुनीता वर्मा, दीपिका सिंघल आदि मौजूद रहे।

### 'डॉक्टर्स-डे' मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** समाजसेवी टीम मऊ ग्राम की ओर से डॉक्टर्स डे पर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के डॉक्टरों को सरपंच सुशीला देवी वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र फौजी, महावीर सिंह शेखावत ,महेश सैन, महेश चूलेट, सुशील अग्रवाल, सुरेंद्र नायक व ग्रामीण उपस्थित थे। सम्मानित किए गए डॉक्टर्स में सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप काजला, डॉ अभिषेक यादव ,डिंपल कंवर, कजोड़ मक्खन आयुर्वेद विभाग व समस्त स्टाफ शामिल थे।

### युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षेत्र के टोरडी गांव में एक युवक ने गुरूवार की रात अपने ही घर में फांसी का फन्दा लगा आत्महत्या कर ली। युवक द्वारा आत्महत्या की मिली सूचना पर टोरडी चौकी प्रभारी भंवर सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंच युवक के शव को पुलिस सुरक्षा में ले मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।

### आज भी बंद रहेगी इंटरनेट सेवाएं

**टोंक, (निसं)।** संभागीय आयुक्त अजमेर भंवरलाल मेहरा ने टोंक जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति, लोक सुरक्षा अथवा लोक आपात को दृष्टिगत रखते हुए 1 जुलाई को मध्यरात्रि 12 बजे से 2 जुलाई को मध्यरात्रि 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से निलम्बित किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

# केशवाना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कृष्णा पेपर मील में हादसा, दो महिलाओं की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली क्षेत्र के केशवाना फैक्ट्री एरिया में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां पनियाला थाना इलाके में कृष्णा पेपर मिल में सुबह 9.30 बजे मशीन का हुक टूटने से भारी-भरकम पेपर रोल दो महिला मजदूरों पर आ गिरा, पेपर रोल के नीचे दबने से दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मजदूरों ने काम बंद कर हंगामा कर दिया। मजदूरों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पनियाला पुलिस थाना अधिकारी हितेश शर्मा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं के शव को बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने मुआवजे की मांग की तथा शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रेम देवी 50 वर्ष पत्नी स्व. बाबूलाल आर्य निवासी मौहल्ला बडाबास व सुनीता देवी 35 वर्ष पत्नी महेश चौहान निवासी मौहल्ला बुचाहेड़ा नागाजी की गौर दोनों ही कोटपूतली की रहने वाली थी। दोनों ही महिला कृष्णा पेपर मिल में 7000 प्रति माह की पगार में मजदूरी करती थी।



बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी के बाहर हंगामा करते लोगों से पुलिस ने समझाइस की।

जानकारी के मुताबित फैक्ट्री में लगभग 50 महिला मजदूर काम करती हैं। महिलाओं से भारी पेपर रोल उठवाए जाते थे। इसकी शिकायत महिलाओं ने कभी मैनेजमेंट से नहीं की लेकिन घर आकर परिजनों को बताती थीं। शुक्रवार को पेपर रोल उठाते समय मशीन का हुक टूट गया, रोल लुढ़कता हुआ सुनीता और प्रेम देवी पर आ गिरा, दोनों पेपर रोल के नीचे दब गईं।

मील में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने उन्हें निकालने की भरसक कोशिश की। लेकिन जब तक वे महिलाओं को बाहर निकालते तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पनियाला पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। मृतक महिला मजदूर सुनीता के 6 बच्चे हैं, 4 बेटियां व 2 बेटे हैं। सबसे छोटा बेटा 3 साल का है। पति फेरी लगाने का काम करता है। प्रेम देवी के पति की 16 साल पहले मौत हो चुकी थी, इनके 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सबसे बड़े बेटे की मौत हो गई थी। एक बेटे, दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना

- पेपर रोल उठाते वक्त मशीन का हुक टूटने से हुआ हादसा, फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप
- गुस्साए परिजनों का बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी के सामने धरना प्रदर्शन जारी
- मौके पर पुलिस के आलाधिकारी मय जाप्ता कर रहे हैं समझाइस के प्रयास

से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने व फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाई की मांग की।

हादसे के बाद सूचना मिलने पर तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा व एएसपी विधा प्रकाश, डिवाईएसपी संध्या यादव, थाना प्रभारी सवाईसिंह मय जाप्ते के बीडीएम अस्पताल पहुंचे। जहां परिजनों व ग्रामीणों से समझाइश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव भी अस्पताल पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल की मोर्चरी के सामने सैकडों पुरूष व महिलाएं धरने पर बैठी हैं जो उचित मुआवजा व एक-एक व्यक्ति को आजीवन नौकरी दिलाने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई तो हम शवों को फैक्टी के सामने रखकर धरना प्रदर्शन करेंगें।

पनियाला थानाधिकारी हितेश शर्मा ने कहा कि पनियाला रीको एरिया की कृष्णा पेपर मिल में हादसा हुआ है। पेपर के बंडल गिरने से दो महिला मजदूरों के दबने की सूचना मिली थी। दोनों को राजकीय बीडीएम अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच कर रहे हैं। फिलहाल, पीड़ित पक्ष व आरोपी पक्ष के बीच सहमति बनाने के प्रयास कर रहे हैं।

## संदेह का लाभ पाकर धोखाधड़ी का आरोपी दोषमुक्त

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर की वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तमा माथुर ने धोखाधड़ी के मामले में गोपाललाल पुत्र नारायणलाल ब्राह्मण (50) निवासी वार्ड-8, नया बाजार, जोबनेर, जिला जयपुर को संदेह का लाभ देते हुये अपराध अन्तर्गत धारा 420, 467, 471 आईपीसी के आरोप से दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

ग्राम बबेरवालों की ढाणी, पटवार हल्का जोबनेर स्थित आराजी खसरा नंबरों की भूमि स्थित जिसमें एक हिस्से के खातेदार श्रीनारायण का स्वर्गवास होने के बाद उसके हिस्से की सम्पत्ति को अपने अकेले अभियुक्त ने षडयंत्रपूर्वक साज कर गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा लिया था। परिवादिया विमलेश देवी ने न्यायालय में सम्पूर्ण विवरण के साथ इस्तगासा पेश किया था। मामले की जांच जोबनेर पुलिस की ओर से की गयी थी। आरोपी के खिलाफ उपरोक्त धाराओं में प्रसंज्ञान भी लिया गया था। आरोपी के खिलाफ सरकारी वकील की ओर से 13 गवाहों के बयान भी करवाये गये थे। प्रकरण में खातेदार श्रीनारायण की मृत्यु के बाद उसके वारिसान को प्राप्त विवादित आराजी में 1/3 हिस्सा को परिवादिया का प्राप्त होना अभिकथित किया गया, इसमें परिवादिया विमलेश के पति भंवरलाल के हिस्से में आयी सम्पत्ति उसकी मृत्यु के पश्चात उसकी पत्नी के पास आयी है, न्यायालय ने माना कि अभिलेख में मौजूद साक्ष्य से यह भी प्रमाणित होता है कि परिवादिया विमलेश देवी के पति भंवरलाल की पगड़ी का दस्तूर मुल्जिम गोपाललाल के नाम संपादित किया गया था। इसके अलावा प्रकरण में अन्य गवाहों की ओर से दिये गये बयानों में भी विरोधाभास है, न्यायाधीश ने अपने फैसले में यह भी लिखा है कि मुल्जिम द्वारा परिवादिया के साथ की गयी कूटरचना व धोखाधड़ी के अपराध को साबित करने के लिये संदेह से परे साक्ष्य का प्रमाणित होना जरूरी है जो इस मामले में प्रतीत नहीं होते है। अभियुक्त को उपरोक्त आधार पर दोषमुक्त कर उसकी उपस्थिति बाबत पूर्व में प्रस्तुत जमानत मुचलके भी निरस्त किये गये।

## उदयपुर हत्याकांड को लेकर रोष: निकाली मौन रैली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उदयपुर में युवक कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के बाद से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को विहिप, बजरंगदल व हिन्दु संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मौन रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जिसमें हत्यारों को अविलंब फांसी की सजा देने की मांग की गई है। इससे पहले विहिप व बजरंगदल व अन्य हिन्दु संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता खंडेला बाजार स्थित हरभजनका धर्मशाला में इकठ्ठे हुए जहां बावड़ी आश्रम के महंत औंकारदास व विहिप जिला संरक्षक एडवोकेट बाबूलाल शर्मा के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर कन्हैयालाल को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हाथों पर काली पट्टी बांधकर कस्बे के बाजारों से मौन रैली निकाली गई और उपखंड कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। वही कानून व्यवस्था को लेकर रींगस डीएसपी सुरेन्द्र सिंह व श्रीमाधोपुर थानाधिकारी



बजरंग दल व हिन्दू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली।

करण सिंह खंगारोत भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत, विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. माधव सिंह, पूर्व प्रधान मक्खनलाल शर्मा, सत्यनारायण खांडल, शांतिलाल सोनी, शिवपाल योगी, नागरमल लोकनाथका, बृजमोहन शर्मा अजीतगढ ,अजय मिश्रा, गौरी शंकर शर्मा, रामजीवन टेलर ,विष्णु दत्त सेठी, मोहनलाल, कर्मवीर सिंह घोसल्या ,जटाशंकर व्यास, कन्हैयालाल चौरसिया, प्रहलाद सोमानी, अशोक सोनी, पुरूषोत्तम शर्मा, दिनेश शर्मा अजीतगढ, मुकेश शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, उमाशंकर ठठेरा, रवि प्रजापत, कृष्ण गोपाल सेठी, ओमप्रकाश सैनी, केसरी नंदन अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद।

### पेयजल योजनाओं का शिलान्यास 4 को

**श्रीमाधोपुर।** क्षेत्र के 5 गांव में पानी के लिए 19 करोड़ 41 लाख 65, हजार स्वीकृत निदान के लिए विधायक विकास पुरुष दीपेन्द्र सिंह शेखावत 4 और 5 जुलाई को विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपयों की कई पेयजल योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 4 जुलाई को दोपहर 1 बजे अजीतगढ़ में 6 करोड़ 39 लाख, अपराह्न 4 बजे झाड़ली ग्राम में 5 करोड़ 55 लाख, शाम 5:30 बजे हरदास का बास में 1 करोड़ 15 लाख की पेयजल योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे ग्राम चीपलाटा में 1 करोड़ 30 लाख, दोपहर 1:30 बजे रूपपुरा उदलवास में 1 करोड़ 39 लाख, 4 बजे नालोट ग्राम में 1 करोड़ 80 लाख तथा 5 बजे शिवराम का बास में 65 लाख की पेयजल योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ ने वादा खिलाफी आक्रोश दिवस मनाया

**लालसोट, (निसं)।** पंचायत समिति क्षेत्र सहित जिले के ग्राम विकास अधिकारी संघ के आव्हान पर पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी संघ ने उप शाखाध्यक्ष मुकेश मीना की अगुवाई में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा वादा खिलाफी आक्रोश दिवस मनाया।

वहीं लंबी समय से चली आ रही मांगों को लेकर एसडीएम मोहर सिंह मीणा वह विकास अधिकारी हरकेश मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप मांगों को जल्द ही पूरा करने की मांग की गई। इसी के साथ सरकार का संगठन की बीच हुए समझौता को पूरा नहीं होने से

- सरकार व संगठन के बीच हुआ समझौता पूरा नहीं होने से नाराज

आक्रोशित ग्राम विकास अधिकारी फिर सरकार के खिलाफ आंदोलन की राह पर आ गए हैं। राजस्थान राम विकास अधिकारी संघ लालसोट के अध्यक्ष मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों की मुख्य मांग वेतन विसंगति दूर कर ग्रेड पे 3 हजार 6 सौ करना , एसीपी के स्थान पर चयनित वेतनमान लागू करना, अंतर जिला स्थानांतरण नीति जारी करना, सहायक विकास अधिकारी के 671 पद सृजित करना, 2 वर्षो से लंबित पदोन्नितयां करना सहित 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से प्रशासन गांव के संग अभियानों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए किए गए आन्दोलन के दौरान शासन एवं सरकार की ओर से संघठन से किए गए लिखित समझौते लागू नहीं करने के कारण आक्रोशित ग्राम विकास अधिकारियों ने गुरुवार से वादा खिलाफी आक्रोश दिवस मनाते हुए अपनी मांगे माने जाने तक चरणबद्ध तरीके से संघर्ष करने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अनुमोदन के 9 माह बाद तथा ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री के स्व हस्ताक्षिरत समझौते के 6 माह बीतने के बाद भी मांगों का निस्तारण नहीं हुआ है। जबकि उच्च अधिकारियों ने एक माह में मांगों का निस्तारण करने का लिखित में आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि मांगे नहीं माने जाने से ग्राम विकास अधिकारियों में भारी आक्रोश है जिसके चलते उन्हें मजबूरन आंदोलन की राह पकडनी पडी है।

# परीक्षा परिणाम कम आने से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत पंडितपुरा के ग्राम रामपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम खराब आने पर नाराज जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने शुक्रवार को विद्यालय के बाहर धरना प्रर्दशन करते हुए शिक्षकों व शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वही जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, पंडितपुरा सरपंच मनोज वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों व चेतन शर्मा, मोहित सोलंकी, रोहिताश वर्मा,भारत शर्मा, दुलीचंद, रोशन, राजाराम गुर्जर, रामचंद्र गुर्जर, ताराचंद, नरेश, सुभाष चन्द गुर्जर, मन सुख शर्मा, हनुमान, मुकेश सोलंकी सहित ग्रामीणों ने विद्यालय में कक्षा 10 का परिणाम अपेक्षाकृत नहीं रहने, छात्र-छात्राओं के अध्यापन में लापरवाही बरतने, शिक्षकों का सही समय पर विद्यालय नहीं आने, विद्यालय में अनुशासन हीनता व परिजनों के साथ शिक्षकों का दुर्व्यहार सहित अनेक आरोप लगाते हुए विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से छात्र-छात्राओं के भविष्य की चिंता जताते हुए विद्यालय स्टाफ को



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम खराब आने से नाराज जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने धरना प्रर्दशन करते हुए शिक्षकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बदलने की मांग सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पावटा तहसीलदार मुकेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

बाद में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पावटा तहसीलदार मुकेश अग्रवाल, एसीबीईओ सुरेश चंद कसाना के आश्वासन पर धरना समाप्त किया। सवा माह की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद शुक्रवार को जब स्कूल खुले तो ग्रामीणों ने पहले ही दिन विद्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर ने बताया कि अध्यापकों का बच्चों की पढाई की तरफ ध्यान नहीं है, वे सिर्फ टाइम पास करने के लिए स्कूल आते हैं। पंडितपुरा

- दसवीं कक्षा में कुल 20 बच्चों में से केवल 9 बच्चे ही पास हुए

सरपंच मनोज वर्मा ने बताया कि स्कूल की दसवीं कक्षा में कुल 20 बच्चों में से केवल 9 बच्चे ही पास हुए हैं। शिक्षा के नाम पर कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि शिक्षकों की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। छात्रों के अनुपस्थित रहने के कारण भी परीक्षा परिणाम प्रभावित हुआ है। वही जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य के प्रति चिंता जताते हुए प्रशासन से कडी कार्रवाई की मांग की। पावटा तहसीलदार मुकेश अग्रवाल व एसीबीईओ सुरेश चंद कसाना ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश की गई। वही ग्रामीणों द्वारा विद्यालय स्टाफ पर लगाए गए आरोपो की जांच कर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती पूजन के साथ नया सत्र प्रारंभ

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय श्रीलाल बहादुर शास्त्री कन्या महाविद्यालय में सत्र 2022-23 की कक्षाओं का प्रारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। उपप्राचार्य देवेंद्र पारीक ने बताया कि सत्र 2022-23 के शैक्षिणक कार्य की विधिवत शुरूआत की गयी । प्रारंभ में महाविद्यालय निदेशक जितेंद्र शर्मा व प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सैनी द्वारा मां वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की गई।

प्राचार्य डॉ सैनी ने बताया कि यह महाविद्यालय 1998 से महिला शिक्षा के उत्थान के लिए सदैव अग्रसर रहा है यहाँ कला और विज्ञान संकाय के सभी विषय संचालित है इसके अतिरिक्त यहाँ सभी तरह की छात्रवृत्ति उपलब्ध करवाई जाती है । महाविद्यालय में स्पोर्ट्स, एन एस एस, सुसज्जित लेब आदि अनेक तरह की सुविधा उपलब्ध है । और यहाँ यूजीसी के नियमों के अनुसार अनुभवी शिक्षक टीम भी बालिकाओं को शिक्षा देने एवं मार्गदर्शक के रूप में सदैव कार्यरत है ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं को मिठाई वितरित की गयी । इस अवसर पर कुलदीप कुमावत, बसन्त जांगिड़, ज्योति सोनी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### बारिश से आमजन को गर्मी से राहत



**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास इलाकों में गुरुवार शाम को जारी हुई बारिश रातभर चलने के साथ शुक्रवार को दिनभर जारी रही, जिससे मौसम में ठंडक का अहसास होने के साथ ही आमजन को गर्मी से राहत मिली। जिला मुख्यालय पर गुरुवार शाम से बारिश का दौर शुरु हो गया और बारिश का दौर पूरी तरह कभी कम तो कभी तेज चलता रहा, बारिश का दौर तड़के से जारी रहने के साथ शुक्रवार को सुबह 10 बजे बाद फिर तेज हो गया और दोपहर तक बारिश का दौर चलता रहा है। बारिश के बीच सुबह से लोग अपने रोजमर्रा के काम छतरियां व रेन कोर्ट पहनकर करते हुए नजर आए। दोपहर कुछ देर बारिश से राहत मिलने के बाद शाम को 4 बजे बाद फिर से कुछ देर बारिश हुई और उसके बाद बादल छाए रहे। जिससे दिनभर मौसम सुहावना बना रहा।

### डिग्गी व लावा कस्बा बंद रहा



**डिग्गी, (निसं)।** उदयपुर हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को डिग्गी व लावा कस्बे के बाजार बंद रहे। सर्व हिन्दु समाज व व्यापार मंडल के आव्हान पर डिग्गी व लावा कस्बे के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व पुलिसकर्मी भी शांती व्यवस्था बनाए रखने के लिए डिग्गी व लावा कस्बे में तैनातगी से डटे रहे। वहीं बंद भी पूर्णतया सफल रहा। व्यापारियों ने भी स्वैच्छा से अपनी दुकानें बंद रखी।

### 'रक्त की एक बूंद मानव जीवन के लिए बहुमूल्य'

**पावटा, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा के 53वें जन्मोत्सव पर आयोजित रक्तदान शिविर एवं मेगा चिकित्सा शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मानव जिंदगी के लिए खून की बूंद कीमती है। उन्होंने मीणा को जन्मदिवस की बधाई देते हुए शिविर आयोजन की प्रशंसा की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने रक्तदान को महादान बताते हुए रक्तदाताओं का आभार जताया। वहीं डॉ. बलबीर सिंह तोमर फाउंडेशन एवं निम्स अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में 213 यूनिट एकत्रित किया गया व 765 लोगों की निशुल्क जांच कर दवा वितरण की गई। चंद्र भगवान जनकल्याण संस्थान द्वारा आयोजित शिविर में अध्यक्ष जगदीश मीणा ने अतिथियों का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं जनता ने जगदीश मीणा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।

### विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया



**मालपुरा, (निसं)।** शिक्षा के नवीन सत्र के आगाज पर एक जुलाई को सरकारी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। मिशन आराईज प्रेरणा टोंक के तहत शिक्षा में नवाचार के लिए चलाये अभियान के अन्तर्गत सीबीईओ गिर्राज प्रसाद गुप्ता व प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में नव प्रवेशार्थियों को माला पहना स्वागत कर उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। साथ ही सीबीईओ ने सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाये जाने को लेकर शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने बताया कि विद्यालय में संस्कृत साहित्य का परीक्षा परिणाम विगत तीन साल से शत प्रतिशत रहने के चलते संस्कृत फेकल्टी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान व्याख्याता दीपक गुप्ता, राजकुमार वर्मा, जगदीश गुर्जर, राजेन्द्र शर्मा, अल्का पारीक, सरिता शर्मा, गीता दाधिच, देवेन्द्र प्रजापत, चेतन प्रकाश, यमुना देवी सहित विद्यालय स्टाफ मोजूद रहा। जिन्होने विद्यालय में नामांकन बढाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही।

### प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम मऊ में शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा 2022 में गार्गी पुरस्कार प्राप्त प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता अग्रवाल के अनुसार समारोह में छात्रा मीनू कंवर, निकिता तिवारी, सुमन कंवर, मोनिका कुमारी यादव ,मनीषा यादव, खुशबू वर्मा ,सानिया कुमावत व गरिमा नायक का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र वर्मा ,पप्पू सिंह शेखावत, महावीर सिंह शेखावत, सुशील अग्रवाल, महेश सेन ,अशोक तिवारी, महेश चुलेट, गोपाल नायक उपस्थित थे। समाजसेवी मऊ की तरफ से छात्राओं को पुरस्कार भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान ने सभी आगंतुक गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

### 'अब आओ साथ चले' संस्था बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करायेगी

**कोटपूतली।** शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, पर्यावरण, भोजन, एवं वस्त्रम जैसे सेवा प्रकल्प कार्यो को समर्पित आओ साथ चले संस्था के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. विष्णु मित्तल की बुजुर्गो के प्रति कितनी सेवा भावना है इसका अंदाजा संस्था की ओर से इस माह से क्षेत्र के बुजुर्गो के लिए शुरू हो रही नि:शुल्क तीर्थ स्थलों की यात्रा से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्ग ना केवल हमारे अपने हैं बल्कि उनकी ढलती उम्र में हमे उनकी हर ख्वाहिश का ध्यान रखना चाहिए। इसलिए इसी माह से 2 बसों के जरिये अलग अलग गांवों के बुजुर्गो को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा करवायेगी। इस यात्रा में 60 से 75 वर्ष की उम्र के बुजुर्गो को शामिल किया जाएगा। प्रथम चरण में मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन व द्वितीय चरण में ऋषिकेश, हरिद्वार तथा तृतीय चरण में अयोध्या की तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। यात्रा करने वालों के लिए रहने व खाने पीने की पूरी व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी।



ग्रुप चरण में प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होगा और हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू हर एक क्वार्टर के प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की होगी। हम प्रतिद्वंद्वी के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना सर्वश्रेष्ठ बन सकते हैं। - वंदना कटारिया

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, विश्व कप हॉकी को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **क्रुणाल पांड्या**



**लेफ्ट** आर्म स्पिन गेंदबाज़ी करने वाले ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या पहली बार काउंटी क्रिकेट खेलते नज़र आएंगे। उन्होंने रॉयल लंदन कप के लिए वारविकशायर के साथ करार किया है। 31 वर्षीय क्रुणाल इंग्लैंड के विरुद्ध इस महीने खेले जाने वाली वनडे अथवा टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। 2 अगस्त को शुरू होने वाले वनडे टूर्नामेंट में वॉशिंगटन सुंदर और चेतेश्वर पुजारा के बाद क्रुणाल तीसरे भारतीय होंगे। पिछले साल द हंड्रेड प्रतियोगिता की शुरुआत ने रॉयल लंदन वनडे कप के महत्व को कम कर दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंद फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

## जोकोविच मास्टर क्लास जीत के साथ चौथे दौर में

लंदन, 1 जुलाई। विश्व के नंबर एक खिलाडी सर्बिया के नोवाक जोकोविच हमवतन मियोमीर के समानोविच को शुक्रवार को लगातार सेटों में 6-0, 6-3, 6-4 से हराकर विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के चौथे दौर में पहुंच गए। जोकोविच का चौथे दौर में हॉलैंड के वाइल्ड कार्ड खिलाडी टिम वान रिजथोवेन से मुकाबला होगा। जोकोविच ने केसमानोविच के खिलाफ मास्टरक्लास टेनिस का प्रदर्शन किया और एक घंटे 52 मिनट में मैच निपटा दिया। उन्होंने मैच में छह बार केसमानोविच की सर्विस तोड़ी।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा,मुझे लगता है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है मैं बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर रहा हूं। अब मुझे अगली चुनौती का इन्तजार है। यह ठास कोर्ट पर जोकोविच की लगातार 24वीं जीत है और वह ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रॉड लेवर की बराबरी पर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। जोकोविच ने मैच में 36 विनर्स लगाए जबकि केसमानोविच 13 विनर्स ही मार पाए।

इससे पहले महिलाओं में नंबर एक सीड पोलैंड की युवा सनसनी इगा स्वियाटेक ने गुरुवार को नीदरलैंड की लेस्ली केरखोव को हराकर और स्पेन के राफेल नडाल ने लिथुआनिया के रिकार्डिस बेरांकिस को पराजित कर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

स्वियाटेक ने यहां कोर्ट 1 में हुए मुकाबले में केरखोव को 6-4, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी। फरवरी में दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हारने के बाद से स्वियाटेक ने यह लगातार 37वीं जीत दर्ज की है।

# पंत और जडेजा ने भारत को संभाला



बर्मिंघम, 1 जुलाई। विकेटकीपर ऋषभ पंत के शानदार और साहसिक शतक (146) तथा उनकी रवींद्र जडेजा (नाबाद 83) के साथ छठे विकेट के लिए 222 रन की साझेदारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ नाजुक हालत से उबरते हुए पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को समाचार लिखे जाने तक 7 विकेट खोकर 338 रन बना लिए। जडेजा के साथ मोहम्मद शमी बिना खाता खोले क्रीज थे।

टॉस हारने बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अपने पांच विकेट मात्र 98 रन पर गंवा दिए थे लेकिन पंत और जडेजा ने इसके बाद डटकर खेलते हुए चाय तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इसी के साथ दूसरे सत्र की समाप्ति हो गयी।। इस सत्र में 23 से अधिक ओवर में 121 रन बने और तीन विकेट गिरे। जब यह सत्र शुरू हुआ था तो भारत संकट में दिख रहा था लेकिन अंत तक आते-आते पंत और जडेजा की खब्बू जोड़ी ने इसे संभाल लिया है। पंत 146 रन बनाकर जो रूट की गेंद पर क्राले को कैच दे आउट हुए।

भारत ने सुबह के सत्र में बारिश के कारण खेल रुकने तक दो विकेट खोकर 53 रन बना लिए थे भारत के दोनों ओपनरों शुभमन गिल और चेतेश्वर पुजारा को तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने स्लिप में ज़ैक क्रॉली के हाथों कैच कराया। गिल ने 24 गेंदों में चार चौकों की मदद से 17 रन और पुजारा ने 46 गेंदों में दो चौकों के सहारे 13 रन बनाये। खेल रुकने के समय हनुमा विहारी 46 गेंदों में 14 और विराट कोहली सात गेंदों में एक रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत के दोनों बल्लेबाज़ अच्छे टच में दिखने के बाद आउट हो गए। हालांकि एक और बात यह भी है कि दोनों बल्लेबाज़ों को अतिरिक्त उछाल ने चकमा दिया। एंडरसन की गेंद पर बाहरी किनारा और इंग्लैंड को पहला विकेट। गिल ने इस बार बाहर की बैक ऑफ गुड लेंथ गेंद पर छेड़खानी की और अपना विकेट गंवाया। गेंद ने इस बार अतिरिक्त उछाल भी लिया था, गिल उसे दूर से ही पुश करने की कोशिश में गए। जबरदस्ती का छेड़छाड़ और अपने विकेट से खिलवाड़। भारत ने 27 रन पर अपना पहला विकेट गंवाया।

एंडरसन ने पुजारा को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। पुजारा ने स्लिप में कैच दे दिया। अतिरिक्त उछाल ने फिर से बल्लेबाज़ को चौंकाया, चौथे स्टंप पर गुडलेंथ गेंद, गिरने के बाद थोड़ी अंदर आई, पुजारा उछाल से चौंक गए, गेंद को जैसे-तैसे रोकने का प्रयास किया लेकिन बाहरी किनारा लगा और इस बार स्लिप के फील्डर ने कोई ग़लती नहीं की। भारत का दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गिरा।

मैथ्यू पॉट्स ने प्लान बना कर हनुमा विहारी का विकेट निकाला। बैक ऑफ़ लेंथ गेंद फेंकने के बाद फुलर लेंथ की गेंद ऑफ़ स्टंप के बाहर, गिरने के बाद गेंद तेज़ी से अंदर आई, कुछ नहीं कर पाए हनुमा, गेंद पैड पर लगी और अंपायर ने सहर्ष उंगली खड़ी कर दी। हनुमा ने विराट से रिव्यू के बारे में पूछा लेकिन उन्होंने शायद मना कर दिया। हनुमा ने 53 गेंदों के संघर्ष में 20 रन बनाये।

पॉट्स ने फिर विराट कोहली को, भी पवेलियन की राह दिखाई। विराट बोल्ड हो गए, काफ़ी दुर्भाग्यपूर्ण तरीक़े से आउट। ऑफ़ स्टंप के बाहर की गेंद, गिरने के बाद बाहर जा रही थी, कोहली ने गेंद को छोड़ने के चक्कर में अपने बल्ले को हवा में लहराने का प्रयास किया लेकिन किनारा लग कर गेंद विकेट में लग गई, पोट्स की ख़ुशी का ठिकाना नहीं था। विराट 19 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए।

एंडरसन ने श्रेयस अय्यर को आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। शॉर्ट ऑफ़ लेंथ की गेंद, बिल्कुल प्लान के तहत, शरीर की दिशा में, श्रेयस थोड़ा सा शफ़ल करते हुए लेग साइड में गेंद को खेलना चाहते थे, गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और गई कीपर के बाईं तरफ़, कीपर सैम बिलिंग्स ने गोता लगाया और कमाल का कैच लपक लिया। अय्यर ने 11 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाये।

पांचवां विकेट 98 के स्कोर पर गिरने के बाद पंत और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला और 50 रन की साझेदारी कर डाली। पंत ने जैक लीच के पारी के 37वें ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा। पंत ने लीच के के एक और ओवर में चौका मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उनकी विषम परिस्थितियों में खेली गयी यह एक बेहतरीन पारी थी।

## सफेद गेंद क्रिकेट से कप्तानी में वापसी करेंगे रोहित, धवन और जडेजा वनडे टीम में

मुम्बई, 1 जुलाई वार्ता इंग्लैंड दौरे पर आगामी सीमित ओवर सीरीज़ के लिए रोहित शर्मा के कप्तान रहने की पुष्टि हो गई है। वह आयरलैंड में दो टी20 मैचों के लिए कप्तानी करने वाले हार्दिक पांड्या से कप्तानी लेंगे।

कोविड की वजह से रोहित एजबेस्टन टेस्ट नहीं खेल रहे हैं, जिसकी वजह से उन्हें पूरी तरह से ठीक होने का समय मिलेगा और वह सात जुलाई से साउथैंप्टन में होने वाले पहले टी20 से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। अगर वह टेस्ट के लिए उपलब्ध होते, तो पहले टी20 मैच में उनकी भागीदारी में उन्हें ज़्यादा आराम नहीं मिल पाता, पांचवें टेस्ट के अंतिम दिन से उन्हें 48 घंटे से भी कम समय मिलता।

विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा सभी एक जुलाई से पांचवें टेस्ट में खेलेंगे जिसकी वजह से ये सभी दूसरे और तीसरे टी20 में ही खेल पाएंगे। इसका मतलब है कि टीम में ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, वेंकटेश अय्यर और अनकैप्ड राहुल त्रिपाठी और अर्शदीप सिंह की जगह नहीं बनेगी, जो पहले टी20 में टीम का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम बनाने में जुटे भारतीय चयनकर्ताओं ने टी20 टीम में मोहम्मद शमी को नहीं चुना है। शमी ने आईपीएल 2022 में चैंपियन बनी गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लिए थे। उन्होंने सभी मैचों में भाग लिया और 8 की इकॉनमी और 24.40 की औसत से 20 विकेट निकाले।

आयरलैंड में डेब्यू करने वाले तेज़ गेंदबाज़ उमरान मलिक और इस दौरे पर दूसरे टी20 में शतक लगाने वाले दीपक हुड्डा ने अपनी जगह बनाए रखी है। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए अर्शदीप को पहली बार टीम में चुना गया है। टीम में शिखर धवन ने भी जगह बनाई है, जिनके रोहित के साथ ओपन करने की पूरी संभावना है। पिछले साल जुलाई में श्रीलंका के ख़िलाफ़ अपना पिछला वनडे खेलने वाले हार्दिक की भी टीम में वापसी हुई है।

फ़रवरी में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घर में हुई सीरीज़ में नहीं चुने गए शार्दुल ठाकुर भी टीम में चुने गए हैं, जबकि 2017 में अपना पिछला वनडे खेलने वाले अक्षर पटेल को भी टीम में जगह मिली है। अक्षर ने चोटिल वॉशिंगटन सुंदर की जगह ली है। वॉशिंगटन अपने हाथ की चोट से उबर रहे हैं और जुलाई में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलकर वापसी करेंगे। पिछली वनडे टीम का हिस्सा रहे कुलदीप यादव और दीपक चाहर चोट की वजह से नहीं चुने गए हैं। दोनों ही खिलाड़ी मौजूद समय में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब पर हैं। वहीं जडेजा भी 18 महीनों में अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं।

पहले टी20 के लिए टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युज़वेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश ख़ान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक

**दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, युज़वेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, आवेश ख़ान, हर्षल पटेल, उमरान मलिक

**वनडे सीरीज़ के लिए टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, इशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, युज़वेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

## सिंधु और प्रणय की चुनौती क्वार्टरफाइनल में समाप्त

कुआलालम्पुर, 1 जुलाई। पूर्व विश्व चैंपियन भारत की पीवी सिंधु और एच एस प्रणय का मलेशिया ओपन सुपर 750 सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। सिंधु को दूसरी सीड चीनी ताइपे की ताई जू यिंग के हाथों तीन गेमों में हार का सामना करना पड़ा जबकि प्रणय को सातवीं सीड इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने लगातार गेमों में हराया। सिंधु ने यह मुकाबला 53 मिनट में 21-13, 15-21, 13-21 से गंवाया। ताई जू यिंग ने इस जीत से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 16-5 कर लिया है।

## कप्तान की तुलना में गेंदबाज के तौर पर बुमराह की ज्यादा जरूरत : द्रविड़

बर्मिंघम, 1 जुलाई। भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को लगता है कि इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एकमात्र टेस्ट के दौरान 'मैच विजयी तेज गेंदबाज - जसप्रीत बुमराह' की जरूरत 'कप्तान के तौर पर जसप्रीत बुमराह' से अधिक होगी।

बुमराह शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अगुआई करने वाले 36वें खिलाड़ी बन गये और वह महान क्रिकेटर कपिल देव के बाद ऐसा करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज हैं। रोहित शर्मा की मैच में उपलब्धता के बारे में स्थिति स्पष्ट होने के बाद द्रविड़ ने युवा कप्तान बुमराह से कहा, "रिलैक्स रहो, हमें तुम्हारी जरूरत बतौर कप्तान से कहीं अधिक तेज गेंदबाज के तौर पर है। द्रविड़ ने आधिकारिक प्रसारक सोनी से कहा, "पिछले दो दिन में मैंने उससे कुछ बातें की हैं जिसमें मैंने उसे सिर्फ रिलैक्स रहने को कहा है। हमें कप्तान से ज्यादा तेज गेंदबाज के तौर पर आपकी ज्यादा जरूरत है। "

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि वह काफी समझदार है और खेल को बहुत अच्छी तरह समझता है। साथ ही टीम उसका सम्मान करती है जो कप्तान के तौर पर काफी अहम होता है। कपिल देव टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले अंतिम तेज गेंदबाज थे, जिसके बाद से भारत ने पारंपरिक क्रिकेट में कप्तानी के लिये किसी तेज गेंदबाज को नहीं चुना है।

द्रविड़ ने कहा, "गेंदबाजी बदलती है, क्षेत्ररक्षण बदलता है, निश्चित रूप से समय के साथ यह बेहतर ही होगा। यह नयी चुनौती है। तेज गेंदबाज के लिये कप्तानी करना आसान नहीं है, उसे अपनी गेंदबाजी के बारे में भी सोचना पड़ता है। उन्होंने कहा, "कप्तानी ऐसी चीज है जिसमें आप तभी महारत हासिल करते हो जब आप ज्यादा मैचों में कप्तानी करते हो।

द्रविड़ ने इंग्लैंड के बारे में बात करते हुए कहा, "इंग्लैंड और उनकी बल्लेबाजी शैली के बारे में काफी चर्चा चल रही है। मैं इसे देखने के लिये तैयार हूं। हमें अपनी तेज गेंदबाजी पर गर्व है। उन्होंने पूरी दुनिया में अच्छा प्रदर्शन किया है और मुझे लगता है कि यह दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। हमें प्रतिद्वंद्वी के बजाय खुद पर ध्यान देना चाहिए।

## इंग्लैंड के नए वनडे और टीम-20 कप्तान चुने गए बटलर

लंदन, 1 जुलाई। इयोन मॉर्गन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद जॉस बटलर को इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया हैं। 31 वर्षीय बटलर मॉर्गन के साढ़े सात सालों के कार्यकाल में कई बार टीम की कमान संभाल चुके हैं। उन्होंने नौ वनडे और पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में इंग्लैंड का नेतृत्व किया हैं।

भारत के ख़िलाफ़ सात जुलाई से शुरू हो रही टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ से बटलर बतौर नियमित कप्तान अपने कार्यकाल का शुभारंभ करेंगे। 25 दिनों के भीतर इंग्लैंड को छह वनडे और छह टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबले खेलने हैं। सफ़ेद गेंद क्रिकेट में टीम के प्रमुख कोच मैथ्यू मॉट के साथ बटलर का ध्यान इस साल ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के साथ-साथ अगले साल खेले जाने वाले वनडे विश्व कप पर भी होगा। इंग्लैंड मौजूदा वनडे चैंपियन है और टीम भारत में अपने ख़िताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी।

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के निदेशक रॉब की ने कप्तानी पद के लिए बटलर की सिफ़ारिश की थी और बुधवार को उनकी नियुक्ति हुई। रॉब ने कहा, "सफ़ेद गेंद की क्रिकेट में मॉर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में बटलर सबसे सही दावेदार हैं। वह एक दशक से हमारी टीम का हिस्सा रहे हैं और पिछले सात सालों में आक्रामक शैली अपनाने वाली टीम की महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरे हैं।"

## ऑस्ट्रेलिया का पहले टेस्ट में परफेक्ट 10

### श्रीलंका को पहले टेस्ट में तीसरे दिन 113 रन पर ढेर कर मुकाबला 10 विकेट से जीत शृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई

गाले, 1 जुलाई । नाथन लियोन (31 रन पर चार विकेट), ट्रेविस हैड (10 रन पर चार विकेट) और मिचेल स्वेप्सन (34 रन पर दो विकेट) की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पहले टेस्ट में तीसरे दिन शुक्रवार को 113 रन पर ढेर कर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 313 रन से आगे खेलते हुए 321 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने 109 रन की बढ़त बना ली।ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरी पारी में 113 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए पांच रन का लक्ष्य मिला जो उसने बिना कोई विकेट खोये 10 रन बनाकर हासिल कर लिया। श्रीलंका ने पहली पारी में 212 रन बनाये थे। दूसरी पारी में उसका प्रदर्शन ज्यादा खराब रहा और टीम 113 रन पर सिमट गयी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 77 रन बनाने वाले कैमरून ग्रीन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। श्रीलंका की दूसरी पारी में कप्तान दिमुथ करुणारत्ना ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में डेविड वार्नर ने चार गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 10 रन बनाकर मैच समाप्त कर दिया।

## हरमनप्रीत शांतचित्त रहती है जिससे फैसले लेने में मदद मिलती है : दीप्ति

पल्लीकल, 1 जुलाई। भारतीय महिला टीम की आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा का मानना है कि हर समय शांतचित्त रहने की कप्तान हरमनप्रीत कौर की क्षमता उन्हें मैदान पर फैसले लेने में मदद करती है ।

पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर हरमनप्रीत का यह पहला वनडे मैच था । दीप्ति के हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया। हरमनप्रीत की कप्तानी के बारे में पूछने पर दीप्ति ने कहा ," वह हमेशा शांतचित्त रहती है चाहे टी20 हो या वनडे। वह टीम की अगुवाई बखूबी कर रही है । शांत रहने से बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है और हम एक टीम के रूप में उसकी कप्तानी का आनंद ले रहे हैं ।" लंबे समय से कप्तान रही मिताली राज के संन्यास के बाद हरमनप्रीत को वनडे कप्तानी भी सौंपी गई ।

अपने प्रदर्शन के बारे में दीप्ति ने कहा ," हमें विकेट का अनुमान था और हमने साझेदारियों पर काफी मेहनत की । हमारी योजना प्रति ओवर तीन चार रन बनाने की थी और हमें पता था कि इसी तरह से साझेदारी बना सकेंगे ।" उन्होंने कहा ," मैने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर काफी मेहनत की है और नये शॉट्स शामिल किये हैं । मेरी भूमिका फिनिशर की है जो बदली नहीं है । जितना ज्यादा मैं फिनिशर का काम कर सकूंगी, टीम के लिये उतना अच्छा होगा ।"

## दीप्ति के हरफनमौला खेल से जीता भारत

पल्लेकेल, 1 जुलाई । प्लेयर ऑफ द मैच दीप्ति शर्मा (25/3 और नाबाद 22) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका को पहले वनडे में शुक्रवार को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। श्रीलंका ने 48.2 ओवर में 171 रन बनाये जबकि भारत ने 38 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी करना दोनों ही टीमों के लिए आसान नहीं रहा। टर्न लेती गेंदों पर स्पिनरों ने बल्लेबाजों को खूब नचाया। पहले रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा के तीन-तीन विकेटों की बदौलत भारतीय टीम ने श्रीलंका को 171 रनों पर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका की तरफ से नीलाक्षी डिसिल्वा ने सर्वाधिक 43 और हसिनी परेरा ने 37 रन बनाये। इसके बाद श्रीलंकाई स्पिनरों ने भी भारतीय बल्लेबाजों की अच्छी परीक्षा ली, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों का अनुभव काम आया। पहले शेफाली वर्मा ने 40 गेंदों में 35 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इसके बाद हरमनप्रीत (44) और हरलीन देओल (34) ने बेहतरीन साझेदारी करके भारत को मैच से बाहर नहीं होने दिया।

## सरकार ने टेबल टेनिस टीम के पुर्तगाल दौरे को मंजूरी दी, शरत करेंगे दल की अगुआई

नयी दिल्ली, 1 जुलाई। अनुभवी खिलाड़ी अचंता शरत कमल आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले तीन से 10 जुलाई तक पुर्तगाल दौरे पर 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे। टीम में पांच पुरूष और इतनी ही महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं जिनके साथ दो कोच रमन सुब्रमण्यम और अनिंदिता चक्रवर्ती जायेंगे। शरत के अलावा पुरूष टीम के अन्य सदस्य सानिल शेट्टी, गुणशेखरन साथियान, हरमीत देसाई और मानुष हैं। महिला टीम में श्रीजा अकुला, रीथ टेनिसन, मनिका बत्रा, दिया चिताले और स्वस्तिका घोष शामिल हैं। खेल मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय की मंजूरी के अधीन इस दौरे को मंजूरी दी। शरत कमल अपने पांचवें राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे और वह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।

# टेस्ट कप्तानी मेरे करियर की एक बड़ी उपलब्धि है : जसप्रीत बुमराह

बर्मिंघम, 1 जून। भारत के नए टेस्ट कप्तान जसप्रीत बुमराह काफ़ी उत्साहित नज़र आए। उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, एक बड़ा सम्मान है। मेरे लिए टेस्ट मैच खेलना एक सपना था और ऐसा मौक़ा मिलना शायद मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। मैं बहुत ख़ुश हूं कि मुझे यह मौक़ा दिया गया है।"

गुरुवार सुबह ही प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा के पॉज़िटिव पाए जाने के बाद बुमराह को कप्तान नियुक्त किए जाने की सूचना दी। बुमराह ने कहा, "हम रोहित (की रिपोर्ट की पुष्टि होने) का इंतज़ार कर रहे थे। आज (गुरुवार) सुबह भी हमने एक टेस्ट किया और वह उसमें पॉज़िटिव पाए गए। फिर कोच के साथ मेरी बातचीत हुई जिसके बाद उन्होंने कप्तानी की घोषणा की।"

आईसीसी की टेस्ट गेंदबाज़ों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर विराजमान बुमराह ने सबसे पहले यह ख़बर अपने परिवारजनों को सुनाई। "जब मुझे इस उपलब्धि के बारे में पता चला तो मैंने अपने परिवार को बताया। मैं ख़ुश हूं और उन्हें मुझ पर गर्व है। मुझे ख़ुद पर गर्व हो रहा है।" दिसंबर 2018 में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद से बुमराह भारतीय टीम की महत्वपूर्ण कड़ी बन चुके हैं। पटौदी ट्रॉफ़ी के पहले चार मैचों में 20.83 की औसत से 18 विकेट लेकर वह भारत की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे। वह एक साल बाद और अनुभवी हैं और श्रीलंका के ख़िलाफ़ भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ में उपकप्तान भी रह चुके हैं। उस समय बुमराह ने कहा था कि वह प्रेरित हैं और भविष्य में भारत का नेतृत्व करने की ज़िम्मेदारी से हिचकिचाएंगे नहीं।

अब कप्तान चुने जाने के बाद वह अतिरिक्त ज़िम्मेदारी के बारे में जानते हैं। उन्होंने कहा, "मेरे लिए कुछ बदलेगा नहीं, मुझे अब भी अपना काम करना है। आप अपना काम सही ढंग से करते हुए टीम को एकजुट रख सकते हो। मैं यही करना चाहता हूं। हमारे पास एक अच्छी और अनुभवी टीम है। साथ ही मेरी मदद करने के लिए कई लोग मौजूद हैं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहता हूं।"

## 34 वर्षीय रिचर्ड ग्लीसन ने पहली बार इंग्लैंड की टीम में बनाई जगह

लंदन, 1 जुलाई। लंकाशायर के 34 वर्षीय तेज़ गेंदबाज़ रिचर्ड ग्लीसन ने पहली बार इंग्लैंड की टीम में जगह बनाई है और भारत के ख़िलाफ़ अगले सप्ताह टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ में डेब्यू कर सकते हैं। ग्लीसन ने 27 वर्ष की उम्र में प्रथम श्रेणी में डेब्यू किया था। वह पीठ की चोट के कारण पिछले दो सीज़न में ज़्यादातर समय बाहर ही रहे। ग्लीसन ने इस साल टी20 ब्लास्ट में लंकाशायर लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। उन्होंने प्रत्येक मैच खेला और 20 विकेट चटकाए, जो इंग्लैंड के गेंदबाज़ों में संयुक्त रूप से सबसे अधिक था। इंग्लैंड के पूर्णकालिक सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में जॉस बटलर की पहली टीम में ग्लीसन सबसे उल्लेखनीय चयन हैं।

## नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में जीता रजत पदक

स्टॉकहोम, 1 जुलाई । ओलंपिक चैम्पियन भारत के नीरज चोपड़ा ने गुरूवार को प्रतिष्ठित डायमंड लीग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक जीता। हालांकि वह काफी करीब से 90 मीटर दूर भाला फेंकने से चूक गये। लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह इस साल इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

भारतीय सेना के सूबेदार नीरज पहली बार डायमंड लीग शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। 24 साल के एथलीट ने पहले ही प्रयास में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिससे वह महज छह सेंटीमीटर से 90 मीटर से चूक गय। इस दौरान उन्होंने अपने 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया जो उन्होंने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों में दूसरे स्थान पर रहकर बनाया था। नीरज के अन्य थ्रो 84.37 मी, 87.46 मी, 84.77 मी, 86.67 मी और 86.84 मी के रहे। चोपड़ा ने रजत पदक जीतने के बाद 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स' से कहा, "पहला थ्रो काफी अच्छा था, मुझे अच्छा लग रहा है। ऐसा नहीं था कि पहले थ्रो में ही करना है। 90 मीटर के काफी करीब था और लग रहा था कि कर दूंगा, पर अपना सर्वश्रेष्ठ किया तो अच्छा लग रहा है।

विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.31 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने यह दूरी तीसरे प्रयास में हासिल की। चोपड़ा ने कहा, मैं अब 90 मीटर के करीब हूं और इस साल मैं ऐसा कर सकता हूं। आज नहीं जीता लेकिन मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया। चोपड़ा अगस्त 2018 में ज्यूरिख में डायमंड लीग मीट में चौथे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने कहा,प्रतिस्पर्धा थी लेकिन मैं खुश हूं कि मेरे सभी थ्रो काफी अच्छे थे। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं लंबे समय बाद खेल रहा हूं और अगली प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। चोपड़ा की निगाहें 15 से 24 जुलाई तक अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी हुई हैं। विश्व चैम्पियनशिप में भारत का सिर्फ एक ही पदक है। लंबी कूद की महान एथलीट अंजू बॉबी जार्ज ने 2003 में कांस्य पदक से हासिल किया था।

## जमुना बोरो, अनंत चोपडे सहित 6 मुक्केबाज सेमीफाइनल में, 13 खिलाड़ियों ने पदक पक्के किये

नयी दिल्ली, 1 जुलाई। कजाकिस्तान की राजधानी नूर-सुल्तान में जारी इलोर्डा कप में भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। पहली बार आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को 2019 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली जमुना बोरो की अगुवाई में छह मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने लिए पदक पक्का किया।

जमुना बोरो (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान की ऐशागुल येलुबायेवा के खिलाफ अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान पूरी तरह से नियंत्रित खेल दिखाया। जमुना ने मजबूत कौशल दिखाते हुए 5-0 की आसान जीत के दौरान कई मौकों पर क्लीन पंच लगाए।

रोहतक निवासी 2017 की विश्व युवा चैंपियन ज्योति गुलिया (52 किग्रा) ने कजाकिस्तान की झांसाया राखीम्बर्दी का सामना किया। पहले राउंड के दौरान ज्योति ने अपनी विरोधी खिलाड़ी के खेल को समझने की कोशिश की और फिर जोरदार वापसी करते हुए अपनी जीत तय की। ज्योति ने अपनी गति, सटीक घूंसों के दम पर यह मुकाबला 4-1 से अपने पक्ष में करते हुए अपने लिए पदक सुरक्षित किया।

2016 में आयोजित विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर (57 किठाा) ने स्थानीय मुक्केबाज ज़ुल्दिज़ शायाखमेतोवा को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। इसी तरह अनंत चोपडे (54 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के अल्टिनबेक नूरसुल्तान को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया, जबकि सचिन (57 किग्रा) ने दूसरे राउंड में चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी ल्यू पिंग के चोटिल होने के बाद अंतिम -4 चरण में प्रवेश किया। इसी तरह, साक्षी (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान की मुजदीमान बलौसा को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर, अर्शी (52 किग्रा) और आरती (57 किग्रा) अपनी-अपनी कजाख प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 0-5 के अंतर से हार गईं।

पुरुष वर्ग में, आदित्य (67 किग्रा) ने मौजूदा एशियाई चैंपियन मंगोलिया के बातरसुख चिनजोरिग के खिलाफ बहुत साहसिक खेल दिखाया, लेकिन वह 0-5 के अंतर से यह मुकाबला हार गए। पवन (75 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के रेयस नूरकानाट के खिलाफ हार के साथ अपने अभियान का अंत किया।

गुरुवार की देर रात तीन भारतीय महिला मुक्केबाज गीतिका (48 किग्रा), ललिता (70 किग्रा) और बबीता (81 किग्रा) ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चार भारतीय मुक्केबाज, एस कलाईवानी (48 किग्रा), नीमा (63 किग्रा), अल्फिया (81 किग्रा) और जुगनू (92 किग्रा) सेमीफाइनल से ही अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के अब तक कुल 13 मुक्केबाज पदक सुरक्षित कर चुके हैं।

इस इवेंट में महिला वर्ग में भारत की दो टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत ने इस इवेंट के लिए 12 पुरुषों सहित 33 सदस्यीय दल कजाकिस्तान भेजा है। भारत के अलावा, टूर्नामेंट में उज्बेकिस्तान, मेजबान कजाकिस्तान, क्यूबा, चीन और मंगोलिया जैसे मुक्केबाजी में मजबूत माने वाले देशों की उपस्थिति देखी जा रही है। इस टूर्नामेंट के चैंपियन मुक्केबाज को 700 अमेरिकी डॉलर जबकि रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 400 अमेरिकी डॉलर और 200 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।

# डी.आर.डी.ओ. के मानवरहित डिमॉन्स्ट्रेटर विमान की पहली उड़ान सफल रही

## इसे ऑटोमैटिक विमान टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में डी.आर.डी.ओ. और भारत की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है



*अनमैन्ड एयरपक्राफ्ट आने वाले समय में वॉर और डिफैन्स की पहली सीढ़ी माने जा रहे हैं। शुक्रवार को डी.आर.डी.ओ. निर्मित पूर्णतः स्वदेशी अनमैन्ड (मानवरहित ) डिमॉन्स्ट्रेटर एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान पूरी तरह से सफल रही। इस अनमैन्ड एयरक्राफ्ट ने पूरी तरह ऑटोमैटिक मोड में उड़ान भरते हुए टेक-ऑफ, वे पॉइंट नैविगेशन आदि का शानदार प्रदर्शन किया और आसानी से टचडाउन भी किया। इसे रक्षा क्षेत्र में भारत और डी.आर.डी.ओ. की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उत्कृष्ट योगदान के लिए डी.आर.डी.ओ. को बधाई दी है।*

नई दिल्ली, 1 जुलाई। डिफैंस रिसर्च एण्ड डवलपमैंट ऑर्गनाइजेशन (डी.आर.डी.ओ.) उपलब्धियों में शुक्रवार को एक और नाम जुड़ गया। डी.आर.डी.ओ.ने शुक्रवार को ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टैक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर अर्थात मानवरहित विमान की पहली उड़ान का कर्नाटक के चित्रदुर्ग में स्थित वैमानिकी परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस विमान ने पूरी तरह ऑटोमैटिक मोड में उड़ान भरते हुए टेक-ऑफ, वे पॉइंट नेविगेशन आदि का शानदार प्रदर्शन किया और आसानी से टचडाउन भी किया।

इस विमान की यह उड़ान भविष्य के मानव रहित विमानों के विकास की दिशा में जरूरी तकनीक को साबित करती है। इसके साथ ही स्ट्रैटिजिक डिफेंस टेक्नॉलजी की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम है। इस मानव रहित विमान को बेंगलुरु के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान ने डिजाइन और डिवेलप किया है। कर्नाटक की ए.डी.ई., डी.आर. डी.ओ. की एक प्रमुख रिसर्च लैबोरेट्री है। यह विमान एक छोटे टर्बोफैन इंजन द्वारा ऑपरेट होता है।

- **इस विमान ने पूरी तरह ऑटोमैटिक मोड में उड़ान भरते हुए टेक-ऑफ, वे पॉइंट नेविगेशन आदि का शानदार प्रदर्शन किया और आसानी से टचडाउन भी किया।**
- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डी.आर.डी.ओ. को बधाई दी और कहा कि, यह कदम भारत की रक्षा क्षेत्र में और मजबूती बढ़ायेगा।**

खास बात यह है कि इस विमान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एयरफ्रेम, अंडर कैरिज और संपूर्ण उड़ान नियंत्रण और एवियोनिक्स सिस्टम स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। इस तरह से देखा जाए तो यह मिलिट्री टेक्नालॉजी की दिशा में भारत का एक बड़ा कदम है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डी.आर.डी.ओ. के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने इस प्रणाली के डिजाइन, विकास और परीक्षण से जुड़ी टीमों के प्रयासों की सराहना की।

बड़ी खबर कन्हैयालाल के हत्यारों ने खोले कई खौफनाक राज, एक और हत्या का था प्लान!

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डी.आर.डी.ओ. को बधाई देते हुए कहा कि, यह ऑटोनॉमस एयरक्राफ्ट की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है और इससे महत्वपूर्ण मिलिट्री सिस्टम्स के रूप में 'आत्मनिर्भर भारत' का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यह हमारी सैन्य प्रौद्योगिकी की उन्नति की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मानिर्भर भारत के सपने को पूरा करता है।

### हत्यारे हाई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रियाज अजमेर ल ाया गया। यहां उन्हें जेल के अन्दर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में अलग-अलग गहन बैरकों में रखा गया है।

# राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा को मिल गया अकाली दल का साथ

## शिरोमणी अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने एन.डी.ए. को राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की

नई दिल्ली, 1 जुलाई। भाजपा और शिरोमणि अकाली दल अब राष्ट्रपति चुनाव में एक-दूसरे के साथ आ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिरोमणि अकाली दल ने शुक्रवार को कहा कि, वह राष्ट्रपति चुनाव में नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगा। गौरतलब है कि, किसान कानून के पास होने तक शिरोमणि अकाली दल भी एन.डी.ए. के हिस्से के तौर पर बीजेपी का सहयोगी था। पंजाब विधानसभा चुनावों में अभी 4 महीने पहले एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रही थीं। उन चुनावों में दोनों पार्टियों को कोई खास सफलता नहीं मिली थी।

भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मुर्मू के समर्थन के लिए शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से बात की थी, जिसके एक दिन बाद पार्टी ने यह फैसला किया। अकाली दल ने कृषि कानूनों को लेकर बीजेपी से नाता तोड़ लिया था। इन कानूनों को केंद्र की मोदी सरकार ने वापस ले लिया था।

- **पंजाब विधानसभा चुनावों में अभी 4 महीने पहले ही दोनों दल एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे थे। उन चुनावों में दोनों पार्टियों को कोई खास सफलता नहीं मिली थी।**

बादल ने कहा, 'हमने सर्वसम्मति से राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का फैसला किया है।'

कृषि कानूनों और सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दों का हवाला देते हुए बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के साथ कई मतभेद हैं, लेकिन अकाली दल ने हमेशा समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, यह मुद्दा एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली महिला का है और उन्हें राष्ट्रपति बनने का मौका मिल रहा है।'

सुखबीर बादल ने कहा, 'अपने राजनीतिक मतभेदों को अलग रखते हुए, हमने सही रास्ता चुनने का फैसला किया है।

अकाली दल का इतिहास बताता है कि उसने हमेशा गरीबों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्ग के लिए लड़ाई लड़ी। कोर कमेटी की बैठक में लगभग 3 घंटे तक विचार करने के बाद हमने सर्वसम्मति से फैसला किया कि हम मुर्मू का समर्थन करेंगे।'

### शर्म...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उठाना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने आज हममें से उस प्रत्येक व्यक्ति के प्रण को मजबूत किया है, जो इन विध्वंसात्मक विभाजनकारी विचारधाराओं से लड़ रहा है।''

जयराम ने आगे कहा कि ''राजनीतिक लाभ के लिए देश को अव्यवस्था में धकेलने वाली और किसी भी तरह की राष्ट्र विरोधी ताकतों के ध्रुवीकरण के विरूद्ध अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपनी लड़ाई कभी खत्म नहीं करेगी और सभी भारतीय उनके उद्दण्डात्मक कार्यों का मुकाबला करें।''

कांग्रेस के अधिकारिक ट्विटर हैण्डिल ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भाजपा सरकार के चेहरे पर एक तमाचे की संज्ञा दी।

कोर्ट द्वारा नुपूर शर्मा से क्षमा मांगने की बात कहने पर कांग्रेस ने प्रश्न किया कि, क्या भाजपा अध्यक्ष, केन्द्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री को निरंतर साम्प्रदायिक घृणा फैलाने के लिए देश से माफी नहीं मांगनी चाहिए।''

# नूपुर शर्मा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी वापस लेने के लिए याचिका

## सामाजिक कार्यकता अजय गौतम ने कहा है कि, कोर्ट की ऐसी टिप्पणी से नूपुर शर्मा की जान को खतरा और बढ़ गया है

नई दिल्ली, 1 जुलाई। सामाजिक कार्यकर्ता अजय गौतम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें गौतम ने सुप्रीम कोर्ट से सुनवाई के दौरान नूपुर शर्मा के लिए की गई टिप्पणी को वापस लेने की मांग की है। सी.जे.आई. को भेजी याचिका में कहा गया है कि इससे नूपुर को जान का खतरा है। सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि नूपुर शर्मा को टीवी पर देश से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। उदयपुर की घटना के लिए भी उनका बयान ही जिम्मेदार है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में नूपुर शर्मा की ओर से याचिका दायर की गई थी। जिसमें मांग की गई कि उनके खिलाफ दर्ज केस देश के विभिन्न हिस्सों में दर्ज हैं। क्योंकि उनकी जान को खतरा है इसलिए उनका केस दिल्ली में ट्रांसफर किया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि इसे पहले हाई कोर्ट में दायर किया जाना था।

- **गौरतलब है कि, सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा मामले में टिप्पणी की है कि, देश के साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने के लिए नूपुर शर्मा का बयान ही जिम्मेदार है उन्हें टी.वी. पर आकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिये।**

अब सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अजय गौतम की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि नूपुर शर्मा केस में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को वापस लिया जाना चाहिए। याचिका में इसके पीछे तर्क दिया गया है कि इससे नूपुर शर्मा की जान को खतरा है। उन्हें फेयर ट्रायल का मौका मिलना चाहिए।

### ''रियल'' शिव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सकता था। उस वक्त शिवसेना अधिकारिक रूप से आपके साथ थी। यह सी.एम. शिवसेना का सी.एम. नहीं है। जब शिवसेना वहां है ही नहीं तो शिवसेना का सी.एम. कैसे हो सकता है।'' शिंदे सरकार के पहले निर्णय पर टिप्पणी करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ''मेरा गुस्सा मुम्बईवासियों पर मत निकालिए।

मैट्रो शैड का प्रस्ताव मत बदलिए। मुम्बई के पर्यावरण के साथे खिलवाड़ मत कीजिए। यदि आप मुझ पर गुस्सा हैं तो मुझे चोट पहुंचाएं, मुम्बई और पर्यावरण को नहीं। कांजुरमार्ग पर मैट्रो 3 कारशैड के प्रस्ताव पर विचार करें। आरे में कारशैड बनाने पर जोर ना दें।''

सूत्रों ने बताया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, दोनों ने शिंदे से वादा किया है कि उन्हें शिवसेना की विरासत संभलवाने का हर संभव प्रयत्न किया जाएगा। तथापि, विशेषज्ञों का कहना था कि यह काम इतना आसान नहीं है, क्योंकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का केस मजबूत है।

जहां यह बात सही है कि, शिवसेना के विधायी भाग में शिंदे को बढ़त प्राप्त है, क्योंकि पार्टी के दो तिहाई विधायक उनके साथ हैं, लेकिन पार्टी के अधिकारिक सदस्य बहुत भारी संख्या में ठाकरे के साथ हैं और पार्टी संगठन पर उनका पूर्ण नियंत्रण है।

भाजपा, चार माह बाद होने जा रहे बृहन्मुम्बई म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (बी.एम.सी.) के चुनाव हर हाल में जीतना चाहती है और इस प्रतिष्ठित निकाय पर, जिसका बजट करोड़ों में हैं, शिवसेना का दबदबा खत्म करने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

यह एक मजबूत कारण था कि, भाजपा ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया और देवेन्द्र फड़नविस को उप मुख्यमंत्री बनने के लिए बाध्य किया।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यह भली भांति जानता है कि, जब तक बी.एम.सी. पर उद्धव ठाकरे का नियन्त्रण समाप्त नहीं हो जाता, तब तक मुम्बई पर उसका नियन्त्रण स्थापित नहीं हो सकता। उद्धव, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लिए हमेशा से आंख की किरकिरी रहे हैं, खासतौर से मोदी और शाह के लिए, किन्तु ठाकरे के नेतृत्व वाली एम.वी.ए. सरकार के ढाई वर्ष के शासनकाल में ठाकरे तथा मोदी-शाह के बीच शत्रुता और गहरी ही हुई है। महाराष्ट्र की राजनीति एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, और जो भी शिवसेना का वास्तविक सुप्रीमो बनकर उभरेगा वो इसे दिशा देगा।

# 18 बीमा यूनियन्स ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता)। सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों में 18 ट्रेड यूनियनों और संघों के संयुक्त फोरम ने कहा है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है तथा बीमा क्षेत्र के 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य कर रही है।

बीमा कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चे उत्तरी क्षेत्र के संयोजक त्रिलोक सिंह ने बताया कि गुरुवार को इस संबंध में कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई है जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया गया और सरकार यदि मांग नहीं मानती है तो 11 जुलाई से बीमा क्षेत्र के 50 हजार से अधिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

- **बीमा कर्मियों की ट्रेड यूनियन्स का दावा है कि, इस हड़ताल में 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी हिस्सा लेंगे।**

कर्मचारी नेता ने कहा कि 30 जून को हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि कर्मचारी संघों के सभी घटकों की 11 जुलाई को फिर बैठक होगी जिसमें स्थिति की समीक्षा कर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बीमा क्षेत्र की कंपनियों में लगभग 58000 कर्मचारी और अधिकारी हैं। कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में मुख्य प्रबंध निदेशकों के कार्यालयों के समक्ष छह जुलाई को धरना प्रदर्शन करेंगे जिसमें न्यू इंडिया इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस,नेशनल इंश्योरेंस, ओरिएंटल बीमा कंपनी सहित सभी इंश्योरेंस कंपनियों के कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

### छोटी पार्टियों को उनकी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और बिहार में क्षेत्रीय दलों के कंधों पर सवारी करने वाली भगवा पार्टी की यात्रा सफल रही। इन दोनों ही राज्यों में भाजपा बड़ी सहयोगी है। दूसरी और इस संबंध में कांग्रेस का अनुभव निराशाजनक रहा है।

उसके सहयोगियों की शक्ति में जहां इज़ाफा हुआ है, वहीं कांग्रेस स्वयं हाशिए पर आने की स्थिति का उत्तरोत्तर सामना करती रही है। भाजपा ने जहाँ राज्य में अपना संगठनात्मक ढांचा मज़बूत करने के विचार से गठबन्धर किए हैं वहीं, कांग्रेस भाजपा को सत्ता से बाहर करने के विचार के साथ ही प्रायः गठबन्धन करती आयी है। मतदान विशेषज्ञ डैनियल फ्रांसिस के अनुसार ''कांग्रेस की इन रणनीतियों का उल्टा असर हुआ है।''

# देश की पहली फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना शुरु हुई

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना का संचालन पूरी तरह से शुरू हो गया है।

एन.टी.पी.सी. ने तेलंगाना के रामागुंडम में एक जुलाई मध्यरात्रि से 100 मेगावाट तैरती सौर पीवी परियोजना में से 20 मेगावाट क्षमता के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा की है। इसी के साथ ही रामागुंडम में 100 मेगावाट की सौर पीवी परियोजना के संचालन के साथ दक्षिणी क्षेत्र में तैरती सौर क्षमता का कुल वाणिज्यिक संचालन बढ़कर 217 मेगावाट हो गया।

उर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रामागुंडम में 100 मेगावाट की तैरती सौर परियोजना उन्नत तकनीक के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल विशेषताओं से सम्पन्न है। मेसर्स भेल के माध्यम से ई.पी.सी. (इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण) अनुबंध के रूप में 423 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना जलाशय के 500 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। यह परियोजना 40 खंडों में विभाजित हैं और इनमें से प्रत्येक की क्षमता 2.5 मेगावाट है। प्रत्येक खंड में एक तैरता प्लेटफॉर्म और 11,200 सौर मॉड्यूल की एक सरणी होती है। तैरते प्लेटफॉर्म में एक इन्वर्टर, ट्रांसफॉर्मर और एक एच.टी. ब्रेकर होता है। सौर मॉड्यूल एच.डी.पी.ई. (उच्च घनत्व पॉलीथीन) सामग्री से निर्मित फ्लोटर्स पर रखे जाते है।

- **तमिलनाडु के रामागुंडम के एक जलाशय के 500 एकड़ क्षेत्र में इस 100 मेगावॉट की सोलर परियोजना का संचालन किया जा रहा है**
- **यह परियोजना 40 खण्डों में विभाजित है और इनमें से प्रत्येक की क्षमता 2.5 मेगावाट है। प्रत्येक खण्ड में एक तैरता प्लेटफॉर्म और 11,200 सौर मॉड्यूल की एक सारणी होती है।**

उन्होंने बताया कि तैरते रहने वाली इस पूरी प्रणाली (फ्लोटिंग सिस्टम) को विशेष एच.एम.पी.ई. (हाई मॉड्यूलस पॉलीइथाइलीन) रस्सी के माध्यम से संतुलित जलाशय क्षेत्र (बैलेंसिंग रिजरवायर बेड) में रखे गए कुल भार तक लंगर डाला जा रहा है।

### 'नूपुर शर्मा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

डिबेट में देखा कि, वे कितनी उत्तेजित थीं। लेकिन जिस तरह से उन्होंने यह सब कहा और बाद में यह भी कहा कि वो एक वकील हैं, बहुत लज्जाजनक है। ......उन्हें टी.वी. पर जाना चाहिये था तथा देश से माफी माँगनी चाहिये थी।''

27 मई को टी.वी. पर हुई उक्त बहस वाराणसी-स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के विषय पर थी। उस टी.वी. डिबेट की कड़ी आचोलना करते हुये, न्यायमूर्ति कांत ने पूछा, उस टी.वी. चैनल ने न्यायालय में विचाराधीन विषय चुना ही क्यों था। जब बैंच को यह बताया गया कि, नूपुर शर्मा ने अपनी टिप्पणी एंकर के प्रश्न के जवाब में की थी, तो जज ने कहा कि, ऐसी स्थिति में होस्ट (बहस का आयोजक टी.वी. चैनल) के खिलाफ भी मुकदमा दायर होना चाहिये था।

नूपुर शर्मा के सीधे सर्वोच्च न्यायालय पहुँचने के संदर्भ में बोलते हुये, जज ने कहा: ''याचिका से भी उनके अहंकार की गंध आ रही है कि, देश के मजिस्ट्रेट उनके आगे बहुत तुच्छ हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''जब आप अन्य लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दायर करते हैं तो उन्हें तुरन्त गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन जब एफ.आई.आर. आपके खिलाफ है तो किसी में आपको छूने तक की हिम्मत नहीं है।''

उन्होंने कहा कि, जब मुम्बई पुलिस 17 जून को उनसे पूछताछ करने दिल्ली आई तो पुलिस को वे नहीं मिल सकीं क्योंकि वे गायब हो गई थीं और इस सब के बाद, वे अदालत से यह राहत चाहती हैं कि सभी एफ.आई.आर. जोड़ दी जायें।

# 'राज्यों का केन्द्र पर 75 हजार करोड़ रु. से ज्यादा का राजस्व बकाया हो चुका है'

## कांग्रेस ने कहा है कि, जी.एस.टी के अविकसित और अस्पष्ट स्वरूप के कारण केन्द्र व राज्यों के बीच मतभेद और बढ़ते जा रहे हैं

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि वस्तु एवं सेवाकर-जी.एस.टी. से पिछले पांच साल में अर्थव्यवस्था को क्षति पहुंची है और सरकार को इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और इसको सरल बनाने के लिए संसद में इस पर विस्तार से चर्चा करानी चाहिए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम तथा पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज सरकार जी.एस.टी. के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रही है लेकिन इस नई प्रणाली की खामियों के वजहों से इन पांच सालों में देश को नफे की बजाय भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. से केंद्र तथा राज्यों के बीच परस्पर विश्वास कम हुआ है और राज्यों का केंद्र पर 75 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व बकाया हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. से देश की अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ की भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्योग-एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की इकाइयां बर्बाद हो रही हैं। इकाइयों के बंद होने से बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गये हैं।

चिदम्बरम ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह का जी.एस.टी. लागू किया है उसमें जो नियम बनाए गये हैं उनके कारण कोई भी राज्य जी.एस.टी. संग्रह का काम अच्छी तरह नहीं कर पा रहा है। इसके नियम टेढ़े हैं जबकि उन्हें सरल होना चाहिए। केंद्र को इस कर प्रणाली को लागू करते समय राज्यों को सहूलियत को भी देखना चाहिए लेकिन उसने इसे नजरअंदाज किया है।

कांग्रेस के दोनों नेताओं ने कहा कि जी.एस.टी. अधूरा है और यही वजह है कि इसके नियमों में बराबर सुधार करने की जरूरत पड़ रही है। आधे अधूरे ढंग से तैयार जी.एस.टी. के नियमों के कारण लोगों की दिक्कतें बढ रही है और इसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। देश में बड़ी संख्या में एम.एस.एम.ई. में काम करने वाले लोगों और उनके परिवारों संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. को सरल बनाने की जरूरत है और इसके लिए सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और संसद में इस पर चर्चा करवाकर इसमें बुनियादी बदलाव किये जाने की जरूरत है। उनका कहना था कि जी.एस.टी. में सही सुधार तब ही हो सकता है जब सभी दलों को इस पर चर्चा के लिए सरकार बुलाए। यदि सरकार जी.एस.टी. पर सर्वदलीय बैठक करती है तो देश को एक सही और सटीक जी.एस.टी. मिल सकता है।

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं जयराम रमेश और पी. चिदम्बरम ने प्रैस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, जी.एस.टी. में रही खामियों एवं सुधार के लिए इस पर संसद में चर्चा कराये जाने की आवश्यकता है।**
- **जयराम रमेश ने कहा कि, केन्द्र सरकार जी.एस.टी. के क्रियान्वयन के पांच साल पूरा होने का जश्न मना रही है, लेकिन जब तक इसकी खामियां दूर नहीं होती यह जश्न अधूरा है।**

भारत में आजादी के बाद अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में सबसे बड़े सुधार के तहत लम्बी चर्चाओं के बाद एक जुलाई 2017 को जी.एस.टी. लागू किया गया था और जी.एस.टी. अधिनियम के तहत केंद्रीय वित्तमंत्री की अध्यक्षता में एक सर्वाधिकार संपन्न जी.एस.टी. परिषद गठित की गई है जिसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों को स्थान दिया गया है और परिषद के अब तक के प्रायः सभी निर्णय सर्व सम्मति से हुए हैं। चिदम्बरम और रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने आज के दिन पांच साल पहले जिस जी.एस.टी. को लागू किया था वह पूर्ववर्ती सरकार की सिफारिशों वाला जी.एस.टी. नहीं था। पांच साल में जी.एस.टी. अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में पूरी तरह से बेअसर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रणाली से केवल बड़ी कंपनियों, चार्टर्ड एकाउंटेंटों तथा जी.एस.टी. वकीलों को ही फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. के कारण सबसे ज्यादा नुकसान एम.एस.एम.ई. को ही हुआ है। कांग्रेस नेताओं यह भी याद दिलाया कि उनके नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने जिस जी.एस.टी. लागू करने का प्रस्ताव किया था उसका उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी ने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपना रुख बदल दिया और जी.एस.टी. को सबसे अच्छी कर प्रणाली बताते हुए आधी संसद बुलाकर इसे लागू कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने जो जी.एस.टी. प्रणाली दी है उसमें स्थिरता का अभाव है। पिछले पांच साल में जी.एस.टी. परिषद ने जो काम किया है उसमें पूरी तरह से प्रधानमंत्री कार्यालय का वर्चस्व रहा है और वहां से जो फरमान आता वही लागू होता रहा है। जी.एस.टी. परिषद में राज्यों की सुनवाई नहीं होती है और उनकी बातों को नजरअंदाज किया जाता है। जी.एस.टी. के तहत राजस्व क्षति पूर्ति व्यवस्था को और आगे तक बढाए जाने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन जी.एस.टी. परिषद की हाल की बैठक में इस मुद्दे पर विचार तक नहीं किया गया। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने जी.एस.टी. लागू करते समय राज्यों को राजस्व में एक न्यूनतम स्तर से कम की वृद्धि होने पर क्षतिपूर्ति करने की कानूनी गारंटी प्रदान की थी। यह गारंटी पांच साल के लिए की थी और इसकी अवधि जून 2022 में पूरी हो गई। इसके लिए विशेष जी.एस.टी. उपकर लागू करने की व्यवस्था की गई है।

### इसाईयों के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में शारीरिक बर्बरता एवं चर्चों को बंद किये जाने के मामले सामने आये हैं।

### राष्ट्रपति पद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्णय लेने से पहले, विपक्ष के साथ विचार-विमर्श किया होता तो विपक्ष ने भाजपा के इस चयन (मुर्मू) का निश्चित रूप से समर्थन किया होता क्योंकि वे आदिवासी होने के साथ ही, महिला भी हैं। ऐसा लगता है, मानो ममता के लिये आदिवासी तथा महिला-दोनों के संयोग से बेहतर संयोग कोई और है ही नहीं। लेकिन, जैसी राजनेता वो हैं, चुनावी गणित उनकी समझ में जल्दी और आसानी से आ जाता है तथा उन्होंने चुनावी गणित के हिसाब से ही अपनी प्रतिक्रिया दी है।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908